आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया 03:47 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शनिवार, 14 जून 2025
वर्ष 35, अंक 138, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



एम्स स्वास्थ्य सेवा नवाचार, शिक्षा का केंद्र 12
कई देशों के विदेश मंत्रियों के संपर्क में जयशंकर 14

## एक नजर

### परिषदीय विद्यालयों में 30 तक ग्रीष्मावकाश

**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 15 दिन बढ़ा दिया गया है। विद्यालय अब 30 जून तक बंद रहेंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। भीषण गर्मी के चलते यह फैसला लिया गया है। वहीं शिक्षकों और कर्मचारियों को 16 जून से तय समय सारिणी से ही स्कूल आना होगा। सचिव की ओर से जारी पत्र के अनुसार परिषदीय विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश था जिसे 30 जून तक बढ़ाया गया है।

### ओडिशा में दो नक्सली कमांडर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और ओडिशा पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त अभियान में मलकानगिरी जिले के जंगलों में मुठभेड़ के बाद दो नक्सली कमांडरों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि कांगेरघाटी क्षेत्र के एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) केसा कवासी (32) और आंध्र-ओडिशा सीमा माओवादी सैन्य प्लाटून के एसीएम राकेश (30) को सुरक्षा बलों ने उक्त जिले के सोडिगुडा और तेंतुलीगुडा गांवों के निकट से गिरफ्तार किया।

### सीबीआई ने साइबर अपराधी को दबोचा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एक साइबर अपराधी गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है जो लोगों को धोखाधड़ी की साजिश में फंसाने के लिए सिम कार्ड मुहैया कराता था। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि धोखाधड़ी की इस साजिश के तहत आरोपियों ने प्रतिष्ठित सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों को लोगों को रियायती दरों पर बेचने की पेशकश की।

# ब्लैक बॉक्स मिला, एनआईए ने शुरू की जांच

**अहमदाबाद में विमान हादसा**

## प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर ली जानकारी, घायलों से मिलकर दी सांत्वना

## शवों की कराई जा रही डीएनए जांच, गुजरात के पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान नहीं

**अहमदाबाद, एजेंसी**

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने शुक्रवार को कहा कि एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। विमान का ब्लैक बॉक्स बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में एक इमारत की छत से बरामद किया गया। वहीं, एनआईए और अन्य केंद्रीय एजेंसियों ने भी अहमदाबाद पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जांच में सहयोग के लिए ब्रिटेन, अमेरिका के दल भी पहुंचे हैं। उधर, हादसे में मारे गए लोगों में से 6 की पहचान के बाद उनके शव परिजनों को सौंप दिए गए जबकि अन्य शवों की पहचान के लिए डीएनए जांच की जा रही है। हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के शव की भी पहचान नहीं हो सकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने विमान हादसे में घायल हुए लोगों से भी अस्पताल में मुलाकात की।

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग-787 विमान एआई 171 हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद ही बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।



दुर्घटनास्थल पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने विमान हादसे के बारे में जानकारी ली।

एक अधिकारी ने बताया कि ब्लैक बॉक्स आवासीय परिसर में एक इमारत की छत से बरामद किया गया। एएआईबी ने कहा कि हमने जांच का काम तुरंत काम शुरू कर दिया। राज्य सरकार के 40 से अधिक कर्मचारियों ने दुर्घटनास्थल पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय की टीमों के साथ जांच में भाग लिया। छत से डीएफडीआर (ब्लैक बॉक्स) बरामद कर लिया गया है। ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण है जो उड़ान के दौरान विमान के बारे में जानकारी रिकॉर्ड करता है। यह विमानन दुर्घटनाओं की जांच में मदद करता है।

वहीं, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने शुक्रवार को अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया। लंदन के लिए रवाना हुआ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई171) विमान गुरुवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मेघाणी नगर क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें यात्री और चालक दल के सदस्यों समेत 280 से अधिक लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में केवल एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी।

दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद में उस जगह पहुंचे जहां गुरुवार को एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। प्रधानमंत्री ने विमान हादसे में घायल हुए लोगों से भी मुलाकात की। हादसे में मारे गए लोगों में से छह की शिनाख्त करने के बाद शुक्रवार को उनके शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए। एक अधिकारी ने बताया कि अन्य शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल है इसलिए उनकी शिनाख्त के लिए डीएनए जांच की जा रही है। प्रधानमंत्री सुबह यहां सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे पर पहुंचे और वहां से सीधे मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने करीब 20 मिनट दुर्घटना स्थल का मुआयना किया। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने प्रधानमंत्री को विमान के मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जानकारी दी। उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी थे। मोदी ने विमान दुर्घटना में घायल हुए लोगों से सिविल अस्पताल में मुलाकात की। उन्होंने एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश से भी मिले। प्रधानमंत्री ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री वियज रूपाणी के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। रूपाणी दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार थे। मोदी ने अहमदाबाद हवाईअड्डे के पास गुजरात राज्य विमानन अवसंरचना कंपनी लिमिटेड के दफ्तर में प्रदेश के और नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की।

### ड्रीमलाइनर विमानों की सुरक्षा जांच के आदेश



**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का शुक्रवार को आदेश दिया। डीजीसीए के विस्तृत निरीक्षण के तहत टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान की विभिन्न प्रणालियों की जांच और 'टेक-ऑफ' (उड़ान भरने संबंधी) मापदंडों की समीक्षा की जाएगी। एयर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया को जीईएनएक्स इंजन से लैस अपने बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव कार्रवाई करने का तत्काल प्रभाव से निर्देश दिया है। ये कार्रवाई डीजीसीए के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के समन्वय से की जाएंगी। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार दोपहर उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार 242 लोगों में से केवल एक व्यक्ति जीवित बचा। नियामक ने 15 जनवरी से बोइंग 787 विमानों की विभिन्न एकबारगी जांच के आदेश दिए हैं।

### मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं कैसे बच गया

- विमान में एकमात्र जिंदा बचे यात्री रमेश की आपबीती



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रहे एयर इंडिया की दुर्घटनाग्रस्त उड़ान एआई 171 के एकमात्र जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश ने कहा कि उन्हें अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि कैसे वह चमत्कारिक रूप से उस हादसे में बच गए हैं जिसमें 280 से अधिक लोगों की जान चली गई है। ब्रिटिश नागरिक रमेश ने कहा कि उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद ही रुक गया तथा हरी और सफेद बत्तियां जल उठीं। दूरदर्शन को दिए साक्षात्कार में लीसेस्टर निवासी रमेश ने कहा कि यह सब मेरी आंखों के सामने हुआ। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं कैसे बच गया। उन्होंने कहा, एक पल के लिए मुझे लगा कि मैं मरने वाला हूं, लेकिन जब मेरी आंखें खुलीं तो मैं जीवित था। मैंने सीट से अपनी बेल्ट खोली और बाहर निकल आया। रमेश ने कहा कि मेरी आंखों के सामने एयरहोस्टेस और अंकल-आंटियों की मौत हो गई। एक मिनट के भीतर ऐसा लगा कि विमान रुक गया है... और विमान एक इमारत से टकरा गया। रमेश विमान की सीट संख्या 11ए पर बैठे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती रमेश से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा।

# इजराइल ने ईरानी परमाणु केंद्रों पर मिसाइलें दागीं

## 200 फाइटर जेट से मचाई तबाही, जवाब में ईरान ने भी 100 बैलेस्टिक मिसाइलें दागीं

- ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड प्रमुख मिसाइल कार्यक्रम के संचालक और सैन्य प्रमुख भी मारे गए

**दुबई, एजेंसी**

इजराइल ने ईरान के परमाणु केंद्रों को निशाना बनाते हुए शुक्रवार को ताबड़तोड़ 200 लड़ाकू विमानों से हमला बोल दिया, जिसमें तीन शीर्ष सैन्य अफसरों व 20 ईरानी कमांडर सहित 78 की मौत हो गई। इजराइल ने हमला सुबह के समय राजधानी तेहरान पर किया।

वहीं 24 घंटे के भीतर इजराइल ने फिर से हमला बोला जिसमें परमाणु केंद्रों को ही निशाना बनाया गया। हमले के जवाब में ईरान ने भी 100 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला बोला, इनमें से कई को इजराइल प्रतिरक्षा प्रणाली ने नष्ट कर दिया। इन हमलों से पश्चिम एशिया के दो कट्टर विरोधी मुल्कों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इजराइल के मुताबिक उसने पूर्वी अजरबैजान प्रांत में 11 सैन्य स्थलों पर हमले किए उनके कई सैन्य कमांडरों को मारे जाने की बात कही। यह हमला ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा तनाव के मध्य हुआ है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने हमले के बाद कहा कि इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी। इजराइल के हमले में ईरान के अर्द्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी और गार्ड के मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हजीजादेह तथा सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी भी मारे गए।

(संबंधित पेज-14)



ईरान के तेहरान शहर में विस्फोट के बाद उठता धुआँ। ● एजेंसी

### ईरान समझौता करे या विनाश का सामना : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह परमाणु समझौता करने पर राजी हो या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के कट्टरपंथी नेताओं को समझौते पर पहुंचने की जरूरत है।

### नेतन्याहू ने हमले के बाद किया फोन मोदी बोले- शीघ्र करें शांति बहाली

**नई दिल्ली।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन कर पश्चिम एशिया में उभरते हालात की जानकारी दी। मोदी ने शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली की आवश्यकता पर बल दिया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का फोन आया। उन्होंने मुझे मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी। मैंने भारत की चिंताओं को साझा किया और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली की आवश्यकता पर जोर दिया।

### एयर इंडिया की 16 उड़ानों का मार्ग बदला

**मुंबई।** इजराइल के ईरान पर हमले के बाद ईरानी हवाई क्षेत्र बंद किए जाने की वजह से शुक्रवार को एयर इंडिया की लंबी और बहुत लंबी दूरी की 16 उड़ानों का मार्ग बदल दिया गया। निजी विमानन कंपनी एयर इंडिया ने एक यात्रा परामर्श में यह भी कहा कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए उड़ानों की व्यवस्था की जा रही है। एयर इंडिया ने कहा कि ईरान में उभरते हालात, उसके बाद उसके हवाई क्षेत्र को बंद करने और हमारे यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर, एयर इंडिया की कुछ उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया जा रहा है या वे अपने मूल स्थान पर लौट रही हैं।

# एयर इंडिया के विमान की थाईलैंड में आपात लैंडिंग

- फुकेट से दिल्ली आ रहे विमान को मिली थी बम रखा होने की धमकी
- सघन जांच में कुछ नहीं मिला विमान में सवार थे 156 यात्री

**बैंकॉक, एजेंसी**

थाईलैंड के रिसॉर्ट द्वीप फुकेट से शुक्रवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। फुकेट हवाई अड्डा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 379 को बाद में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में विमान के उतरने के बाद यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

रिपोर्ट में बताया गया कि विमान की सघन जांच के बाद उसके अंदर से कोई बम नहीं मिला। थाईलैंड हवाई अड्डे के अधिकारी उस यात्री से पूछताछ कर रहे हैं जिसने विमान पर बम की धमकी वाला नोट दिखाया था। विमान में 156 यात्री सवार थे। फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइटरडार 24 के अनुसार विमान ने आज स्थानीय समयानुसार सुबह साढ़े नौ बजे फुकेट हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। बम की धमकी मिलने के बाद विमान ने अंडमान सागर का चक्कर लगाया और आपात स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया।



थाईलैंड के फुकेत हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करता एयर इंडिया का विमान।

### पठानकोट में आपात स्थिति में उतरा अपाचे

**पठानकोट।** भारतीय वायुसेना के एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को पंजाब के पठानकोट जिले के नांगलपुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले हलेड़ गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है।

# अनाथ बच्चों को आरक्षण देगा इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पूर्ण शुल्क माफी की घोषणा
- ऐसा आरक्षण देने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय

दिल्ली के गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) ने 2025-26 सत्र से अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों में अनाथ बच्चों को आरक्षण प्रदान करने की घोषणा की है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार एकल बालिका संतान के लिए आरक्षण लागू करने के एक वर्ष बाद यह कदम उठाया गया है जिसका लक्ष्य समावेशी शिक्षा प्रदान करना है तथा उसे विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद ने मंजूरी दी है।

प्रस्ताव के अनुसार, प्रत्येक विश्वविद्यालय स्कूल और कार्यक्रम में अनाथ आवेदकों के लिए एक अतिरिक्त सीट आरक्षित की जाएगी। ये छात्र विश्वविद्यालय की आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) योजना के तहत पूर्ण ट्यूशन फीस माफी के भी पात्र होंगे। इस पहल के पीछे की सोच पर प्रकाश डालते हुए कुलपति महेश वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य सभी को शिक्षा प्रदान करना है, जिसमें कोविड-19 महामारी या अन्य कारणों से अनाथ हुए बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि इन विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी वित्तीय सहायता योजनाओं का भी लाभ मिले। आईपी विश्वविद्यालय ऐसा आरक्षण लागू करने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय है।

# परिषदीय विद्यालयों में 30 तक बढ़ाया गया ग्रीष्मावकाश

**लखनऊ।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 15 दिन बढ़ा दिया गया है। परिषदीय विद्यालय अब 30 जून तक बंद रहेंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। भीषण गर्मी से बच्चों को बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। वहीं शिक्षकों और कर्मचारियों को 16 जून से तय समय सारिणी से ही स्कूल आना होगा। सचिव की ओर से जारी पत्र के अनुसार परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश था। वर्तमान में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए 30 जून तक पठन-पाठन के लिए छात्र-छात्राएं विद्यालय में उपस्थित नहीं होंगे।

# अगले हफ्ते में प्रदेश में दस्तक दे सकता है मानसून

## भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान, 14-15 जून से होगी पूर्वी क्षेत्र में अधिकतम तापमान में गिरावट

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** गर्मी से हलकान लोगों को मॉनसून राहत देने की तैयारी में है। आने वाले दिनों में कई राज्यों में मानसून की ठंडी फुहारें पड़ सकती हैं। दरअसल, एक नया मानसूनी सिस्टम बंगाल की उत्तर खाड़ी में 14 जून के करीब तैयार होगा। इसे साइक्लोनिक सर्कुलेशन कहते हैं जो 48 घंटों में और मजबूत हो जाएगा।

फिलहाल यह सिस्टम ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान की सीमा तक पहुंचेगा। इस रास्ते में यह उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में बारिश का सिलसिला तेज करेगा।



हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि जोरदार बारिश 16 जून के बाद ही शुरू होगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मॉनसून प्रणाली के 22-23 जून तक दिल्ली पहुंचने की संभावना है, जो दिल्ली की सामान्य शुरुआत की तारीख (27 जून) से पहले है। चूंकि उत्तर प्रदेश, विशेष रूप से पश्चिमी भाग, दिल्ली से सटा हुआ है, इसलिए मॉनसून के इन तारीखों के आसपास या उससे पहले ही प्रदेश में प्रवेश करने की संभावना है।

अनुमान है कि, जैसे ही यह सिस्टम पश्चिम की ओर बढ़ेगा, यह मानसून की धारा को और फैलाएगा। 19 से 21 जून के बीच मानसून छत्तीसगढ़, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश को कवर कर लेगा। इसके बाद, सप्ताह के अंत तक मानसून की धारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम और उत्तर मध्य प्रदेश, दिल्ली और पूर्वी राजस्थान तक पहुंचने की संभावना है।

### 19 से 25 जून के बीच उत्तर प्रदेश में होगी बारिश

**लखनऊ।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के विश्लेषण के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के 19 से 25 जून के बीच उत्तर प्रदेश में दस्तक देने की संभावना है। यह सामान्य आगमन की तारीखों से कुछ दिन पहले हो सकता है, जिससे भीषण गर्मी से जूझ रहे प्रदेशवासियों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, मॉनसून ने इस सप्ताह फिर से तेजी पकड़ी है। यह 18 जून तक मध्य और पूर्वी भारत के शेष हिस्सों और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों को कवर कर लेगा। इसके बाद, 19 से 25 जून के बीच यह उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में आगे बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश भी शामिल है।

> मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 20 जून तक पूर्वी उत्तर प्रदेश और 25 जून तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसून के प्रवेश की संभावना है। बाढ़ प्रबंधन और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित विभाग आपसी समन्वय और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कर लें।
> – **मनोज कुमार सिंह**, मुख्य सचिव (उप्र.)

## एक नजर

### मुख्यमंत्री के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रहे रद्द

**अमृत विचार, लखनऊ :** अहमदाबाद में हुई अत्यंत हृदयविदारक विमान दुर्घटना के कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रवार के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए। मुख्यमंत्री की अंबेडकरनगर में शिवबाबा स्थान पर किसानों के बीच जनसभा तय थी। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 431 लोगों को 20 करोड़, 78 लाख, 25 हजार रुपये सहायता राशि का प्रतीकात्मक चेक देकर डीबीटी के माध्यम से धनराशि सीधे खाते में भेजी जानी थी।

### मानसून में भी खुला रहेगा दुधवा का मोहम्मदी रेंज

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुधवा नेशनल पार्क के मोहम्मदी रेंज को मानसून सीजन में भी पर्यटकों के लिए पहली बार खोला जा रहा है। उप्र. इको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की इस नई पहल का उद्देश्य पर्यटकों को वर्षा ऋतु में जंगल की अनदेखी और खूबसूरती से रूबरू कराना है। इससे मानसून सीजन में भी स्थानीय समुदायों व व्यवसायों को आय का नया जरिया मिलेगा। यह जानकारी देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति शुक्रवार को जयवीर सिंह ने दी।

### बिजली कटौती के खिलाफ आप करेगी प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में पूरे प्रदेश में घंटों बिजली कटौती हो रही है। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती के खिलाफ 18 जून को आप प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। सांसद शुक्रवार को गोमती नगर पार्टी कार्यालय में संबोधित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार जनता झेल रही है।

# निराश्रित परिवारों को घर बैठे मिलेगा योजना का लाभ

- मुख्यमंत्री योगी की पहल से बदली व्यवस्था, आवेदन से लेकर भुगतान तक ऑनलाइन
- पात्रों को 75 दिन के भीतर मिलेगा लाभ, योगी सरकार ने तय की सख्त समय सीमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के गरीब एवं असहाय परिवारों को राहत पहुंचाने वाली राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से आर्थिक सहायता के लिए महीनों चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आवेदन से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया इंटरनेट आधारित कर दी गई है और हर कदम पर जवाबदेही तय की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे अधिक पारदर्शी, तेज और जनता के अनुकूल बना दिया गया है। सरकार परिवार के ऐसे कमाऊ मुखिया जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष से कम हो और उसकी मृत्यु हो गई हो ऐसी दशा में उनके आश्रित को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से लाभान्वित कर रही है। जिसमें आय सीमा शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये निश्चित की गई है। सरकार ऐसे परिवार को 30,000 रुपये एकमुश्त भुगतान करती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योगी सरकार ने 1,08,883 निराश्रित परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाया है, जिसमें सरकार ने 326.64 करोड़ रुपये खर्च किया है।

नई व्यवस्था के तहत पात्र आवेदकों को अब आवेदन की तारीख से 75 दिनों के भीतर सहायता राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है। यदि किसी कारणवश यह समय सीमा पार होती है, तो अब मामले को लंबी प्रक्रिया में उलझाने की बजाय जिला स्तर पर ही समिति से अनुमोदन लेकर तुरंत भुगतान किया जाएगा। यानी अब जरूरतमंदों को देरी के लिए प्रदेश स्तर की मंजूरी का इंतजार नहीं करना होगा। यह बदलाव उन परिवारों के लिए राहत लेकर आया है, जो समय पर सहायता की प्रतीक्षा में थे।

### जिला समाज कल्याण अधिकारी को जिम्मेदारी

योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी आवेदक को पहले सहायता नहीं मिली हो। सत्यापन के बाद पात्र लाभार्थियों की अंतिम सूची तैयार कर 7 दिनों के भीतर स्वीकृति समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद सूची को डिजिटल सिग्नेचर के साथ पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के जरिए आधार लिंक बैंक खाते में धनराशि हस्तांतरित होगी।

### त्वरित सहायता और शिकायत निवारण की व्यवस्था

बजट की कमी होने पर भी जिलाधिकारी ट्रेजरी नियमों के तहत धनराशि निकालकर भुगतान सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे लाभार्थियों को लाभ मिलने में देरी न हो। योजना से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर कमांड सेंटर में हेल्पलाइन नंबर 14568 शुरू किया गया है, जहां लाभार्थी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# साइबर अपराधियों की तलाश में 10 ठिकानों पर छापेमारी

- लखनऊ समेत देशभर के कई शहरों में सीबीआई ने चलाया आपरेशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीबीआई ने साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान आपरेशन चक्र-वी के तहत चार राज्यों के 10 ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई की टीम ने यह कार्रवाई दिल्ली, हरियाणा के हिसार, यूपी के लखनऊ, महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे और नासिक में की।

सीबीआई के अधिकारी के मुताबिक, छापेमारी के दौरान मुंबई के कल्याण निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच में साइबर अपराधी नेटवर्क को प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड और बैंक खाते उपलब्ध कराने की पुष्टि हुई है। तलाशी में भारी मात्रा में साइबर अपराध से जुड़े साक्ष्य बरामद किये गये हैं। पकड़ा गया आरोपी सुनियोजित धोखाधड़ी से संबंधित है। एक फर्जी मोबाइल एप्लीकेशन और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अनजान व्यक्तियों से ठगी की गई। आरोपी ने नामी कंपनियों के शेयर को रियायती दरों पर देने का वादा करके निवेशकों को धोखा देता था।

# नोएडा-गुड़गांव संग कदमताल करने को तैयार बुंदेलखंड क्षेत्र

## दिख रहे विकास के संकेत, हर क्षेत्र में तरक्की की उम्मीद

- सूखा, गरीबी, अशिक्षा, और पानी की कमी से भी उबरेगा क्षेत्र
- बुंदेलखंड राज्य की दशकों से मांग कर रहे आंदोलनकारी भी मान रहे बदल रहीं परिस्थितियां

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार :** कभी विकास की नजर से पिछड़ा समझा जाने वाला बुंदेलखंड अब नोयडा, गुड़गांव संग कदमताल करने को तैयार है। लगभग पांच दशक से भी ज्यादा समय से उपेक्षित बुंदेलखंड में पहली बार विकास के संकेत दिख रहे हैं। मानो यहां अब हर क्षेत्र में तरक्की होगी। इसी के साथ यह क्षेत्र सूखा, गरीबी, अशिक्षा, और पानी की कमी से भी उबरेगा। दरअसल, बुंदेलखंड राज्य की दशकों से मांग कर रहे आंदोलनकारी भी मान रहे हैं कि परिस्थितियां बदल रही हैं।

राज्य सरकार का ताजा फोकस बुंदेलखंड पर ही है। जगजाहिर है कि मौजूदा वक्त में नोएडा-ग्रेटर नोएडा वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हब के रूप में उभर रहे हैं। इसी तर्ज पर लैंड बैंक को डेवलप कर बुंदेलखंड के झांसी क्षेत्र को भविष्य के औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इस कड़ी में बुंदेलखंड में नोएडा जैसी एक नई सिटी बनाने की योजना है, जिससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण की महायोजना को तैयार किया जा रहा है। इसे 35 हजार 300 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। 17 हजार 840 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। इतना ही नहीं, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी का कहना है कि झांसी को बुंदेलखंड और आगरा, लखनऊ एक्प्रेसवे से जोड़ने की तैयारी है, जिससे बुंदेलखंड में विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

राज्य सरकार ने ताजा बजट में भी बुंदेलखंड-रीवा एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। इससे बुंदेलखंड में इंडस्ट्री से लेकर एयरपोर्ट तक पर ध्यान रखा गया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेंस कॉरीडोर के लिए 461 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। नये एक्सप्रेसवे के निर्माण से बुंदेलखंड के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। इसका विस्तार रीवा तक होने से लोगों के लिए चित्रकूट से प्रयागराज के बीच की जो यात्रा अभी तक थोड़ी मुश्किल थी, वह आसान हो जायेगी। अभी तक लगभग 600 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में 7 घंटे लगते थे। अब यह दूरी 5.5 घंटे की हो जाएगी।

लंबे वक्त से अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग उठा रहे बुंदेली समाज महोबा के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने 'अमृत विचार' को बताया कि देश के बेहद पिछड़े इलाकों में शुमार बुंदेलखंड की सूरत और सीरत दोनों में बहुत बदलाव आया है। पहले बुंदेलखंड की सड़कें इस खूबसूरत पर्यटन तीर्थ को बदसूरत बना देती थीं, लेकिन अब सभी प्रमुख सड़कें अच्छी हो गई हैं। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे बन जाने से आवागमन काफी बेहतर हो गया है। चित्रकूट, बांदा, खजुराहो, महोबा, ओरछा से लेकर ज्यादातर रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हो चुका है। झांसी-मानिकपुर रेलवे लाइन में दोहरीकरण का काम तेजी से चल रहा है। खजुराहो के अलावा चित्रकूट व झांसी में एयरपोर्ट चालू हो गये हैं। जहां तक जल संकट की बात है तो केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से किसानों को उम्मीद बंधी है।

पूर्व डीजीपी उप्र. सुलखान सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड में पानी से भी ज्यादा जरूरत रोजगार की है।



> छोटी छोटी चीजों के लिए हम लोगों को लखनऊ और दिल्ली की तरफ तकना पड़ता है। लंबे समय से अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग इसीलिए करते आ रहे हैं ताकि बुंदेलखंड की जमीनी हकीकत को ध्यान में रखकर योजनाएं बनें। तभी बुंदेलखंड विकास की मुख्य धारा में आ पायेगा, तभी पलायन भी रुकेगा।
>
> – तारा पाटकर, संयोजक बुंदेली समाज महोबा



> हमें 1956 में खत्म हुआ बुंदेलखंड वापस चाहिए। बुंदेलखंड आजादी के पहले अलग राज्य था। आजादी के बाद 1956 तक बुंदेलखंड का अलग मुख्यमंत्री रहा। वो बुंदेलखंड जो सूरमाओं के लिए जाना जाता था, हमें वो वापस चाहिए।
>
> – राजा बुंदेला, उपाध्यक्ष बुंदेलखंड विकास बोर्ड

# बाढ़ प्रबंधन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

- मुख्य सचिव ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी की समीक्षा की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शुक्रवार को सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बाढ़ प्रबंधन व 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के आयोजन की तैयारियों और मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 20 जून तक पूर्वी उप्र. और 25 जून तक पश्चिमी उप्र. में मानसून के प्रवेश की संभावना है। बाढ़ प्रबंधन और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

**44 जिले संवेदनशील, 13.40 करोड़ आवंटित :** राहत आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि राज्य के 44 जिले, 118 तहसील, 2500 ग्राम और 5600 मजरे बाढ़ के प्रति संवेदनशील हैं। पहली बार 20 वर्षों के रिमोट सेंसिंग फ्लड इनन्डेशन मैप्स को केडेस्ट्रल मैप्स पर सुपरइम्पोज कर बाढ़ की माइक्रोमैपिंग की गई। पीएसी की 17 फ्लड कंपनियों की 48 टीमें, एसडीआरएफ की 15 टीमें और एनडीआरएफ की 11 टीमें 74 अति संवेदनशील तहसीलों में प्री-डिप्लॉय किया गया है। 18 अति संवेदनशील जिलों को 50-50 लाख, 12 संवेदनशील जिलों को 25-25 लाख और 14 सामान्य संवेदनशील जिलों को 10-10 लाख रुपये की धनराशि सौंपी गई, कुल 13.40 करोड़ रुपये एडवांस में आवंटित की गई हैं।

**योग दिवस पर होगी प्रतियोगिता, मिलेंगे नकद इनाम :** प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि योग दिवस पर जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया जा रहा है। इसमें निबंध, स्लोगन, योग चित्रकला व योगासन प्रतियोगिता शामिल है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आयुष विभाग द्वारा www.iyd2025.com पोर्टल तैयार किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार, तृतीय पुरस्कार 5100, चतुर्थ पुरस्कार 2100 व पंचम पुरस्कार 1100 रुपये का प्रदान किया जायेगा।



बाढ़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

## आधुनिक जनसुविधा केंद्रों में बदलेंगी सरकारी राशन की दुकानें

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में राशन की दुकानों का हुलिया बदलने वाला है। सरकारी राशन की दुकानें अब सिर्फ अनाज वितरण का केंद्र नहीं रहेंगी। सरकार इन्हें आधुनिक जनसुविधा केंद्रों में बदलने की तैयारी में है। मंशा गांव-कस्बों में एक ही जगह पर कई सेवाएं देने की है। ताजा योजना में इन दुकानों पर अब छोटे गैस सिलेंडर, ई-स्टांप, बिजली और मोबाइल बिल भुगतान की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा, माइक्रो एटीएम और इंटरनेट वाई-फाई जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई होंगी। दरअसल, पुरानी और जर्जर हो चुकी राशन दुकानों को अब नए भवनों में स्थानांतरित किया जाएगा।

## वन विभाग में बनेगा केंद्रीकृत कमांड सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** वन एवं वन्य जीव विभाग प्रदेश के जंगलों, टाईगर रिजर्व, सफारी और नेशनल पार्कों में रीयल-टाइम निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत कमांड सेंटर की स्थापना करने जा रहा है। ये केंद्रीकृत कमांड सेंटर, डिजिटल नियंत्रण प्रणाली के जरिये वन एवं वन्यजीव प्रबंधन से संबंधित सभी प्रमुख कार्यों की निगरानी करेगा और उनका डेटा एकत्रित करेगा। कमांड सेंटर में एकत्रित डेटा के एनालिसिस से वन अपराधों, आग की घटनाओं, और वन्यजीवों की आवाजाही की तत्काल जानकारी उपलब्ध होगी। जो कि इन अप्रत्याशित घटनाओं एवं अपराधिक गतिविधियों के संबंध में त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने में सहायक होगा।

# ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में गिरावट

- महज दो महीनों में 2022-23 की तुलना में 87 फीसदी तक घटी पावर ट्रांसफार्मर क्षति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉर्पोरेशन की ओर से की गई सख्ती, निरंतर मॉनीटरिंग और जवाबदेही तय करने की नीति से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। पिछले वर्षों के मुकाबले 2025-26 के सिर्फ अप्रैल और मई महीने में ही 3233 ट्रांसफार्मर कम क्षतिग्रस्त हुए हैं, जो कि बिजली वितरण प्रणाली में मजबूती और मरम्मत-रखरखाव में सुधार का संकेत है।

यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के मुताबिक वर्ष 2022-23 में अप्रैल-मई में 90 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए थे। 2023-24 में यह संख्या घटकर 61 हो गई। 2024-25 में 42 ट्रांसफार्मर फुंके और 2025-26 में सिर्फ 12 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए। यह ट्रेंड यह बताता है कि मात्र तीन वर्षों में पावर ट्रांसफार्मरों की क्षति में 87 फीसदी से अधिक की कमी आई है।

**विद्युत आपूर्ति में कोई समझौता नहीं :** डॉ. गोयल ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू है। किसी भी स्तर की लापरवाही से आपूर्ति बाधित होती है, तो संबंधित अधिकारी पर तत्काल कार्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां कहीं भी 100 केवीए से ऊपर के ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हों, वहां जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**ट्रांसफार्मरों के डैमेज रोकने को ठोस उपाय लागू :** डॉ. आशीष कुमार गोयल ने ट्रांसफार्मरों के डैमेज को रोकने हेतु कई ठोस उपाय लागू किए। इसके तहत, पावर ट्रांसफार्मरों पर बेल प्रोटेक्शन सिस्टम, वितरण ट्रांसफार्मरों पर टेललेस यूनिट और फ्यूज यूनिट लगाए गए। लगातार मॉनीटरिंग, मैकेनिकल फॉल्ट ट्रैकिंग और रखरखाव की समीक्षा की गई। जहां ट्रांसफार्मर फुंके, वहां जिम्मेदार अभियंताओं पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। प्रदेश भर में कई अधिशासी अभियंता, एसडीओ और अवर अभियंता कार्रवाई की जद में आए।

# एफिशिएंसी में सुधार फिर भी हो रहा निजीकरण

- उपभोक्ता परिषद ने पावर कॉरपोरेशन पर लगाया गलत धारणा बनाने का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उपभोक्ता परिषद का आरोप है कि बिजली कंपनियों को बेचने के लिए पावर कॉरपोरेशन एक गलत धारणा बना रहा है। परिषद के मुताबिक, सही मायने में सभी पैरामीटर में लगातार सुधार हो रहा है।

उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, वर्तमान में पूर्वांचल व दक्षिणांचल के 42 जिलों का निजीकरण किया जा रहा है। इसका मुख्य आधार कलेक्शन एफिशिएंसी में गिरावट बतायी जा रही है। जबकि कलेक्शन एफिशिएंसी में सुधार हो रहा है। उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि बिजली कंपनियों में कलेक्शन एफिशिएंसी खराब है, का ढिंढोरा पीट कर पावर कॉरपोरेशन दो कंपनियों का निजीकरण और बिजली दरों में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी का ऐलान किया था।

उपभोक्ता परिषद ने पूर्वांचल व दक्षिणांचल की कलेक्शन एफिशिएंसी के पिछले चार सालों के ऑडिटेड बैलेंस शीट के आंकड़ों को जारी किया है। परिषद का तर्क है कि इन चार सालों में लगातार कलेक्शन एफिशिएंसी में अगर सुधार हो रहा है तो फिर पावर कॉरपोरेशन क्यों यह नॉरेटिव बना रहा है कि बिजली कंपनियों को बेचना जरूरी है।

## आयुष्मान योजना का अनियमित भुगतान पाए 34 अस्पतालों ने लौटाए 7.46 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष्मान भारत -प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जिन 39 अस्पतालों को बीते दिनों अनियमित भुगतान हुआ था, उनमें आज शुक्रवार तक भुगतान की गई रकम से 7.46 करोड़ रुपये की राशि की वसूली अस्पतालों से की जा चुकी है। शेष धनराशि की वसूली की कार्रवाई जारी है। यह जानकारी स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज उप्र. (साचीज) की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अर्चना वर्मा ने दी। साचीज की सीईओ ने बताया कि आयुष्मान भारत की उप्र. में नोडल एजेंसी साचीज के अधिकारियों की आईडी से जिन 39 अस्पतालों को टीएमएस पोर्टल द्वारा 9.94 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। उस धन की वापसी के लिए साचीज प्रबन्धन ने न केवल हजरतगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी, बल्कि संबन्धित अस्पतालों को नोटिस जारी कर धन वापसी का दबाव भी बनाया था। जिसके बाद अभी तक भुगतान होने के आठ से नौ दिन के अंदर 34 अस्पतालों से 80 फीसदी धनराशि वसूली करने में सफलता मिल चुकी है।

# 53 हजार से ज्यादा युवाओं को मिली उद्योग लगाने की मंजूरी

- सीएम युवा योजना से नौकरी ढूंढने के बजाय देने वाले युवाओं की तैयार हो रही फौज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएम युवा योजना अब नौकरी ढूंढने के दौर को बदलते हुए नौकरी देने वाले युवाओं को तैयार कर रही है। इसके तहत अब तक 53 हजार से अधिक युवाओं को उद्योग व कारोबार के लिए ऋण स्वीकृत करते हुए 40 हजार को धनराशि वितरित भी की जा चुकी है।

योजना के माध्यम से लोन के लिए अब तक 2.5 लाख युवाओं ने आवेदन किया है, जिनमें से 1.10 लाख से अधिक आवेदनों को बैंकों को फॉरवर्ड किया गया है। इस योजना में बड़ी संख्या में महिलाएं, ओबीसी, एससी और अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं ने भी अपनी दिलचस्पी दिखाई है और इसका लाभ भी लिया है। केक मैन्युफैक्चरिंग, लॉन्ड्री, डिजिटल मार्केटिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, मिनरल वाटर प्लांट, टैटू स्टूडियो और सोलर पैनल इंस्टॉलेशन जैसे विविध क्षेत्रों में ब्याज मुक्त ऋण के माध्यम से युवा उद्यमी आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ रहे हैं।

सीएम युवा योजना के नोडल अधिकारी ज्वॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला के अनुसार, सरकार चाहती है कि युवाओं को 'बेरोजगार' की जगह 'स्वरोजगार' के रास्ते पर लाया जाए। योजनाओं के तहत संबंधित ट्रेड में उन्हें 5 लाख रुपये तक का लोन और तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे उनका स्टार्टअप या व्यवसाय सफल हो सके।

नोडल अधिकारी ने बताया कि इसी माह से टीमें गठित कर सभी 75 जिलों में अभियान चलाया जाएगा। उच्च शिक्षण संस्थाओं में ऐसे युवाओं की तलाश होगी, जो अपने प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए आर्थिक मदद की तलाश में हों।

## एक साल में पूरी हुईं 76 सेतु परियोजनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मात्र एक साल में 76 सेतु परियोजनाओं का निर्माण पूरा कर लिया गया है। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत राज्य सेतु निगम लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस उपलब्धि को हासिल किया है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में उप्र. राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा जिन 76 सेतु परियोजनाओं को रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया, उनमें 43 नदी सेतु, 28 आरओबी व 5 फ्लाईओवर शामिल हैं। सीएम योगी के अब तक के कार्यकाल में हुए निर्माण कार्य प्रदेश की भविष्य की जरूरतों अनुसार उत्तम कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित हुए हैं।

**बदलाव** डब्ल्यूटीटीसी की रिपोर्ट में राष्ट्रीय पर्यटन आंकड़ों ने 2019 के सभी मानकों को पीछे छोड़ा

# राम मंदिर निर्माण के साथ पर्यटन में आया जबरदस्त उछाल

- 2030 तक के पूर्वानुमान में भी सर्वाधिक संभावनाओं वाले हैं यूपी के धार्मिक पर्यटन स्थल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वर्ल्ड ट्रेवल्स एंड टूरिज्म कौंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) की रिपोर्ट में राम मंदिर के पक्ष में फैसला के बाद शुरू हुए भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण के साथ देशभर के पर्यटन सेवाओं में जबरदस्त उछाल आया है। राष्ट्रीय पर्यटन आंकड़े बताते हैं कि 2019 में अगले पांच साल के लिए किए गए पूर्वानुमान के सभी मानक काफी पीछे रह गए। अब वर्ष 2030 के पूर्वानुमान में भी यात्रा एवं पर्यटन क्षेत्र में ज्यादा संभावनाएं जताई गई है, इसमें यूपी के धार्मिक पर्यटन सबसे आगे हैं।

वर्ल्ड ट्रेवल्स एंड टूरिज्म कौंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स के सहयोग से हर पांच साल पर दुनिया भर के 184 देशों की अर्थव्यवस्थाओं और 28 भौगोलिक-आर्थिक क्षेत्रों के लिए यात्रा और पर्यटन के आर्थिक और रोजगार प्रभाव पर रिपोर्ट तैयार करता है। वर्ष 2030 तक के पूर्वानुमान खासा संभावनाओं वाले हैं। श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या, राधाकृष्ण की जन्मभूमि और कर्मस्थली ब्रजभूमि, तीर्थराज प्रयाग, शिव की काशी, दुनिया को शांति और अहिंसा के संदेश से प्रकाशित करने वाले भगवान बुद्ध से जुड़े सभी प्रमुख स्थल कुशीनगर, सारनाथ, कपिलवस्तु की वजह से पर्यटन में यूपी की संभावनाएं ज्यादा हैं।

डब्ल्यूटीटीसी के अनुसार, देश के लिए पर्यटन के लिहाज से साल 2025 रिकॉर्ड ब्रेकिंग हो सकता है। इसकी वजह से देश की अर्थव्यवस्था में इस सेक्टर का योगदान 22 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। रोजगार पाने वालों की संख्या 48 मिलियन से अधिक हो सकती है। संस्था की ओर से भारत देश के लिए साल 2030 के पूर्वानुमान के अनुसार पर्यटन से अर्थव्यवस्था को मिलने वाला योगदान 42 लाख करोड़ और रोजगार बढ़कर 64 मिलियन हो जाएगा।

### वर्ष 2025 के आंकड़े बना रहे नया लैंड मार्क

साल 2023 और 2024 के आंकड़े भी यही बताते हैं। आंकड़ों को मुताबिक 2023 में अयोध्या आने वाले पर्यटकों की संख्या 5.76 करोड़ थी जो 2024 में बढ़कर 16.44 करोड़ तक पहुंच गई। इसी दौरान काशी में यह वृद्धि 10.18 करोड़ से 11 करोड़, मथुरा में 7.79 करोड़ से 9 करोड़ हुई। प्रयागराज में 5.06 करोड़ की तुलना में 5.12 करोड़ पर्यटक आए। 2025 में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ, उलट प्रवाह के क्रम में यहां से अयोध्या, काशी, ब्रज क्षेत्र के तीर्थों और शक्तिपीठों पर जाने वाले श्रद्धालुओं की वजह से आंकड़े एक नया लैंड मार्क बनाएंगे।

### पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए योगी सरकार आगे

कॉरिडोर, विकास परिषद एवं सर्किट बनाकर योगी सरकार प्रमुख तीर्थ स्थलों समेत टूरिज्म के लिहाज से महत्वपूर्ण अन्य स्थानों का भी विकास करा रही है। 4560 करोड़ रुपये की लागत से धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले 272 मार्गों का विकास करा रही है। कई जगह हेलीपोर्ट सेवा शुरू हो चुकी है। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद, श्री देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, श्री विंध्य धाम तीर्थ विकास परिषद, श्री चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद, नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद, उत्तर प्रदेश श्री शुक्र तीर्थ विकास परिषद बनाकर नए कीर्तिमान बन रहे हैं।

## तीर्थ यात्रियों को कल किट वितरित करेंगे पर्यटन मंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल शनिवार को मैनपुरी में आम जनता की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त रविवार को गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर यात्रियों को किट वितरित करेंगे। पर्यटन विभाग के प्रवक्ता डॉ.वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि अगले दिन 15 जून को सुबह 7 बजे कैलाश मानसरोवर के पहले जत्थे के यात्रियों को हरी झंडी दिखा कर यात्रा की शुरुआत करेंगे। इसके पश्चात आगरा के सर्किट हॉउस में पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में आयुक्त आगरा मंडल, जिलाधिकारी आगरा व क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह मौजूद रहेंगे।

## तीन दिन सपा के सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द

**अमृत विचार, लखनऊ :** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद पूरा देश स्तब्ध और बेहद दुखी है। विमान हादसों की सबसे बड़ी त्रासदी से दुखी सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना के साथ ही 13 जून से अगले तीन दिन तक पार्टी के सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है। सपा प्रमुख ने कहा कि हम एयर इंडिया प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ हैं। सपा की ओर से तीन दिनों 13, 14 और 15 जून को होने वाले पार्टी के सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है।

RUKMANI DEVI GIRLS DEGREE COLLEGE
VILLAGE-DAULATPUR, POST-PAHARPUR, BAKSHI KA TALAB, LUCKNOW
UNDER THE AEGIS OF R.R. GROUP OF INSTITUTIONS
INVITES
Application for the posts of Principal, Professor, Associate Professor, Assistant Professor in Subjects - Economics, English Literature, History, Home Science, Political Science, Sociology & Hindi for B.A. Course and B.Com Course.
APPLICATIONS ARE ALSO INVITED FOR LIBRARIAN, OFFICE ASSISTANT & RECEPTIONIST.
Eligibility as per UGC & Lucknow University Norms.
INTERESTED CANDIDATE CAN SEND THEIR CVs TO
E-mail : rukmanidevimanager@gmail.com
CONTACT - 6393200019

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" भी है।
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

तेज धूप होने और गर्म हवा चलने की संभावना।

41.9° अधिकतम तापमान | 30.5° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- विश्व रक्तदाता दिवस बीकेटी के रामसागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय में रक्तदान शिविर- 9:00 बजे।
- विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर लोक बंधु अस्पताल में रक्त दान शिविर और जागरूकता कार्यक्रम- 10:00 बजे।
- डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय में रक्तदान दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को किया जाएगा जागरूक- 10:00 बजे।
- राधिका देवी धर्मशाला राजेन्द्र नगर के पास भंडारा- 5:00 बजे।

## एक नजर

### संस्थाओं की आडिट कार्यशाला का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) ने शुक्रवार को विकास खण्ड गोमतीनगर स्थित आईसीएआई भवन में जीएसटी व गैर लाभकारी संस्थाओं की आडिट और कम्पालायंस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सीए अंकुर कुमार गुप्ता चेयरमैन सीआईआरसी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में सीए जयेन्द्र कुमार तिवारी सचिव सीआईआरसी और सीए मुकेश कुमार सिंह ने भाग लिया। सीए जयेन्द्र कुमार तिवारी ने जीएसटी की बारीकियों पर चर्चा की और सीए मुकेश कुमार ने गैर लाभकारी संस्थाओं की आडिट और कम्पालायंस के बारे में विस्तार से बताया।

### एक अवैध निर्माण सील, पांच प्लाटिंग की ध्वस्त

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाकर दुबग्गा में पांच अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की। मोहनलालगंज में एक निर्माण सील किया। प्रवर्तन जोन-7 के अंतर्गत दुबग्गा में रिंग रोड पर तौहीन व अन्य द्वारा 2,500 वर्गमीटर में प्लाटिंग करने पर बुलडोजर से निर्माण ध्वस्त किया। लीलाखेड़ा में मान सिंह व अन्य द्वारा 5 हजार वर्गमीटर में प्लाटिंग, सिद्धेश्वर मंदिर के पास राम किशोर यादव व अन्य 2,500 वर्गमीटर में प्लाटिंग, दुबग्गा के बनियाखेड़ा में अंकित यादव व अन्य द्वारा लगभग 10 हजार वर्गमीटर में प्लाटिंग व श्रवण कुमार व अन्य द्वारा 2,500 वर्गमीटर में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करके कालोनी विकसित कर पर ध्वस्तीकरण किया गया। कार्रवाई प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना निर्माण करने पर की गई। प्रवर्तन जोन-2 के अंतर्गत मोहनलालगंज के खुजौली के जगन्नाथगंज में धीरेन्द्र मिश्रा व अन्य द्वारा अवैध रूप से भवन का निर्माण करने पर टीम ने सील किया।

### सूर्यकांत बने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव

अमृत विचार, लखनऊ : सूर्यकांत लखनऊ विश्वविद्यालय में नए कुलसचिव होंगे। इससे पहले वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलसचिव रहे हैं। शासन ने राज्य विश्वविद्यालय में कार्यरत चार सहायक कुलसचिवों का स्थानांतरण किया है। हिमांशु शुक्ला को सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से छत्रपति साहू जी महाराज विवि कानपुर, विनायक धर दूबे को सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि से ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि भेजा गया है। अधिकारियों को तात्कालिक नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# किराए पर 165 खाते लेकर 300 करोड़ से अधिक ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- यूपी, झारखंड, बिहार, प. बंगाल, नेपाल और महाराष्ट्र के खाताधारकों के 115 एटीएम कार्ड का किया प्रयोग
- साइबर क्राइम थाने, साइबर क्राइम सेल और पीजीआई पुलिस ने किया था गिरोह का पर्दाफाश

**अमृत विचारः** साइबर ठगों के अंतरराष्ट्रीय साइबर ठग गिरोह का खुलासा साइबर क्राइम थाने, साइबर क्राइम सेल और पीजीआई पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार देर रात किया। इस गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों ने कुबूल किया कि उनके गिरोह द्वारा 300 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है। इसके लिए 165 बैंक खातों को किराए पर लिया था। गिरोह का सरगना विशाल यादव उर्फ गन्नी और प्रिंस है। दोनों फरार है। उनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक गिरोह का असली मास्टर माइंड विदेश में बैठा है। जो वहीं से इशारा कर ठगी करवाता है। इस गिरोह ने रकम निकालने के लिए 115 एटीएम कार्ड का प्रयोग किया था। जो यूपी, झारखंड, बिहार, प. बंगाल, नेपाल और महाराष्ट्र के खाताधारकों के नाम दर्ज हैं।

पुलिस के मुताबिक बुधवार शाम को सूचना मिली थी कि पीजीआई इलाके में शामिया मेल रोड स्थित एक अपार्टमेंट के पेंटा हाउस में कुछ संदिग्ध गतिविधियां चल रही है। इस पेंटा हाउस में दर्जन भर से अधिक युवकों की आवाजाही है। जानकारी मिलने के बाद साइबर क्राइम थाने, साइबर क्राइम सेल और पीजीआई पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम ने बुधवार देर शाम को पेंटा हाउस में दबिश दी। मौके से 15 युवक पकड़े गए। उनके पास से 70 मोबाइल, 12 लैपटॉप, 115 एटीएम कार्ड, 25 चेकबुक, 53 पासबुक, 38 सिम कार्ड और फर्जी दस्तावेज बरामद हुआ था। आरोपियों से साइबर क्राइम थाने, साइबर क्राइम सेल और पीजीआई पुलिस की टीम ने अलग-अलग कई बार पूछताछ की। इस दौरान कई जानकारी सामने आई।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों के पास से निजी और राष्ट्रीकृत बैंक के 165 खातों की जानकारी मिली है। इन खातों से 300 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई। इस लेनदेन के लिए संबंधित बैंक शाखाओं और मुख्यालय को पत्र लिखा जा रहा है। ताकि इन खातों से हकीकत में कितने लेन-देन और किन मद में हुए इसका पता लग सके। ज्यादातर खाते यूपी, झारखंड, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के लोगों के नाम से है। सभी फर्जी नाम व पते पर खुलवाए गये हैं। वहीं कुछ खाते कमीशन व किराए पर लिए गए हैं।

### 25 हजार रुपये वेतन, लाखों में कमीशन

इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक जांच में सामने आया कि विशाल उर्फ गन्नी और प्रिंस कॉल सेंटर खोलते हैं। इसके बाद बेरोजगारों को टारगेट कर उनको नौकरी देते है। इसके बदले में 20 से 25 हजार रुपये का वेतन दिया जाता है। पूछताछ में सामने आया कि एक लाख रुपये पर 10 प्रतिशत और दो लाख से ऊपर का टारगेट पूरा करने वालों 20 प्रतिशत का कमीशन दिया जाता है।

### एक माह में बदल लेते हैं ठिकाना

इंस्पेक्टर साइबर क्राइम सेल रत्नेश सिंह के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि वह एक स्थान पर कॉल सेंटर खोलकर एक से डेढ़ माह तक ही काम करते हैं। फिर दूसरे स्थान पर अपना ठिकाना बना लेते। जिस मकान को किराए लेते हैं। वहां तीन से चार माह तक गिरोह के कुछ सदस्य ठहरते हैं। ताकि उन पर कोई संदेह न करें। गिरोह का सरगना विशाल उर्फ गन्नी और प्रिंस उनको टारगेट देता है। इस बार दक्षिण और पश्चिम भारत के खाताधारकों को निशाना बनाया गया है। यह रकम कई प्रदेशों के खातों में ट्रांसफर कराए गए। इसमें यूपी, झारखंड, बिहार, प. बंगाल, नेपाल और महाराष्ट्र के खाते शामिल हैं। इनसे रकम निकालने के लिए एटीएम कार्ड का प्रयोग किया गया है। जिसे टीम ने बरामद किया है।

### मास्टर माइंड ने बनाया तीन देशों में ठिकाना

पूछताछ करने वाली टीम के मुताबिक आरोपियों ने कुबूल किया कि यहां पर उनका नेतृत्व विशाल उर्फ गन्नी और प्रिंस करते हैं। असल में उनको विदेश से अंतरराष्ट्रीय कॉल आता है। वहां से दिये गये निर्देश पर ही हमलोगों को टारगेट दिया जाता है। अक्सर यह कॉल श्रीलंका, सिंगापुर और कतर से आते हैं। पुलिस के मुताबिक इस गिरोह का असली मास्टर माइंड ने इन तीन देशों में अपना ठिकाना बना रखा है। पुलिस टीम आरोपियों के पास से मिले विशाल उर्फ गन्नी और प्रिंस के मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल खंगाल रही है। ताकि इसकी पुष्टि हो सके कि उसे किन-किन देशों से कौन कॉल करता था।

# दो करोड़ की ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, सरोजनीनगरः** राजस्व खुफिया निदेशालय ने लखनऊ एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आए दो यात्रियों को 15 करोड़ की ड्रग्स के साथ पकड़ा।

डेटा माइनिंग एजेंसियों के इनपुट पर डीआरआई की टीम 10 जून को बैंकॉक से उड़ान भरने वाली फ्लाइट आईएक्स 104 के आने से पहले ही एयरपोर्ट पहुंच गई। दो भारतीय नागरिकों को रोक कर पूछताछ की गयी। उनके चेकइन बैगेज की जांच के दौरान एल्यूमिनियम की पन्नी में लिपटे कई वैक्यूम सील पैकेट बरामद किए गए। बताया जा रहा है कि पैकेट में 15.46 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक कैनबिस था। यह एक तरह की भांग होती है जिसे पानी में उगाए जाने पर नशा कई गुना बढ़ जाता है।

# पारा 2 डिग्री लुढ़का पर गर्मी से राहत नहीं

## तेज धूप और गर्म हवा ने झुलसाया, सामान्य से 2.6 डिग्री ज्यादा रहा अधिकतम तापमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में शुक्रवार को तापमान में जरूर गिरावट दर्ज की गई, लेकिन गर्म हवाओं के थपेड़ों और तपिश से राहत नहीं मिली। दोपहर में बाजारों या अन्य कार्य के लिए निकले लोग बेहाल दिखे। शहर के बाहरी हिस्सों में सड़कों पर सन्नाटे जैसे स्थिति रही।

शुक्रवार को सुबह से ही तेज धूप निकले। दिन चढ़ने के साथ ही गर्म हवा चलने लगी। गुरुवार के मुकाबले तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट रही लेकिन, गर्मी अपने चरम पर रही। अधिकतम तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक 41.9 डिग्री रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक 30.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी दो दिन भीषण गर्मी रहेगी। दिन में बादल छाए रहेंगे। 15 और 16 जून से बारिश की संभावना है। 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार तक हवा चलेगी। प्रदेश में कई जगह पर हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार सूरज की गर्मी और हवा में नमी से अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी ऊपर है। नमी अधिक होने से "हीट इंडेक्स" बढ़ा हुआ है, जिससे "फील लाइक टेम्प्रेचर" वास्तविक तापमान से ज्यादा लगता है।



धूप से बचाव के लिए छाता लगाकर जातीं छात्राएं। अमृत विचार

### भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोग परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** पावर ट्रांसफार्मरों में कूलर लगाने और 250 से ज्यादा नए ट्रांसफार्मरों की खरीद के बावजूद भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली नहीं मिल पा रही है। शुक्रवार को आशियाना, राजाजीपुरम ओल्ड, चंदर नगर, गोमती नगर, चिनहट, विकास नगर, इंजीनियरिंग कॉलेज, बालाघाट, सरोजनी नगर, नादरगंज, दुबग्गा, आशियाना, बंगलाबाजार, बीकेटी, फैजुल्लागंज, मडियांव, जानकीपुरम, गुडंबा, आलमबाग, इंदिरा नगर सेक्टर-14 ओल्ड और न्यू शिवपुरी, शक्ति नगर पावर हाउस सहित कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। गर्मी में कटौती से परेशान उपभोक्ता प्रदर्शन पर उतर आते हैं। कई जगह सड़क जाम और उपकेंद्रों का घेराव हो चुका है। ज्यादातर क्षेत्रों में 10 से 12 घंटे सप्लाई बाधित हो रही है। बिजली गुल होने से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। व्यापारी अधिकारियों से वार्ता कर हल निकालने के लिए पोस्टर बैनरों के साथ सड़को पर विरोध जता रहे हैं। इस संबंध में मुख्य अभियंता सिस गोमती रजत जुनेजा ने कहा कि आपूर्तिसप्लाई को सामान्य रखने के लिए विभाग की ओर से हर तरह के कदम उठा रहा है। उपकेंद्रों पर ट्रांसफार्मरों के लोड सहित तापमान पर भी नजर रखी जा रही है। फॉल्ट को सही करने के लिए कर्मचारियों की समय सीमा को भी तय किया गया है। जल्द ही क्षेत्र में हो घंटों बाधित हो रही सप्लाई से उपभोक्ताओं को निजात मिल सकेगी।

### भीषण गर्मी में दम तोड़ रहीं एसी बसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** भीषण गर्मी में रोडवेज की एसी बसों में यात्रा मुसीबत भरी साबित हो रही है। रोजाना 15 से 20 एसी बसें रास्ते में ही खराब हो रही हैं। इससे यात्रियों में नाराजगी है। गुरुवार को बहराइच जा रही अवध डिपो की बस और गोखपुर जा रही जनरथ बस में कूलिंग कम होने पर यात्रियों ने हंगामा किया। चालक और परिचालक ने यात्रियों को किसी तरह समझा कर शांत कराया। नियम के मुताबिक रूट से आने के बाद बस मेंटीनेंस के लिए वर्कशाप में भेजी जाती है। 20 से अधिक बिंदुओं पर जांच के बाद चालक को ओके स्लिप दी जानी चाहिए। किंतु लखनऊ रीजन की किसी भी वर्कशाप में ओके स्लिप नहीं दी जा रही है। गोंडा, बलरामपुर, हरदोई, बहराइच, आगरा, प्रयागराज जाने वाली एसी बसें ज्यादा खराब हो रही हैं। ऐसे में यात्रियों को दूसरी बस में शिफ्ट किया जाता है, दूसरी बस पहले से भरी होने पर यात्रियों को बैठने के लिए जगह नहीं मिलती है। चालकों का कहना है कि बस ठीक से रिपेयर न होने के कारण ओके स्लिप नहीं दी जाती है। जिस दिन से बसों को ओके स्लिप देनी शुरू कर दी जाएगी एक भी बस रूट पर खराब नहीं होगी। इसके अलावा कई चालक तो बसों में प्रयोग हो रहे स्पेयर पाट्र्स की गुणवत्ता पर ही सवाल उठा रहे हैं। इस संबंध में एआरएम सत्य नारायण चौधरी ने कहा कि गर्मी अधिक होने से कूलिंग में दिक्कत आ रहीं है। 87 एसी बसों में 56 बसें 10 वर्ष से अधिक पुरानी हैं। पूरा प्रयास है कि यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# 2.49 करोड़ बकाए पर अपार्टमेंट सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला प्रशासन ने भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के बड़े बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। शुक्रवार को टीम ने निर्मला इंफ्राबिल्ड पर 2.49 करोड़ की आरसी जारी होने पर निर्माणाधीन अपार्टमेंट सील कर दिया। पूर्व में कुर्क किए गए एक अपार्टमेंट की नीलामी के लिए फ्लैटों का मूल्यांकन किया। जिलाधिकारी विशाख जी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी (सदर) ने टीम के साथ रेरा के बड़े आरसी बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया। अफसरों ने पुलिस बल के साथ शहर में निर्मला इंफ्राबिल्ड का निर्माणाधीन अपार्टमेंट सील कर दिया। यह कार्रवाई संबंधित बिल्डर पर 2.49 करोड़ रुपये बकाया होने पर की गई। जिसके खिलाफ रेरा द्वारा आरसी जारी की गई थी।

# केजीएमयू के प्रोफेसर, बच्ची सहित पांच कोरोना पॉजिटिव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रोफेसर की हालत नाजुक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया
- चार अन्य मरीज का इलाज भी चिकित्सकों की निगरानी में

**अमृत विचारः** राजधानी में 24 घंटे में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के एक प्रोफसर और मलिहाबाद की एक सात वर्षीय बच्ची समेत पांच लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। केजीएमयू के प्रोफेसर वेंटीलेटर सपोर्ट पर हैं। चार अन्य मरीजों का चिकित्सकों की निगरानी में इलाज किया जा रहा है।

सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया केजीएमयू संस्थान के एक विभाग के विभागाध्यक्ष (52) को 10 जून को ट्रॉमा में भर्ती कराया गया था। सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। शक के आधार पर डॉक्टरों ने नमूना लेकर जांच को भिजवाया था। जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। डॉक्टरों की टीम प्रोफेसर के स्वास्थ्य पर नजर बनाए हैं।

पीजीआई कल्ली पश्चिम की महिला (25), मलिहाबाद की रहने वाली बच्ची (7), कल्ली पूर्वी के पुरुष (52) व इंदिरानगर का पुरुष (25) पॉजिटिव आया है। जनपद में अब तक कुल 28 कोविड धनात्मक रोगी पाए गए। एक्टिव केस की संख्या 20 है। बताया चार मरीज होम आईसोलेशन में हैं। सभी में कोरोना के हल्के लक्षण हैं।

# घर-घर जाकर लिए पानी के नमूने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जलकल विभाग ने शहर में चलाया अभियान
- मौके पर की जांच, परीक्षण रिपोर्ट आने पर पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** शहर में दूषित पानी की आपूर्ति होने की शिकायत पर जलकल विभाग हरकत में आ गया है। शुक्रवार को टीमों ने कई जोन में अभियान चलाकर घर-घर पानी का नमूना लिया और जांच की। इसकी रिपोर्ट आने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

महाप्रबंधक जलकल कुलदीप सिंह ने अपनी टीम के साथ जोन-1 के लालबाग जोनल पंपिंग स्टेशन, मीराबाई जोनल पंपिंग स्टेशन व नरही बाजार के सेठ रामजस लेन, बालेश्वर मंदिर लेन, रामजस रोड और तुफैल अहमद लेन में पानी के नमूने लेकर गुणवत्ता जांची। जोन-2 में राजाजीपुरम क्षेत्र में पीएसएस राजेश कपूर ने टीम के साथ घर-घर पानी के नमूने लेकर मौके पर जांच की। इसी तरह जोन-3 के अंतर्गत खदरा, निराला नगर, अलीगंज और रविंद्र गार्डन जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पीएसएस अरुण सिंह ने घरों पर आने वाले पानी की जांच की गई। जोन-5 में भी अभियान चलाकर आजाद नगर, नटखेड़ा, कैलाशपुर, प्रेम नगर और चंदन नगर में अधिशासी अभियंता विश्वनाथ गुप्ता और अवर अभियंता देवेन्द्र बहादुर ने जलापूर्ति की जांच की। महाप्रबंधक ने बताया कि नमूनों की जांच रिपोर्ट के आधार पर तकनीकी सुधार किया जाएगा। इसके अलावा जहां कमी मिली वहां पाइप लाइन बदलने व मरम्मत के निर्देश दिए हैं।

# बसंतकुंज से हटाएं कब्जे, विरोध हो तो कराएं एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंडलायुक्त ने गिट्टी-मौरंग देख दिए कार्रवाई के निर्देश
- एलडीए व पुलिस की बनाई जाएगी संयुक्त टीम

अमृत विचार : बसंतकुंज योजना का मंडलायुक्त डॉ. रोशन ने निरीक्षण किया तो सेक्टर-ए में अधिग्रहित भूमि पर गिट्टी-मौरंग डालकर भू-माफिया का कब्जा पाया। यह देख अफसरों पर नाराजगी जताते हुए संयुक्त टीम बनाकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा, यदि कोई विरोध करे तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं।

मंडलायुक्त शुक्रवार को हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना सेक्टर-ए का निरीक्षण किया। इस दौरान एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव व अधिशासी अभियंता संजीव कुमार भी रहे। मंडलायुक्त ने योजना की भूमि पर भूमाफिया द्वारा गिट्टी-मौरंग डालकर अवैध रूप से अतिक्रमण करना पाया। यह देख अफसरों पर नाराजगी जताई और एलडीए को तत्काल अतिक्रमण हटाने को कहा। निर्देश किया कि जमीन खाली कराते हुए आवंटियों को अध्याशित किया जाए। इसके लिए पुलिस और एलडीए की संयुक्त टीम बनाई जाए और कार्रवाई करके भूमि अपने स्वामित्व में लिया जाए। अगर किसी व्यक्ति द्वारा द्वारा उपद्रव किया जाता है तो बिना भेदभाव के तत्काल एफआईआर दर्ज कराते हुए जेल भेजा जाए। संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि 85,,713 स्क्वायर मीटर भूमि है। इस पर से कब्जा हटना है और अधिकतर लोगों द्वारा मुआवजा मिल चुका है।



एलडीए सचिव से जानकारी लेतीं मंडलायुकत डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

### वंचितों को करें लाभान्वित

**अमृत विचार, लखनऊ :** फैज्जुल्लागंज के अल्लूपुर डिगुरिया में आयोजित कैंप की मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने समीक्षा की। विभागों को निर्देशित किया कि पात्र वंचितों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। शुक्रवार को मंडलायुक्त ने आयोजित कैंप की अध्यक्षता करके कार्यों की समीक्षा की। अफसरों ने अवगत कराया कि बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से कुल-56 बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराया जा चुका है। इसके अलावा ग्राम छैला, मुतक्कीपुर एवं अल्लूपुर डिगुरिया में कराए गए सर्वे में 250 बच्चों का चिह्नांकन किया गया है। इसमें अद्यतन कुल 113 बच्चों का आवेदन-पत्र उनकी पात्रता के अनुसार मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा स्पॉन्सरशिप योजना के अन्तर्गत भरवाया जा चुके हैं।

# रेलवे स्टेशन पर मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** चारबाग रेलवे स्टेशन स्टेशन के प्लेटफार्म पर देर रात मुठभेड़ के बाद जीआरपी ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। बदमाश के पैर में गोली लगी है। उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

चारबाग जीआरपी थाना के प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि गुरुवार रात जीआरपी की टीम प्लेटफार्म नंबर 6 और 7 पर गश्त कर रही थी। रात करीब 12:15 बजे प्लेटफार्म के आउटर पर एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया। रोकने पर वह टीम पर फायरिंग कर भागने लगा। जीआरपी की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। उसे गिरफ्तार कर ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान हरदोई निवासी फिरोज के रूप में हुई है। वह ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान चुराने वाले गिरोह का सदस्य है। उसके खिलाफ अन्य थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। उसके खिलाफ जांच शुरू करके कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रगति | पशुपालन विभाग की कुक्कुट विकास नीति से बढ़ रही क्षमता, मई में 104 .91 फीसदी उत्पादन

# अंडा उत्पादन बढ़ा, कम हुई अन्य राज्यों से निर्भरता

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में ''कुक्कट विकास नीति'' से लखनऊ भी अंडा उत्पादन में आगे हो गया है। यहां एक वर्ष में तेजी से अंडा उत्पादन की क्षमता बढ़ी है। इस वर्ष मई में 104.91 फीसदी अंडा उत्पादन हुआ है। इससे अन्य राज्यों से अंडा मंगाने की निर्भरता में कमी आई है।

जिले में पशुपालन विभाग ने वर्ष 2024-25 में अंडा उत्पादन बढ़ाने के लिए कुक्कट विकास नीति पर जोर दिया। योजना के तहत 60 हजार लेयर (पक्षियों की क्षमता वाला) एक पोल्ट्री फार्म, 30 हजार लेयर के सात पोल्ट्री फार्म व 10 हजार लेयर के चार पोल्ट्री फार्म खुद संचालित किए जा रहे हैं। नतीजा यह रहा कि वर्ष 2024-25 में 7.78 करोड़ से अधिक अंडे का उत्पादन किया गया, जबकि लक्ष्य 6.41 करोड़ अंडा उत्पादन का था। इससे पहले वर्ष 2023-24 में अंडा उत्पादन का लक्ष्य 5.83 करोड़ था और पोल्ट्री फार्मों की संख्या कम होने की वजह से 7.10 करोड़ अंडा उत्पादन हुआ था।

इसके अलावा विभाग के कम क्षमता वाले 12 पोल्ट्री फार्म व 500 से 5 हजार लेयर वाले 29 निजी पोल्ट्री फार्म और संचालित हैं। इन सभी को मिलाकर इस वर्ष मई में 104.91 फीसद अंडा उत्पादन हुआ है। इसको देखते हुए वर्ष 2025-26 में कई गुना उत्पादन की संभावना जताई जा रही है।

इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि अंडा उत्पादन बढ़ाने के लिए पोल्ट्री फार्म बढ़ाए हैं।

इससे अंडा उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है और बाहरी राज्यों से पूर्ति में कमी आई है। पोल्ट्री फार्म लगाने से लोगों को रोजगार मिला है और आय बढ़ी है।



### दो माह का लक्ष्य , उत्पादन

| माह | लक्ष्य | उत्पादन |
|---|---|---|
| अप्रैल | 53,49,960 | 56,12,750 |
| मई | 53,49,960 | 68 लाख |

# लखनऊ, गोंडा और बहराइच के बीच ट्रेन यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- प्री-कमीशनिंग कार्य के चलते बहराइच यार्ड में 16 से 21 जून तक रहेगा ब्लॉक

अमृत विचारः पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन ने बहराइच-नानपारा रूट पर प्री-कमीशनिंग कार्य के चलते बहराइच यार्ड में 16 से 21 जून तक ब्लॉक किया है। इसकी वजह से कई ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट या शॉर्ट ओरिजिनेट रहेंगी। इससे लखनऊ, गोंडा और बहराइच के बीच सफर करने वाले यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा।

वाराणसी-बहराइच एक्सप्रेस (14213) 16 से 19 जून तक यह ट्रेन बहराइच के बजाय गोंडा तक ही जाएगी। गोंडा से बहराइच के बीच यह ट्रेन नहीं चलेगी। बहराइच-वाराणसी एक्सप्रेस (14214) 17 से 20 जून तक यह ट्रेन बहराइच से शुरू नहीं होगी, बल्कि गोंडा से चलाई जाएगी। यानी बहराइच से गोंडा के बीच यह सेवा बंद रहेगी। गोरखपुर-बहराइच स्पेशल (05131) 16 से 21 जून तक यह ट्रेन पयागपुर तक ही जाएगी। पयागपुर से बहराइच के बीच इसका संचालन नहीं होगा। वहीं बहराइच-गोरखपुर स्पेशल (05132) यह ट्रेन भी 16 से 21 जून के बीच बहराइच से नहीं चलेगी, बल्कि पयागपुर से शुरू होगी। पयागपुर से बहराइच के बीच यह ट्रेन नहीं चलेगी।

### डेमू सेवाएं भी प्रभावित

गोंडा-बहराइच और बहराइच गोंडा के बीच चलने वाली 75109, 75110, 75111, 75112, 75113 और 75114 नंबर की डेमू ट्रेनें भी 16 से 19 जून तक आंशिक रूप से रद्द रहेंगी। ये ट्रेनें अब चिलवरिया तक ही जाएंगी, वहीं से शुरू होंगी। चिलवरिया से बहराइच के बीच इनका संचालन पूरी तरह बंद रहेगा।

### नानपारा के लिए नहीं मिलेगी कनेक्टिंग ट्रेन

लखनऊ के चारबाग और बादशाहनगर से गोंडा, बहराइच, नानपारा की ओर जाने वाले या आने वाले यात्रियों को इन रूटों पर कनेक्टिंग ट्रेनें नहीं मिलेंगी या फिर यात्रा बीच में ही खत्म करनी पड़ेगी। अगर आप इन तारीखों में बहराइच या उससे आगे की यात्रा का प्लान बना रहे हैं, तो रेलवे की वेबसाइट या स्टेशन से ट्रेन का स्टेटस चेक करके ही निकलें।

# इन्हें है रक्तदान कर दूसरों की जान बचाने का जुनून

## विश्व रक्तदाता दिवस आज : रक्तदान करने के साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करने का कर रहे कार्य

**पंकज द्विवेदी, अमृत विचार :** रक्तदान को लेकर अभी भी समाज में ऐसी मानसिकता बनी हुई है कि रक्तदान करने के बाद शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं होता। रक्तदान करने से किसी भी तरह का नुकसान तो नहीं है बल्कि स्वास्थ्य को लेकर फायदे बहुत हैं। विशेषज्ञों का दावा है कि रक्तदान से हार्ट अटैक जैसे खतरे कम हो जाते हैं। छिपी हुई बीमारियों का समय से पता चल जाता है। सबसे बड़ी बात आपके रक्तदान करने से दूसरे की जिंदगी बच जाती है। इसलिए रक्तदान को सबसे बड़ा दान कहा गया है। 14 जून को रक्तदाता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को 'अमृत विचार' ने शहर के कुछ ऐसे महादानियों से बातचीत की जिन्होंने इसे जूनून बना लिया है। पेश है एक रिपोर्ट–



### उम्र 48, रक्तदान 42 बार

सीतापुर रोड प्रियदर्शनी कॉलोनी के रहने वाले पवन सिंह हर समय रक्तदान के लिए तैयार रहते हैं। पवन बताते हैं कि उनकी उम्र 48 साल है, अब तक उन्होंने 42 बार से अधिक रक्तदान कर चुके हैं। शुरुआत वर्ष 1996 में पीजीआई में अपने ताऊ के बेटे को खून देकर की थी। मेरा मानना है कि रक्तदान करने से दूसरे की जिंदगी बचती है। ये हमें बहुत सुकून देता है।



पवन सिंह

### पहली बार दोस्त की बचाई जान

जानकीपुरम के रहने वाले राजेश प्रसाद (49) प्रॉपर्टी का काम करते हैं। राजेश के मुताबिक, करीब 15 साल पहले आजमगढ़ के रहने वाले दोस्त को बीमार होने पर लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती करवाया था। डॉक्टर ने खून की जरूरत बताई। दीवाली की रात होने के कारण कोई डोनर नहीं मिल रहा था। उस समय दोस्त की जान बचाने के लिए पहली बार खून दिया। अब वह नियमित खून दे रहे हैं। जरूरतमंदों को दूसरे शहर भी जाकर खून देने में पीछे नहीं हटते हैं। अब तक 19 बार खून दे चुके हैं।



राजेश प्रसाद

### 1993 में दिया था पहली बार खून

जानकीपुरम के दिनेश सिंह भदौरिया (49) ट्रेवेल्स का काम करते हैं। दिनेश सिंह के मुताबिक, अब तक वह 32 बार से अधिक खून दे चुके हैं। शुरुआत 1993 में हुई थी। उस समय लोग रक्तदान करने को लेकर इतना जागरूक नहीं थे। आज भी जब किसी जरूरतमंद की कॉल आती है वह रक्तदान के लिए तैयार रहते हैं। दूसरों को भी रक्तदान के प्रति जागरूक कर रहे। दिनेश का कहना है कि उन्होंने ऐसे भी केस देखें हैं कि जब खून देने की बात आती है तो मरीज के अपने भी दूरी बना लेते हैं।



दिनेश सिंह भदौरिया

### रक्तदान करने के फायदे

1- हार्ट अटैक की संभावनाएं कम होती हैं, क्योंकि रक्तदान से खून का थक्का नहीं जमता, इससे खून कुछ मात्रा में पतला हो जाता है और हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है।
2- वजन कम करने में मदद मिलती है, इसीलिए हर साल कम से कम 2 बार जरूर रक्तदान करना चाहिए।
3- शरीर में एनर्जी आती है, क्योंकि रक्तदान के बाद नए ब्लड सेल्स बनते हैं, जिससे शरीर में तंदरूस्ती आती है।
4- लिवर से जुड़ी समस्याओं में राहत मिलती है। शरीर में ज्यादा आयरन की मात्रा लिवर पर दवाब डालती है और रक्तदान से आयरन की मात्रा बैलेंस हो जाती है।
5-आयरन की मात्रा को बैलेंस करने से लिवर हेल्दी बनता है और कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है।

### रक्तदान से पहले रखें ध्यान

1- रक्तदान 18 साल की उम्र के बाद ही करें।
2- रक्तदाता का वजन 45 से 50 किलोग्राम से कम न हो।
3-खून देने से 24 घंटे पहले से ही शराब, धूम्रपान और तंबाकू का सेवन न करें।
4 -खुद की मेडिकल जांच के बाद ही रक्तदान करें और डॉक्टर को सुनिश्चित करें कि आपको कोई बीमारी ना हो।
5- खून के दान करने से पहले अच्छी नींद लें, तला खाना और आइसक्रीम से परहेज करें।
6- शरीर में आयरन की मात्रा भरपूर रखें, इसके लिए रक्तदान से पहले खाने में मछली, बीन्स, पालक, किशमिश या फिर कोई भी आयरन से भरपूर चीजें खाएं।

### महिलाओं की भागीदारी सिर्फ 5 फीसदी

केजीएमयू के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की प्रमुख प्रोफेसर डॉ. तूलिका चंद्रा का कहना है कि एक के रक्तदान करने से तीन की जान बचाई जा सकती है। वर्तमान में जरूरत के हिसाब से सिर्फ 50 फीसद ही दान से खून मिलता है। खून की उपलब्धता न होने के कारण बड़ी संख्या में मरीजों की जान जा रही है। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक होती है फिर भी रक्तदान करने में महिलाओं की संख्या महज 5 फीसदी ही है। डॉ. तूलिका के मुताबिक, रक्तदान से कोई भी साइडइफेक्ट्स नहीं है। राहत की बात यह है कि बीते कुछ सालों में प्रदेश में रक्तदान में सुधार हुआ है। रक्तदान के लिए विशेष रूप से युवा आबादी की मानसिकता में बदलाव के साथ-साथ बुजुर्ग आबादी की प्रेरणा की आवश्यकता है। बच्चों को रक्तदान के फायदे बताने की जरूरत है ताकि वे रक्तदान के प्रति अपनी आशंकाओं को दूर कर सकें। एक बार जब हम रक्तदान करते हैं तो हमारा पुराना रक्त अस्थि मज्जा नया रक्त बनाने के लिए उत्तेजित हो जाता है जो शरीर के लिए मजबूत और अधिक उपयोगी होता है। 18-55 साल के उम्र वाले कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।



डॉ. तूलिका चंद्रा

### जरूरतमंदों को मिलता रहे खून इसलिए लगवाते हैं शिविर

महानगर की रहने वाली मनोवैज्ञानिक, पर्यावरणविद और समाजसेविका ओम सिंह चैतन्य वेलफेयर फाउंडेशन संस्था की स्थापना 2016 में की थी। तब से प्रत्येक वर्ष कम से कम 2 बार रक्तदान शिविर का आयोजन करा रहीं हैं। ओम सिंह का कहना है कि शिविर में आने वाले यूनिट की संख्या गिनना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन हर शिविर में रक्तदाताओं की न्यूनतम संख्या 25 तो रही ही है। शिविर से प्राप्त डोनर कार्ड से गरीब और जरूरतमंदों को नि:शुल्क रक्त दिलाने के उद्देश्य से ही ये शिविर निरंतर करवा रही हूं।



ओम सिंह

# रक्तदान से मिलता है दुर्लभ समूह का खून

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लोकबंधु अस्पताल में रक्तदान को लेकर किया गया जागरूक

**अमृत विचार :** शिविरों में होने वाले रक्तदान से दुर्लभ समूह (रेयर ग्रुप) का खून उपलब्ध हो जाता है, जो किसी के जीवन बचने में उपयोगी होता है। रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की शारीरिक कमजोरी नहीं आती है। यह पूरी तरह से सुरक्षित प्रक्रिया है। युवाओं को इसके प्रति अधिक जागरूक होने की जरूरत है। यह जानकारी लोकबंधु अस्पताल की निदेशक डॉ. संगीता गुप्ता ने दी।

वह अस्पताल परिसर में रक्तदाता दिवस से पूर्व शुक्रवार को आयोजित हुए जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। डॉ. संगीता गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को रक्तदान में आगे आने की जरूरत है। रक्तदान के बाद पांच तरह की जांच होती है। इससे बीमारी को शुरुआत में पकड़ने में मदद मिल सकती है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि रक्तदान अधिक से अधिक लोग करें, ताकि मरीजों को सुरक्षित खून मुहैया कराया जा सके। उन्होंने बताया कि जब लोग रक्तदान नहीं करते हैं तो पेशेवर रक्तदाता सक्रिय हो जाते हैं। जिन्हें तमाम तरह की बीमारी होती है। गुजरे कुछ वर्षों में यह समस्या काफी कम हुई है। लोगों में रक्तदान को लेकर जागरुकता भी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि शनिवार को अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है।

### आरएसएम में रक्तदान शिविर आज

विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर शनिवार को बीकेटी साढ़ामऊ स्थित राम सागर मिश्र हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा शिविर का शुभारंभ करेंगे। वे खुद भी रक्तदान करेंगे। रक्तदान की प्रक्रिया बलरामपुर अस्पताल की टीम करेगी। बलरामपुर अस्पताल के सहयोग से राम सागर मिश्र में ब्लड स्टोरेज का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साथ ही मां को समर्पित पौध रोपण कार्यक्रम भी होगा।

## संदिग्ध हालात में अधेड़ की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम इलाके में अतुल किचलू (56) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। श्रीनगर कालोनी फैजुल्लागंज निवासी अतुल किचलू करीब एक महीने से मोहिबुल्लापुर मड़ियांव निवासी विवेक कुमार के साठ फीटा रोड कंपनी के गोदाम पर रह रहा था। शुक्रवार दोपहर पर किचलू की तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें जानकीपुरम ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि अतुल ने दो शादियां की थीं। पहली पत्नी नमिता से तलाक के बाद अतुल ने दूसरी शादी अनुराधा से की थी। बताया जा रहा है कि नमिता ने अतुल पर गुजारा भत्ता का केस किया था। अतुल गुजारा भत्ता नहीं दे रहे थे। जिसकी वजह से पुलिस कुछ दिन पहले अतुल को पकड़ने आई थी। पुलिस से बचने के लिए वह करीब एक महीने से विवेक के गोदाम पर रह रहे थे।

# केजीएमयू में स्वदेशी रोबोट से सर्जरी शुरू

## आयुष्मान भारत योजना के तहत तीन मरीजों का निःशुल्क हुआ प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



केजीएमयू में रोबोट से सर्जरी करने वाले चिकित्सकों की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में स्वदेशी निर्मित रोबोट से सर्जरी शुरू हो गई है। चिकित्सकों ने इसके जरिए तीन मरीजों के घुटने का सफल प्रत्यारोपण किया है। प्रत्यारोपण के बाद तीनों मरीज स्वस्थ हैं। संस्थान प्रशासन का दावा है कि केजीएमयू के साथ ही प्रदेश में किसी भी सरकारी संस्थान में पहली बार रोबोट के माध्यम से घुटने प्रत्यारोपित किए गए हैं।

ये सर्जरी ऑर्थोपेडिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आशीष कुमार और डॉ. कुमार शांतनु, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. अर्पित और डॉ. रवींद्र के साथ ही डॉ. नील कमल और उनकी एनेस्थीसिया टीम ने की। डॉक्टरों ने कहा कि एक मरीज 65 वर्षीय पुरुष था, जिसका बायां घुटना प्रत्यारोपण हुआ है, दूसरा मरीज 75 वर्षीय पुरुष था, जिसका दायां घुटना जबकि, तीसरा 61 वर्षीय पुरुष, जिसका दायां घुटना प्रत्यारोपण किया गया। तीनों मरीजों का आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क प्रत्यारोपण हुआ है। प्रो. आशीष कुमार ने बताया, विभाग में रोबोटिक सर्जरी सबसे सस्ती होगी, क्योंकि रोबोट की लागत अस्पताल के शुल्क में शामिल नहीं होगी और इम्प्लांट भी दर अनुबंध प्रणाली के तहत खरीदा जाएगा। हम गरीब मरीजों को भी सबसे अच्छा और सबसे उन्नत उपचार प्रदान करेंगे।

# जब किसी ने नहीं सुनी समस्या तो खुद के खर्चे से बनवाई सड़क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र अंतर्गत मल्हौर भरवारा वार्ड नं-14 स्थित सेमरा गांव अतर्गत 120 मीटर सीसी रोड का निर्माण युवा समाजसेवी तथा भाजपा से बूथ अध्यक्ष रोहित कुमार ने खुद के रुपये से करवा कर राजनीति करने वाले नेताओं को आईना दिखाने का कार्य किया है।

रोहित से पूछने पर उन्होंने बताया कि बरसात होने वाली है, ऐसे में लगभग 30 घरों का रास्ता जिस पर पानी भर जाता है, उसकी कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। सड़क निर्माण को लेकर कई बार स्थानीय जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। उसके बाद उन्होंने खुद ही रुपये एकत्र किए और सीसी रोड का निर्माण कराया। रोहित ने बताया कि उनके पिता स्व. अनंत राम ग्राम प्रधान थे।



चिनहट थाना क्षेत्र अंतर्गत मल्हौर भरवारा वार्ड नं 14 स्थित सेमरा गांव में बनवाई गई पक्की सड़क।

# विमान दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऐपवा नेताओं ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों के साथ इस दुःख की घड़ी में एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने विमान दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) की प्रदेश अध्यक्ष का. कृष्णा अधिकारी ने लालकुआं स्थित ऐपवा के राज्य कार्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग और राज्य आयोगों के पक्षपात पूर्ण व्यवहार और महिलाओं को न्याय दिलाने में विफलता के प्रति गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उन्हें हटाने की मांग की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग की वर्तमान चेयरपर्सन विजया किशोर तत्काल इस्तीफा दें, ऐसा न करने पर उन्हें पद से हटाया जाए। राष्ट्रीय महिला आयोग राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत महिला संगठनों की तत्काल बैठक बुलाकर विचार-विमर्श करे और राष्ट्रीय महिला आयोग की स्वायत्त और लोकतांत्रिक भूमिका सुनिश्चित करे। राज्यों के महिला आयोग नियमित रूप से महिला संगठनों के साथ बैठक कर उनका सुझाव लेकर अपने राज्यों में महिलाओं को न्याय दिलाने में भूमिका निभाएं।

# शिक्षामित्रों ने प्रदर्शन कर दोहराई मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** शिक्षामित्र शिक्षक पात्रता एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने शुक्रवार को इको गार्डन में शान्तिपूर्वक धरना-प्रदर्शन किया, जिसमें पूरे प्रदेश के टेंट व सीटेट पास शिक्षामित्र और नान टेट शिक्षामित्र शामिल हुए। सभी शिक्षामित्रों ने अपनी 25 वर्ष की सेवा बेसिक शिक्षा विभाग में करते हुए अपनी योग्यतानुसार पद की मांग उत्तर प्रदेश सरकार से की।

प्रदेश अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तराखंड सरकार की तरह उत्तर प्रदेश सरकार भी टेट सीटेट पास शिक्षामित्र को सहायक अध्यापक पद पर नियमित करें। साथ ही प्रशिक्षित शिक्षामित्र को प्रशिक्षित वेतन मान दिया या विभागीय टेट कराकर उत्तराखंड मॉडल लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को अब हमारी समस्या का समाधान अतिशीघ्र कर देना चाहिए। 8 वर्ष होने को पर भी सरकार मात्र 10 हजार रुपये का अल्प मानदेय देकर हम लोगों के साथ अन्याय कर रही है।




इको गार्डन में प्रदर्शन के 18वें दिन धरने पर बैठे शिक्षामित्र। अमृत विचार

### शिक्षामित्र आज करेंगे एक दिन का भोजन त्याग

**अमृत विचार, लखनऊ :** टीईटी पास शिक्षामित्र शनिवार को भोजन का त्याग करेंगे। इको गार्डन में टीईटी उत्तीर्ण शिक्षामित्रों के चल रहे शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन के 18वें दिन अनेकों जनपदों से आये सैकड़ो शिक्षामित्र धरने में शामिल हुए और मुख्यमंत्री से मिलने को गुहार लगायी। प्रदेश अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने कहा कि रोटी के इस संघर्ष में शांतिपूर्ण धरने के 19वें दिन शनिवार को एक दिन का भोजन त्याग करके मुख्यमंत्री से मिलने के लिए गुहार लगायी जाएगी। मुख्यमंत्री सुनो पुकार, भूखा शिक्षामित्र लगाये गुहार के तहत मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगेंगे।

# लविवि कुलपति ने की योग दिवस की तैयारी की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बैठक में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, अधिकारी भी ऑनलाइन मोड में जुड़े

▸▸ अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

**अमृत विचार :** 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले आयोजनों की लविवि में कुलपति की अध्यक्षता में समीक्षा की गई। कुलपति ने कहा कि इसमें एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवक, शोध छात्र, हॉस्टल में रहने वाले छात्र एवं विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर पढ़ने वाले छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, अधिकारी भी ऑनलाइन मोड में जुड़े हुए थे। राजभवन से लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए योग दिवस पर 51000 प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित की गई है।

बैठक के बाद लखनऊ में स्थित कुछ महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने सहभागिता की। कुलपति ने कहा कि योग दिवस के कार्यक्रम को रिकॉर्ड करके जियो टैग युक्त पांच फोटो और 30 सेकंड का वीडियो लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए लिंक पर अपलोड किए जाएंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच जिलों के कुछ महाविद्यालयों में प्रति कुलपति, कुलसचिव, डीन सीडीसी, डीन एकेडमिक्स समीक्षा भी करेंगे। कुलपति ने बताया कि 17, 18 और 19 जून को लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में स्थित योग संकाय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक योगासनों की जानकारी कर सकते हैं। अपने महाविद्यालय में 21 जून को सूर्य नमस्कार और योग के विभिन्न आसनों का संचालन करेंगे। बैठक की समाप्ति पर गुजरात के अहमदाबाद में हुए वायुयान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।


## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं राम गोपाल पुत्र रघुराज, निवासी– ग्राम रामगढ़ा, मजरा–कठवारा, थाना व तहसील–बख्शी का तालाब, जिला–लखनऊ। मेरा पुत्र राजकुमार पुत्र राम गोपाल बहुत ही नशेड़ी प्रवृत्ति का व्यक्ति है तथा आये दिन मुझसे व परिवार के सदस्यों से मारपीट– लड़ाई, झगड़ा किया करता है, उक्त कृत्य में मेरी पुत्रवधू वैष्णवी पत्नी राजकुमार भी पुत्र का साथ देती है। अतः मैं अपनी समस्त चल – अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र राजकुमार व पुत्रवधू वैष्णवी को उनके कृत्यों से तंग आकर बेदखल करता हूँ। मेरे पुत्र द्वारा अगर कोई भी असामाजिक कृत्य किया जाता है व किसी भी प्रकार का अपराध करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी इनकी होगी। मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **दिनेश कुमार पुत्र रघुनन्दन, निवासी–फूलबाग कालोनी, कुर्सी रोड, गुडम्बा, लखनऊ** का हूँ, मेरी पुत्री सृष्टि कश्यप है, जिसकी जन्म तिथि 15/11/2010 है। मेरी पुत्री की टी.सी. में उसका नाम त्रुटिवश सृष्टि (Sristi) अंकित हो गया है, क्योंकि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में भी उसका नाम सृष्टि (Sristi) ही अंकित था, जब कि उसका पूरा एवं वास्तविक नाम सृष्टि कश्यप (Shristi Kashyap) है। यह कि सृष्टि व सृष्टि कश्यप दोनों एक ही महिला अर्थात मेरी पुत्री के ही नाम है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र दिलीप कुमार का चाल–चलन ठीक नहीं है। उसे हम अपने संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा। **अवधेश पुत्र आदित्य प्रसाद व संगीता पत्नी अवधेश निवासी चौदहा मेटुकहा थाना कटरा बाजार तहसील करनैलगंज जिला गोंडा**

**सूचना**

यह कि मेरे पुत्र अरविंद कुमार व उसकी पत्नी संगीता का चाल चलन व्यवहार सही न होने कारण सभी प्रकार के पारिवारिक संबध विच्छेद कर दिए है। उन लोगो द्वारा किए गए किसी कार्य की मेरी व मेरे अन्य परिजन की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कार्यो के स्वयं जिम्मेदार होंगे। – **मातादीन पुत्र गंगादीन निवासी हरिहरपुर डेरा थाना तिर्वा जन. कन्नौज**

**सूचना**

यह कि मेरे पुत्र अमित ऊर्फ बउआ का चाल चलन सही न होने कारण उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबध विच्छेद कर लिए। अब उसके द्वारा किए गए किसी कार्य से मेरी व मेरे परिजनो की नही होगी। वह अपने सभी कार्य का स्वंय जिम्मेदार होगा। – **सुरेंद्र कुमार पुत्र गंगाचरन निवासी सिमुआंपुर थाना ठठिया जन. कन्नौज**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्यामसुन्दर साहू पुत्र शिवसहाय निवासी म0न0 4/10/22 साहबगंज थाना कोतवाली नगर तहसील सदर, जिला अयोध्या** मेरा तीसरे नम्बर का पुत्र रितेश साहू व उसकी पत्नी प्रीती साहू का आचार विचार व व्यवहार मेरे व अन्य परिजनों के प्रति काफी कूरतापूर्ण रहा है वह मुझे तथा अन्य परिजनों को लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहते है मेरे कहने सुनने में नहीं हैं। अतः अपने उक्त पुत्र रितेश साहू व उसकी पत्नी प्रीति साहू के कूरता पूर्ण आचार व्यवहार से व्यथित होकर दोनों लोगों को अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। अगर वह लोग मेरी चल व अचल सम्पत्ति से किसी भी प्रकार का लेन देन अथवा कोई लिखा पढ़ी करते है तो शून्य समझा जायेगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शपथी के पुत्र रितेश साहू व बहू प्रीती साहू की होगी मेरा कोई लेना देना नहीं होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मैं सरोज द्विवेदी पत्नी रविंद्र कुमार द्विवेदी, निवासी– 68 मो.रामघाट पो. शहर व जिला अयोध्या मै. अवध होटल ग्राम माझा बरहटा परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या में साझेदार थी। व्यक्तिगत कारणों से अवध होटल से स्वेच्छा से दिनांक 10 जून 2025 से अलग हो गई हूं एवं श्रीमती सोनपती देवी पत्नी ज्ञानचंद द्विवेदी निवासी–68 मो. रामघाट पो. शहर व जिला अयोध्या उपरोक्त फर्म की एक अन्य साझीदार थी जिनका निधन दिनांक 8 मई 2021 हो गया है। हम उपरोक्त दो साझीदारों का कोई अंश उक्त अवध होटल से बकाया नहीं है।



## कार्यालयः अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ।

प0सं0: 42/एल0जे0एस0/ई़ई–7 दिनांक: 13.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनांक–20.06.2025 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 20.06.2025 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सायंकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सांय 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01 | जोन–7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत नलकूप सं0–41 पम्प हाउस एवं सेक्टर–19 स्थित शिरोपरि जलाशय कैम्पस की बाउन्ड्रीवाल मरम्मत का कार्य। | 400.00 | 7400.00 |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोन–7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी /महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता जोन–7**
**जलकल विभाग**



Date: 11.06.2025

**बिक्री एवं विपणन सूचना 100% पानी में घुलने योग्य उर्वरकों के मिश्रण**

**संदर्भ** – एफसीओ 1985 की अधिसूचना दिनांक 24 अक्टूबर 2015 आदेश सं. 2900 (ई) हम न्युकेम सनरेशिया प्रा. लि. फैक्ट्री : गट नंबर 193/2 ब, लखमापुर, तालुकाः डिंडोरी, जिलाः नाशिक, महाराष्ट्र, संहर्ष सर्व साधारण को सूचित करते हैं कि, गांव और पोस्ट बसनी, वाराणसी, शिव मंदिर के पास, तालुका पिंड्रा, जिलाः वाराणसी, उत्तर प्रदेश यहाँ से पुरे उत्तर प्रदेश राज्य के सभी जिलोंमें 100% पानी में घुलने योग्य उर्वरकों के मिश्रण की बिक्री एवं विपणन आरम्भ कर रहें हैं।

**Product Cattegory : 100% Water Soluble Mixture of Fertilizers**
100% पानी में घुलने योग्य उर्वरकों के मिश्रण

| | |
|---|---|
| NPK 20:20:20 | NPK 27:10:16 TE |
| NPK 15:30:05 + Zn 1% | NPK 25:12:12 |
| NPK 10:40:00 + Zn 1% | NPK 00:05:25 Ca2% S8% B 0.5% Mo 0.5% |
| NPK 8:8:30 + Zn1% | NPK 10:24:30 |
| NPK 00:42:32 | NPK 10:43:10 |
| NPK 00:50:10 | NPK 05:30:00 Ca2% Zn 1.5% B 0.75% |
| NPK 00:12:45 | NPK 05:25:05 S2% Fe1% |
| NPK 00:12:18 + Zn 1% | NPK 00:20:10 Ca2% Mn 1% Mo 0.5% |
| NPK 05:20:15 | NPK 00:25:20 S2%Mo 0.5% B 0.5% |
| NPK 05:55:17 | NPK 00:10:20 S6% Ca2% Mo 0.75% |
| NPK 05:35:40 | NPK 00:18:12 |
| NPK 00:40:40 | NPK 00:15:15 Ca5% |
| NPK 13:40:13 | NPK 00:10:20 S5% |
| NPK 06:10:32 Mg 2% | NPK 10:15:10 S3% |
| NPK 00:34:25+TE | NPK 12:12:17 S2%, MgO 3% |
| NPK (8:20:14) S | NPK 12:15:20 S6% |
| NPK 14:11:33 TE | NPK 00:15:15 Ca2 Mg2 S2 |

प्रयोग विधि फसलोंको होनेवाले लाभों के बारे में जाननेके लिए कृपया निम्न लिखित पते पर मेसर्स न्युकेम सनरेशिया प्रा. लि. की टीम से संपर्क करे।
**क्षेत्रीय विपणन कार्यालय– न्युकेम सनरेशिया प्रा. लि.**, गांव और पोस्ट बसनी, वाराणसी, शिव मंदिर के पास, तालुका पिंड्रा, जिलाः वाराणसी, उत्तर प्रदेश, संपर्कः 8530444815/ 7350001705

# आज शाम से बदल जाएगी शहर की यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गृहमंत्री और मुख्यमंत्री कल बांटेंगे सिपाहियों को नियुक्ति पत्र
- डिफेंस एक्सपो स्थल पर आयोजित होगा नियुक्ति पत्र वितरण
- रविवार कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगी डायवर्जन व्यवस्था

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश आरक्षी भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को रविवार को नियुक्ति पत्र वितरण किया जाएगा। इसके लिए समारोह का आयोजन डिफेंस एक्सपो स्थल पर किया गया है।

समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्तिपत्र देंगे। इसे देखते हुए कार्यक्रम स्थल, शहीद पथ और आसपास के इलाके में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसकी जानकारी शुक्रवार शाम को डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने दी। उन्होंने बताया कि डायवर्जन व्यवस्था शनिवार शाम चार बजे लागू होकर रविवार को कार्यक्रम समाप्ति तक चलेगी। इस दौरान शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर 24 घंटे से अधिक समय के लिए प्रतिबंध भी रहेगा। इस दौरान इमरजेंसी की स्थित में यातायात कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क करने पर विशेष इंतजाम किये जा सकेंगे।

## यहां रहेगी रोक

- अमौसी एयरपोर्ट वीआईपी मोड़ से एयरपोर्ट के अंदर रोक रहेगी।
- सेक्टर-सात-सी वृंदावन योजना रेलवे अंडर पास तिराहा शहीदपथ अंडरपास से सेक्टर-9 ए, मामा तिराहा, ज्ञान सरोवर नहर पुल (ईश्वरीखेड़ा) चौराहा से सेक्टर-15 कार्यक्रम स्थल की तरफ रोक रहेगी।
- सेक्टर-8 वृंदावन योजना शहीद पथ अंडरपास चौराहा से सेक्टर-10, सेक्टर-15 वृंदावन योजना कार्यक्रम स्थल की तरफ रोक रहेगी।
- सेक्टर-09 वृंदावन योजना तिराहा नहर रोड से सेक्टर-10 वृंदावन योजना चौराहा की तरफ प्रतिबन्धित रहेगा।
- वृन्दावन सेक्टर 09 (ऐलिड अपार्टमेन्ट डिजर्व) नहर तिराहा से सेक्टर-11, सेक्टर-12, सेक्टर-15 वृंदावन योजना की तरफ प्रतिबन्धित रहेगा।
- ज्ञान सरोवर नहर पुल (ईश्वरी खेड़ा) चौराहा सेक्टर-11, सेक्टर-12, सेक्टर-15 वृंदावन योजना कार्यक्रम स्थल की तरफ रोक रहेगी।
- सेक्टर-16 (बड़ी पानी की टंकी) वृंदावन योजना चौराहे से से-15 वृंदावन योजना कार्यक्रम स्थल की तरफ प्रतिबन्धित रहेगा।
- सेक्टर-18 वृंदावन योजना गेट/पेट्रोल पम्प तिराहा से ट्रोमा सेंटर चौराहा, सपना इनक्लेव, सेक्टर-15 कार्यक्रम स्थल की तरफ प्रतिबन्धित रहेगा।
- सेक्टर-18 वृंदावन योजना चौराहा सेक्टर-15 कार्यक्रम स्थल की तरफ रोक रहेगी।
- सेक्टर-10 उतरेठिया रेलवे स्टेशन रोड तिराहा से कार्यक्रम स्थल की तरफ रोक रहेगी।
- सेक्टर-11 वृंदावन योजना (बड़ी पानी की टंकी) चौराहा से सेक्टर-12 नहर पुल चौराहा, कार्यक्रम स्थल की तरफ रोक रहेगी।
- कल्ली पश्चिम पुलिस लाइन्स शिव मंदिर तिराहा से ट्रांजिट हास्टल चौराहा से सेक्टर-18, सेक्टर-15 वृंदावन योजना कार्यक्रम स्थल की तरफ रोक रहेगी।
- कालिन्दी पार्क मोड़ / तिराहा से सेक्टर-12 नहर पुल चौराहा की तरफ रोक रहेगी।
- उतरेठिया अंडरपास चौराहा से पीजीआई तिराहा की तरफ रोक रहेगी।
- बंगलाबाजार चौराहा से तेलीबाग चौराहा/उतरेठिया चौराहा की तरफ रोक रहेगी।
- तेलीबाग चौराहा से उतरेठिया चौराहा की तरफ रोक रहेगी।
- करियप्पा चौराहा से तेलीबाग/ उतरेठिया अंडरपास चौराहा की तरफ रोक रहेगी।
- रायबरेली रोड की तरफ से लखनऊ की तरफ आने वाला यातायात मोहनलालगंज कस्बा से हरीकंशगढी किसानपथ अंडरपास/ पीजीआई तिराहा / उतरेठिया अंडरपास चौराहा/तेलीबाग चौराहा की तरफ रोक रहेगी।

## यहां से जाएं

- ये वाहन अमौसी कामर्शियल मोड़ से बांए होकर।
- ये वाहन उतरेठिया रेलवे क्रासिंग अंडर पास से दाहिने तेलीबाग होकर।
- ये वाहन उतरेठिया शहीद पथ रेलवे क्रासिंग अंडरपास से दाहिने उतरेठिया रेलवे स्टेशन रोड या तेलीबाग होकर।
- ये वाहन सेक्टर-9 मामा तिराहा से चिरैयाबाग, तेलीबाग होकर।
- ये वाहन सेक्टर-9 (ऐलिड अपार्टमेन्ट डिजर्व) नहर तिराहा से चिरैयाबाग, तेलीबाग होकर।
- ये वाहन ज्ञान सरोवर नहर पुल (ईश्वरी खेड़ा) चौराहा से चिरैयाबाग, तेलीबाग होकर।
- ये वाहन सेक्टर-16 (बड़ी पानी की टंकी) वृन्दावन योजना चौराहा से नहर रोड से ज्ञान सरोवर विद्यालय नहर पुल चौराहा या सेक्टर-17 से नहर पुल चौराहा होकर।
- ये वाहन सेक्टर-18 वृन्दावन योजना गेट / पेट्रोल पम्प तिराहा से पीजीआई तिराहा या उत्तरेठिया अण्डरपास होकर।
- ये वाहन सेक्टर-18 वृन्दावन योजना चौराहा से कल्ली पश्चिम पुलिस लाइन रोड या सेक्टर-19, सेक्टर-13 नहर पुल चौराहा रेलवे स्टेशन रोड, उत्तरेठिया शहीद पथ रेलवे क्रासिंग अण्डरपास से वृन्दावन योजना सेक्टर-07सी तिराहा से दाहिने तेलीबाग होकर।
- ये वाहन उतरेठिया शहीद पथ रेलवे क्रासिंग अंडरपास से वृंदावन योजना सेक्टर-7 सी तिराहा से दाहिने तेलीबाग होकर।
- ये वाहन तेलीबाग होकर।
- ये वाहन वृंदावन चौराहा से बांए पीजीआइ होकर।
- ये वाहन पीजीआइ तिराहा होकर।
- ये वाहन आंबेडकर विवि अंडरपास से सीधे ओमेक्स सिटी मोड़ से बांये सीधे बिजनौर बाजार होते हुए।
- ये वाहन बंगला बाजार पुलिस चौकी तिराहा से दाहिने खजाना मार्केट चौराहा से बांए स्मृति उपवन चौराहा से बांए पासी किला चौराहा किसानपथ अंडरपास चौराहे होते हुए।
- ये वाहन बंगलाबाजार पुलिस चौकी तिराहा से बांए खजाना मार्केट चौराहा से बांए स्मृति उपवन चौराहा से बांए पासी किला चौराहा होते हुए सीधे बाबूखेड़ा तिराहा से बांए मोहनलालगंज कस्बा होते हुए।
- ये वाहन छप्पन चौराहा, कुंवर जगदीश चौराहा, जेल हाउस चौराहा, बंगलाबाजार चौराहा से दाहिने बाराबिरवा चौराहा से बांए होते हुए।
- ये वाहन मोहनलालगंज कस्बा तिराहा से बांए बाबूखेडा तिराहा से जुनाबगंज तिराहा से दाहिने कानपुर-लखनऊ रोड अथवा बाबूखेड़ा तिराहा से बिजनौर अंडरपास होते हुए।

## राजधानी की ओर आने वाले भारी वाहनो पर रहेगी रोक

### कानपुर की तरफ से

- रामादेवी चौराहा- इटावा-औरैया की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिन्हें उन्नाव, लखनऊ होकर बाराबंकी, गोरखपुर की तरफ जाना है, ऐसे वाहन रामादेवी चौरहा से दाहिने मुड़कर चौडगरा फतेहपुर से बाये मुड़कर लालगंज बछरावा (रायबरेली) से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर जा सकेंगे।
- घाटमपुर चौराहा- कानपुर देहात-मूसानगर, सजेती से घाटमपुर की तरफ आने वाले भारी वाहन जिन्हें नौबस्ता होकर उन्नाव, लखनऊ की तरफ जाना है, ऐसे भारी वाहन घाटमपुर चौराहा से चौडगरा-फतेहपुर-लालगंज बछरावा (रायबरेली) से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर जा सकेंगे।
- रामादेवी चौराहा- कानपुर शहर से जाने वाले भारी वाहन जिन्हें उन्नाव होते हुए लखनऊ की तरफ जाना है, ऐसे वाहन रामादेवी से चौडगरा-फतेहपुर-लालगंज बछरावा (रायबरेली) होकर जा सकेंगे।

### रायबरेली की तरफ से

- हुसेनगंज तिराहा- फतेहपुर से आने वाले भारी वाहन हुसेनगंज तिराहा से डलमऊ की तरफ डायवर्ट किये जायेंगे, जो ऊँचाहार-सलोन-परशदेपुर-सुल्तानपुर की ओर जायेंगे।
- सेमरी चौराहा- कानपुर की ओर से रायबरेली-लखनऊ जाने वाले भारी वाहन सेमरी चौराहा से खीरो-गुरुबक्शगंज से पुरवा मौरावां के लिए डायवर्ट किये जायेंगे।
- ऊँचाहार- जनपद प्रयागराज से आने वाले भारी वाहन ऊँचाहार से सलोन-परशदेपुर होते हुए सुल्तानपुर की तरफ जाएंगे।

### सुल्तानपुर की तरफ से

- हलियापुर कट- लखनऊ जाने वाले समस्त भारी वाहनों को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे हलियापुर कट किमी0 80 से नीचे उतारा जायेगा, जो आयोध्या की तरफ अथवा रायबरेली की तरफ होते हुए जायेंगे।
- अमहट चौराहा- सुल्तानपुर से लखनऊ जाने वाले समस्त भारी वाहनों को अमेठी की तरफ एनएच-128 पर भेजा जायेगा, जो अमेठी अथवा गौरीगंज होते हुए जायेंगे।

### फतेहपुर की तरफ से

- सातमील हुसैनगंज- रायबरेली से फतेहपुर होकर बांदा की ओर आने-जाने वाले भारी वाहनों को रायबरेली डलमऊ से सातमील हुसैनगंज लखनऊ बाईपास-चौडगरा-बिन्दकी बंधवा तिराहा ललौली-चिल्ला होते हुए बांदा की ओर वाहन आवा-गमन करेंगे।

### सीतापुर की तरफ से

- बड़ागाँव तिराहा- महोली से आने वाले भारी वाहन बड़ागोंव-काजीकमालपुर-गोला मार्ग से खीरी जायेंगे।
- महमूदाबाद तिराहा- सिधौली से आने वाले भारी वाहन महमूदाबाद चौराहा से महमूदाबाद होते हुए बाराबंकी-गोण्डा बहराइच जायेंगे।

### महोबा की तरफ से

- थाना खन्ना- महोबा से कानपुर लखनऊ की ओर जाने वाले सभी मालवाहक वाहन केवल बुन्देल खण्ड एक्सप्रेस-वे से होकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगे। किसी भी मालवाहक का मौदहा हमीरपुर घाटमपुर कानपुर के रास्ते पर प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा।

### उन्नाव की तरफ से

- गदन खेड़ा चौराहा फ्लाईओवर-लखनऊ-कानपुर हाइवे-27 पर कानपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को गदन खेड़ा चौराहा फ्लाईओवर के नीचे से अचलगंज होते हुये जनपद रायबरेली व फतेहपुर की तरफ डायवर्जन किया जायेगा।

### अमेठी की तरफ से

- मुंशीगंज- सुल्तानपुर की ओर से जनपद अमेठी होकर रायबरेली जाने वाले भारी वाहनों को जनपद अमेठी के कस्बा क्रमश मुंशीगंज-गौरीगंज-जायस फुरसतगंज से जायेंगे।
- फुरसतगंज- रायबरेली की ओर जनपद अमेठी होकर जनपद सुल्तानपुर जाने वाले भारी वाहन जनपद अमेठी के कस्बा क्रमशः फुरसतगंज-जायस-गौरीगंज मुंशीगंज से जायेंगे।
- अमेठी- प्रतापगढ़ की ओर से जनपद अमेठी होकर रायबरेली जाने वाले भारी वाहन जनपद अमेठी से कस्बा क्रमशः अमेठी गौरीगंज-जायस फुरसतगंज से जायेंगे।
- पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे- अयोध्या की ओर से जनपद अमेठी आने वाले भारी वाहन पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जायेंगे।

### बस्ती की तरफ से

- पालिटेक्निक चौराहा- जनपद बस्ती के पालिटेक्निक चौराहे से डुमरियागंज होते हुए बलरामपुर-बहराइच के रास्ते लखनऊ की तरफ जायेंगे।
- फुटहिया- जनपद बस्ती के फुटहिया से कलवारी-टांडा-अम्बेडकरनगर के रास्ते होकर
- पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते होकर जायेंगे।
- घघौवा- जनपद बस्ती के घघौवा से जनपद जनपद गोण्डा से रास्ते होकर जायेंगे।

### जालौन की तरफ से

- कैथरी कट- झाँसी एवं चित्रकूट की ओर से कानपुर/लखनऊ की ओर जाने वाले भारी वाहन कैथरी कट से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे होकर अपने गन्तव्य की ओर जायेंगे।
- बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे- उरई राठ रोड़, डकोर, टीकर, कोटरा आदि की ओर आने वाले तथा कानपुर/ लखनऊ की ओर जाने वाले भारी वाहन बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे होते हुए जायेंगे।
- छिरिया सलेमपुर कट- भिण्ड (मध्य प्रदेश), माधवगढ़, बंगरा की ओर से आने वाले भारी वाहन छिरिया सलेमपुर कट होते हुए बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे होते हुए जायेंगे।
- काशीखेड़ा- इटौरा चौकी की ओर से आने वाले वाहन काशीखेड़ा से चतेला मोड़-जोल्हूपुर मोड़-हमीरपुर से कानपुर/लखनऊ की ओर से जाने वाले भारी वाहन उरई होते हुए वाया बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे होते हुए जाएंगे।

### लखनऊ की तरफ से

- इटौंजा- सीतापुर से गोण्डा, मनीकापुर, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ आदि जाने वाले भारी वाहन सीतापुर इटौजा - कुमरावां-कुर्सी-देवा-बाराबंकी-रामनगर-करनैलगंज होते हुए जा सकेंगे।
- मलिहाबाद- हरदोई से गोण्डा, मनीकापुर, बस्ती, संतकबीरनगर, गोखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ आदि जाने वाले भारी वाहन हरदोई से मलीहाबाद-इटौजा-कुमरावां-कुर्सी-देवा-बाराबंकी-रामनगर-करनैलगंज होते हुए जा सकेंगे।



पुरस्कारों के साथ प्रतियोगिता में विजयी महिलाएं। अमृत विचार

# महिलाओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उप्र खेल प्रकोष्ठ मिशन मोदी अगेन पीएम की देखरेख में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचारः** उप्र खेल प्रकोष्ठ मिशन मोदी अगेन पीएम की देखरेख में शुक्रवार को स्वस्थ रहें, निरोग रहें कार्यक्रम के तहत कामकाजी महिलाओं के लिए गोमतीनगर के एक होटल में योग प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इसमें प्रतियोगिता का आयोजन करने के साथ ही महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया।

मोदी अगेन पीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि राम गोपाल काका ने कहा कि सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए खेलों की उपयोगिता और महत्व है। इस दृष्टि से स्वदेशी खेलों का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि इन खेलों में न तो अधिक पैसा लगता है और न ही ज्यादा संसाधन। खेलों के माध्यम से मिशन मोदी के कार्यकर्ता में नयी ऊर्जा का संचार किया जाना हमारी प्राथमिकता है। उप्र कुने डो एसोसिएशन के निर्देशक सुधीर शर्मा ने बताया कि मिशन मोदी अगेन पीएम खेल प्रकोष्ठ का मुख्य काम दूर-दराज के ग्रामीण बच्चों में टैंलेट को ढूंढ़ना है। इस मौके पर गुट्टक,पोशम्पा भई पोशम्पा,आत्म रक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गुट्टक में ममता जिंदल प्रथम, सरिता शर्मा द्वितीय व उषा अग्रवाल तृतीय रहीं। इसी तरह पोशम्पा भई पोशम्पा में डॉ. शिल्पी पहले, नीलम मिश्रा दूसरे व दीपा श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर रहीं। आत्म रक्षा में कुसुम पाठक को पहला, डॉ. शिल्पी को दूसरा और मोनिका गांगुली को तीसरा स्थान मिला। इसके अलावा महिलाओं को रस्सी कूद का डेमो देकर प्रशिक्षण भी दिया गया। योग प्रशिक्षण कार्यक्रम योगाचार्य कृष्णावतार गुप्ता और डॉ. रुबी श्रीवास्तव की ओर से संचालित किया गया। यह कार्यक्रम मिशन मोदी अगेन पीएम की लखनऊ की अध्यक्ष मता जिंदल की तरफ से किया गया।

## गोरखपुर के माफिया ने लखनऊ कोर्ट में किया समर्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के कुख्यात माफियाओं की सूची में शामिल गोरखपुर के माफिया सुधीर सिंह ने गोरखपुर पुलिस को चकमा देकर लखनऊ की एक कोर्ट में आत्म समर्पण कर दिया। सुधीर के खिलाफ लखनऊ के गाजीपुर थाने में भी आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज था। जिसमें वह फरार था। पुराने मामले में आरोपी कोर्ट में हाजिर हुआ था। जहां से उसे जेल भेजा गया। अब गोरखपुर खजनी थाने की पुलिस सुधीर की ट्रांजिट रिमाण्ड हासिल करने का प्रयास कर रही है। गोरखपुर के खजनी में 27 मई की रात सरिया व्यापारी के घर हुए समारोह के दौरान सुधीर सिंह ने भौवापार निवासी अंकुर शाही पर फायरिंग की थी। जानलेवा हमला करने के बाद से ही आरोपी फरार था। जिसकी तलाश के लिए खजनी थाने की पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच और एसटीएफ की टीमें प्रयास कर रही थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए सुधीर ने गोरखपुर कोर्ट में जमानत अर्जी दायर की थी। जिस पर सुनवाई होनी बाकी है। गोरखपुर में अर्जी दायर होने की जानकारी मिलने के बाद से ही टीमें आरोपी की लोकेशन ट्रैक कर रही थी। इसी दौरान आरोपी सुधीर सिंह ने पुलिस और एसटीएफ को चकमा देकर लखनऊ कोर्ट में समर्पण कर दिया।

## एक नजर

### सीएचएम यशवीर सिंह की पत्नी सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय सेना 26वां कारगिल विजय दिवस समारोह 26 जुलाई को मनाएगी। इस उपलक्ष्य में सेना ' 'घर घर शौर्य सम्मान महोत्सव'' आयोजित करके शहीदों के परिजनों को सम्मान पत्र तथा स्मृति चिह्न भेंट कर रही है। इसके तहत शुक्रवार को फजलपुर, रोहटा रोड, मेरठ में मुनेश देवी जो शहीद सीएचएम यशवीर सिंह, वीर चक्र (मरणोपरांत) की पत्नी हैं, को सम्मानित किया गया। परिजनों से संवाद करके उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान परिजनों की आवश्यकताओं के निराकरण के लिए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

### आईआरएमएस के 16 अधिकारी भारतीय रेल सेवा में शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) ट्रैफिक के 16 अधिकारी भारतीय रेल सेवा में शामिल किया गया है। ये सभी विभिन्न जोनल रेलवे में प्रोबेशनी अधिकारी के तौर पर कार्यभार संभालेंगे। इन अधिकारियों ने लखनऊ स्थिति भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंध संस्थान (आईआरआईटीएम) में रेलवे प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में 104 सप्ताह का प्रशिक्षण लिया था। आईआरआईटीएम में आईआरएमएस के प्रथम बैच (2022) के हुए दीक्षांत के मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (पर्यटन एवं खानपान) अमित वर्धन रहे। उन्होंने आईआरआईटीएम के अपर महानिदेशक संजय त्रिपाठी ने समारोह की शुरुआत की। उसके बाद संस्थान के डीन शिशिर सोमवंशी ने सभी 16 प्रोबेशनरी अधिकारियों को शपथ दिलाई।

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला प्रॉपर्टी डीलर का शव

**अमृत विचार, आशियाना :** थाना क्षेत्र के किला मोहम्मदी में रहने वाले 24 वर्षीय आकाश की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। आकाश प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। भाई प्रभात ने बताया कि गुरुवार दोपहर वह अपने पिता के साथ निजी काम से गए थे। दोपहर 3 बजे उनका छोटा भाई आकाश घर से बिना बताए मोटरसाइकिल से कहीं चला गया था। इसी दौरान शाम को आशियाना पुलिस ने रजनी खंड रेलवे क्रॉसिंग के पास उसका शव पड़ा होने की सूचना दी। परिजन को वहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि उसका भाई आकाश रेलवे ट्रैक के पास मोटरसाइकिल खड़ा करके रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी मौके से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गया। परिवार में पिता रेलवे से रिटायर्ड ओमप्रकाश, मां राजेश्वरी और बड़ा भाई प्रभात हैं।



महिला संविदा परिचालकों को नियुक्ति पत्र देते क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी व अन्य। अमृत विचार

# 79 संविदा परिचालकों को मिले नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में शुक्रवार को 79 नवचयनित महिला संविदा परिचालकों को नियुक्ति आदेश पत्र वितरित किए गए।

क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी, वरिष्ठ लेखाकार आशीष कुमार, राम बालक और रामरूप उपस्थिति में समस्त चयनित महिला संविदा परिचालकों को शुभकामनाओं के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

परिवहन निगम मुख्यालय की ओर से जारी निर्देशों के क्रम में 17 अप्रैल 2025 से 25 अप्रैल 2025 तक क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय लखनऊ क्षेत्र में महिला संविदा परिचालक भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें कुल 460 महिला अभ्यर्थियों द्वारा आनलाईन व आफलाईन के माध्यम से आवेदन किया गया था। जिसमें 125 महिला अभ्यर्थी योग्य और 335 अयोग्य पाई गईं। जिसके प्रथम चरण में कुल रिक्तियों के सापेक्ष 46 महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया था। बाकी महिला संविदा परिचालकों का चयन शुक्रवार को हुआ।

# जेद्दा से आई पहली उड़ान, लखनऊ पहुंचे हाजी

## राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** हज 2025 के लखनऊ उड़ान स्थल से गए हज यात्रियों की पहली वापसी उड़ान शुक्रवार को तड़के लखनऊ पहुंची। जेद्दा से चलकर आई उड़ान संख्या एसवी-3106 निर्धारित समय 00:25 के बजाय 00:05 बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। इस फ्लाइट से 288 हज यात्री लौटे हैं।

एयरपोर्ट पर यात्रियों के स्वागत के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (अल्पसंख्यक कल्याण) दानिश आजाद अंसारी मौजूद रहे। उन्होंने सभी यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और फूल भेंट कर उन्हें बधाई दी। यात्रियों ने मिना, अराफात और मुजदलिफा में की गई व्यवस्थाओं की विशेष सराहना की और हज यात्रा की संपूर्ण प्रक्रिया को सुविधाजनक और संतोषजनक बताया। उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की सेवाओं और स्टेट हज इंस्पेक्टर की तत्परता की भी प्रशंसा की।



एयरपोर्ट पर हज से लौटे यात्री के साथ मंत्री दानिश आजाद अंसारी। अमृत विचार

एयरपोर्ट पर वली मोहम्मद, नदीमुल हसन, सैयद अली वारसी, हाफिज एजाज अहमद, कल्बे हुसैन, मोहम्मद इफ्तेखार हुसैन, कामरान खान मौजूद रहे। दूसरी वापसी उड़ान एसवी-3108 भी आज सुबह 5:22 बजे लखनऊ पहुंची, जिसमें 287 हज यात्री लौटे। इस अवसर पर सचिव एसपी तिवारी, मोहम्मद जावेद खान, प्रशासनिक अधिकारी आरिफ रऊफ सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# विमान हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि




कैंडल मार्च निकालते अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

## नजीराबाद में निकाला कैंडल मार्च

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नजीराबाद इकाई ने शुक्रवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि दी।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी ने बताया कि इस मौके पर युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, नगर महामंत्री अनुज गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र सोनकर, महामंत्री साबिर हुसैन, अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष एजाजुल हुई अज्जू, साजिद अली, मो इदरीस, समीर कमाल,साजिद अली सहित कई व्यापारी शामिल हुए।



यहियागंज बाजार में शोकसभा में शामिल व्यापारी। अमृत विचार

## यहियागंज में की गई शोकसभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विमान हादसे में हुई मौतों को लेकर यहियागंज उद्योग व्यापार मंडल की ओर से बाजार में शोकसभा का आयोजन किया गया। विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित मारे गए सभी यात्रियों और अन्य लोगों को संगठन की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर वरिष्ठ महामंत्री नीरज गुप्ता, संसदीय महामंत्री प्रशांत गर्ग, युवा अध्यक्ष कुश मिश्र, लखनऊ फायर वर्कस डीलर एसोसिएशन के महामंत्री सतीश मिश्रा, वरिष्ठ महामंत्री समीर जैन, धीरेन्द्र अवस्थी, विनय गुप्ता, हर्षित जायसवाल, सोनू तिवारी, सोनू जायसवाल, सुमित दीक्षित, सनी लालवानी, श्रवण वाजपेयी, अनुराग पाण्डेय, दिनेश मिश्रा मौजूद रहे।

# वाजपेयी की चार कृतियों का विमोचन

## पद्मश्री डॉ. विद्या विन्दु सिंह, प्रो. हरिशंकर मिश्र रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सुनील कुमार वाजपेयी की चार कृतियों में शाश्वत सत्य सनातन हूं, शाश्वत भाव प्रवाह, बीते तीन प्रहर, जो उमड़ा सो बरसा का लोकार्पण यूपी प्रेस क्लब में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने की। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्या विन्दु सिंह और विशिष्ट अतिथि प्रो. हरिशंकर मिश्र उपस्थित रहे।




पुस्तक का विमोचन करते डॉ. विद्या विन्दु, प्रो. हरिशंकर और अन्य। अमृत विचार

प्रो हरि शंकर मिश्र ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में परमात्मा को सनातन तो माना गया है। साथ ही जीवात्मा को भी सनातन धर्म के रूप में स्वीकार किया गया है। अर्थात् कहने का तात्पर्य यह है कि सनातन धर्म में सभी चीजें सनातन हैं और यह अनादिकाल से हैं। कहा जाता है कि यतो धार्मस्ततो जयरू अर्थात जहां धर्म हैं वहां विजय निश्चित है। इसलिए मनुष्य को धर्मनिष्ठ रहना चाहिए।

मुख्य अतिथि पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह ने कहा कि सनातन का अर्थ है शाश्वत, सदा रहने वाला, अर्थात ऐसा धर्म जो अनादि और अनंत है। जिसके मूल में सर्व कल्याण की भावना व्याप्त है। सुनील वाजपेयी का लेखन इसी भावना से परिपूर्ण है।

कार्यक्रम में घनानन्द पांडेय, डॉ. दिनेश चन्द्र अवस्थी, सुशील चन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन संस्था की महामंत्री डॉ. रश्मि शील ने किया।

## एक नजर

### सड़क किनारे मिला मजदूर का शव

अमृत विचार, गोसाईंगंज : थाना क्षेत्र स्थित जेल रोड ओवरब्रिज रेलवे क्रासिंग के पास सड़क किनारे शुक्रवार शाम को युवक का शव मिला। सूचना मिलते ही गोसाईंगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। लोगों ने शव की पहचान लाला रावत (35) पुत्र जगतू रावत निवासी ग्राम सीताराम पुरवा माजरा बक्कास के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि लाला की ससुराल डालखेड़ा थाना गोसाईंगंज में है। वहां वह पत्नी खुशबू व एक बेटे के साथ रहता था। पुलिस ने परिजन से बात की तो पता चला कि लाला शराब पीने का आदी था। सुबह वह साइकिल से काम के लिए निकला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### शराब ठेके के पास मिला अधेड़ का शव

अमृत विचार, लखनऊ : बीकेटी के शिवपुरी गांव निवासी श्रीराम (51) का शव गुरुवार रात आठ शराब की दुकान से कुछ दूरी पर पड़ा मिला। बेटे सुमित ने बताया कि वह परिवार संग कठवारा शिवपुरी रोड पर स्थित आर्या फार्म हाउस पर रहता है। सुमित दो भाइयों के साथ फार्म हाउस के मालिक जानकीपुरम निवासी अभिषेक आर्य के शाइन मोटर गैराज में काम करता है। गुरुवार को जब श्रीराम सुबह से शाम तक घर नहीं पहुंचे तो परिजन ने खोजबीन शुरू की। रात करीब साढ़े आठ बजे फार्म हाउस से डेढ़ किलोमीटर दूर शराब की दुकान के पास श्रीराम मरणासन्न हालत में मिला। परिजन ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने श्रीराम को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि परिवार ने कोई आरोप नहीं लगाया है। श्रीराम मूल रूप से सीतापुर के रहने वाले थे। परिवार में पत्नी रामश्री, बेटा अमर व अमित हैं।

# छिनी बुढ़ापे की लाठी : छोटे बेटे की मौत के चार दिन बाद बड़े बेटे की भी मौत

## परिजन बोले सीने में दर्द होने पर ले जा रहे थे अस्पताल, रास्ते में तोड़ा दम

संवाददाता, सरोजनीनगर

- मोहल्ले में छाया मातम, नाते-रिश्तेदार हतप्रभ

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर तहसील में पवन सिंह की चार दिन पूर्व हुई हार्ट अटैक से हुई मौत के गम से अभी परिवारवाले निकल भी नहीं पाए थे कि शुक्रवार को बड़े भाई मोनू सिंह (41) की भी मृत्यु हो गई। दो जवान बेटों की मौत से पिता लाल बहादुर और उनका परिवार बिखर गया है। घटना से मोहल्ले में मातम छा गया है। दोपहर में परिजन ने मोनू के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

बंथरा हनुमान मंदिर के पास रहने वाले पिता लाल बहादुर सिंह ने बताया कि बेटे मोनू की भी हार्ट अटैक से ही मौत हुई है। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे मोनू के सीने में तेज दर्द उठा। बेटे की हालत बिगड़ती देख आनन-फानन पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों की मदद से बेटे को अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में ही मोनू ने दम तोड़ दिया। जवान बेटे का शव लेकर परिजन घर पहुंचे तो चीख पुकार मच गयी।

बताया जा रहा है कि मोनू मेडिकल स्टोर चलाता था। पिता ने बताया कि छोटे बेटे पवन (25) की मौत के बाद मोनू ही उनके बुढ़ापे का सहारा था। भगवान ने उसे भी छीन लिया। छोटा बेटा अधिवक्ता पवन सिंह सरोजनीनगर तहसील में प्रैक्टिस करता था। सोमवार दोपहर कचहरी में ही वह बेहोश होकर गिरा था। साथी अधिवक्ता उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था।

परिवार ने बताया कि मोनू, छोटे भाई की मौत के बाद से बहुत तनाव में था। डिप्रेशन की दवाई भी खाता था। गांव में चर्चा है कि मोनू सुबह मार्निंग वॉक पर गया था। वहां से लौटने के बाद उन्हें दर्द हुआ था। मोनू की मौत से माता-पिता और पत्नी का बुरा हाल है।

### छोटे भाई के नाम से खोला था मेडिकल स्टोर

लाल बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों भाई एक दूसरे को बहुत चाहते थे। मोनू ने अपने मेडिकल स्टोर का नाम भी पवन मेडिकल के नाम से रखा था। मोनू की शादी 10 साल पहले हुई थी। उसे कोई संतान नहीं थी। पवन की शादी की तैयारी चल रही थी। कई जगह से रिश्ते आ रहे थे।

# मुनाफे का झांसा देकर ऐंठे 27.50 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर डाउनलोड कराया एप
- फर्जी ट्रेडिंग एकाउंट में दिखाया 2.68 करोड़ का मुनाफा
- 9 खातों में 14 बार में जमा करायी गयी रकम
- पीड़ित ने साइबर थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट




**अमृत विचार :** साइबर ठग ने शेयर ट्रेडिंग पर मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति से करीब 27.50 लाख रुपये ऐंठ लिए। व्हाट्सएप पर जालसाजों ने लिंक भेजकर फंसाया। फिर फर्जी एप डाउनलोड कराकर रुपये जमा कराए। एप पर करोड़ों का मुनाफा दिखने पर पीड़ित ने रुपये निकालने का प्रयास किया गया तो उनसे आयकर के नाम पर रुपये की मांग की गयी। पीड़ित ने पड़ताल की तो ठगी का पता चला। पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अलीगंज सेक्टर-ओ निवासी अभय कुमार मिश्र ने बताया कि कुछ दिन फेसबुक के माध्यम से व्हाट्सएप लिंक पर क्लिक किया। जिसके बाद उनका नंबर एम3 बजाज एकेडमी और टाटा कैपिटल नाम के व्हाट्सएप ग्रुप पर जुड़ गया। उसके बाद व्हाट्सएप पर उनकी असिस्टेंट इशिता कपूर व अनुष्का डे से चैट हुई। जालसाज ने शेयर ट्रेडिंग पर निवेश पर मुनाफे का झांसा दिया। फिर जालसाज ने लिंक भेजकर प्ले स्टोर से एप बीएफएसएल मैक्स और मनीफाई मैक्स एप डाउनलोड कराकर ब्रोकर खाता ट्रेडिंग एकाउंट खोला गया।

पीड़ित ने बताया कि उन्हें समझाया गया कि ब्लक ट्रेड और आईपीओ डिस्काउंट पर खरीदा और अगले दिन बेचने पर मुनाफा मिलता है। जाल में फंसे अभय ने दिए गए दोनों कंपनी के खातों में 19.50 लाख और 8 रुपये ट्रांसफर किए। ट्रेडिंग एकाउंट में मुनाफा 2.68 करोड़ दिखने पर पीड़ित ने रुपये निकालने का प्रयास किया तो उनसे 20 प्रतिशत कमीशन मांगा गया। जिसपर पीड़ित को शक हुआ। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने 9 खातों में 14 बार में 27.50 लाख रुपये जमा किए थे। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# दो लुटेरे गिरफ्तार, बाइक व माल बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैसरबाग पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूट का माल और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ राजधानी के कई थानों में मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों के साथियों की तलाश कर रही है।

इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार मिश्रा पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि लूट करने वाले गिरोह के दो सदस्य सआदतगंज निवासी अस्तर अब्बास और ठाकुरंगज निवासी फहीम अहमद कैम्पवेल रोड पर ईंट भट्टे के पास मौजूद हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपितों ने 31 अक्टूबर 2024 को संत कबीर नगर निवासी इमरान खान की पत्नी से पर्स लूटा था। पर्स में जेवरात और रुपये रखे हुए थे। इसके अलावा 12 मार्च 2025 को बदमाशों ने फैजुल्लागंज निवासी अमित कुमार दुबे से लूट की थी। आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह बाइक से लोगों के साथ लूट की वारदातें करते थे। पकड़े गए आरोपी अस्तर अब्बास के खिलाफ पारा, चिनहट,हसनगंज और सआदतगंज में 10 मामले दर्ज हैं। वहीं, फहीम के खिलाफ मड़ियांव में एक मामला दर्ज है। आरोपियों के पास से पुलिस ने लूटे गए जेवरात,1420 रुपये और एक बाइक बरामद की है।

# दुकान में लगी आग, लाखों का माल जला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पीड़ित से घटना की जानकारी लेते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नरपत खेड़ा पारा स्थित श्याम प्लाजा में संचालित अंश ट्रेडर्स में शार्ट सर्किट से आग लग गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि इस घटना में दुकानदार का 32 से 35 लाख रुपये का माल जलकर राख हो गया।

अंश ट्रेडर्स के मालिक ऋषिकेश चौरसिया बताया कि वह गुरुवार रात दुकान बंद करके घर चले गए। इस बीच देर रात दुकान में आग लग गई। वहां काम करने वाले लेबरों ने फोन करके घटना की जानकारी दी। जब तक मौके पर पहुंचे तो सारा सामान जलकर राख हो गया। इस बीच फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और काफी देर बाद आग पर काबू पाया। इससे अन्य दुकानें में आग नहीं फैल पाई। लेकिन, उनकी दुकान के अंदर रखा 32 से 35 लाख का माल जलकर राख हो गया। सुबह घटना की जानकारी होने पर व्यापार संगठन के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे पहुंचे और ऋषिकेश हर संभव मदद का आश्वासन दिया। जिला प्रभारी प्रवीण मणि त्रिपाठी, राजेंद्र शुक्ला इकाई अध्यक्ष, धर्मराज यादव अध्यक्ष, चंद्रभान यादव युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने सहायता की बात कही।

# बच्ची से से बाबा ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** बंथरा थाना क्षेत्र में 20 रुपये और आम खिलाने के बहाने रिश्ते में लगने वाले बाबा ने दूसरी कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। ग्रामीणों की सलाह में मां ने शुक्रवार को बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर राणा राजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

एक गांव में रहने वाला मजदूर 8जून को मजदूरी करने गया था। पत्नी अपने रिश्तेदारी चली गई थी। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय में कक्षा-2 में पढ़ने वाली 6 वर्षीय बेटी दो छोटे भाई-बहन संग घर पर थी। दोपहर करीब 2:30 बजे गांव में रहने वाला 75 वर्षीय रिश्तेदार बाबा घर आया। छात्रा को आम खिलाने का लालच देने के साथ ही 20 रुपये देकर अपने साथ करीब सौ मीटर दूर अपने पुराने घर में गया।

आरोप है कि वहां पर आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। शाम को मां वापस घर लौटी, तब बच्ची ने आपबीती बताई। गांव में बात फैली तो कुछ लोगों ने आपस में समझौता करा दिया। इसी दौरान कुछ लोगों ने पीड़ित परिवार को थाने में शिकायत करने की सलाह दी। इसके बाद मासूम छात्रा की मां शुक्रवार को पुलिस के पास पहुंची। पुलिस ने मां की तहरीर पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

# इंडियन ऑयल के तीन टैंकरों में लगी आग, अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



जलते हुए टैंकरों से उठता धुआं। अमृत विचार

- सरोजनीनगर में शुभम पैलेस के सामने की घटना
- तीन गाड़ियों से दमकल ने एक घंटे में आग पर पाया काबू

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर स्थित शुभम पैलेस के सामने पार्किंग में खड़े इंडियन ऑयल अमौसी बॉटलिंग प्लांट के तीन टैंकरों में गुरुवार देर रात आग लग गई। आग की लपटें निकलती देख आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने एक घंटे में आग पर काबू पा लिया।

एफएसओ सरोजनीनगर सुमित सिंह के मुताबिक, गुरुवार रात करीब 12 बजे दमकल को टैंकरों में आग लगने की जानकारी मिली। ऐसे में वह तुरंत एक गाड़ी और टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आग की भीषण लपटों और एहतियात के तौर सभी फायर स्टेशनों से गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। टैंकरों से आग की लपटें उठ रही थीं। इस बीच इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की टीम और एफएसओ धर्मपाल सिंह भी दो गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर आ गए। दमकल कर्मियों ने वाहनों और इंडियन ऑयल बॉटलिंग प्लांट से पानी लेकर आग पर काबू पा लिया। एफएसओ ने बताया आग पर काफी हद तक काबू पाते देख मंगवाई गई गाड़ियां लौटा दी गईं। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने एक घंटे में आग बुझा ली। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव प्रजापति के मुताबिक, जांच में पाया गया कि टैंकर खाली थे। ऐसे में बड़ी घटना होते-होते रह गई। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। एफएसओ सुमित सिंह ने लोगों से इस बात की अपील की कि ज्वलनशील पदार्थों के आसपास विशेष सतर्कता रखें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 112 नंबर पर सूचना दें।

# डिवाइडर से टकराकर गुमटी में घुसी बाइक, टाटा मोटर्स कर्मी की मौत

संवाददाता, निगोहां

- डिवाइडर से टकराकर गुमटी में घुसी बाइक, टाटा मोटर्स कर्मी की मौत
- पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज स्थित भावाखेड़ा गांव के पास गुरुवार रात मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए सड़क किनारे गुमटी में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी।

रायबरेली के सुदौली गांव निवासी विशाल (22) चिनहट स्थित टाटा मोटर्स में कार्यरत था। परिवार में पिता महादेव, मां राजकुमारी, भाई शिवम और बहन हैं। रोजाना की तरह गुरुवार रात करीब 11 बजे ड्यूटी कर वह बाइक से घर जा रहा था। मोहनलालगंज स्थित भावा खेड़ा गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। उसके बाद बाइक सड़क किनारे बनी गुमटी में घुस गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल विशाल को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि जेब में मिले मोबाइल व अन्य दस्तावेज की मदद से परिजन को सूचना दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

## सार-संक्षेप

### किसान पर धारदार हथियार से हमला, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** मलिहाबाद में मामूली विवाद में गुरुवार को नवीनगर निवासी किसान मुनेश्वर पर दबंगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में मुनेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गये। पीड़ित ने पांच लोगों पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश में दबिश दे रही है। मुनेश्वर के बेटे अभिषेक के मुताबिक गुरुवार शाम 7 बजे वह आम बेचने मंडी जा रहे थे। तभी रास्ते में शराब के नशे में संतोष ने उन्हें अपने घर के सामने रोक लिया। आरोपी ने उनसे कहा कि तुमने मेरी सुपारी ली है।अभिषेक के मना करने पर वह गाली-गलौज करने लगा। मगर अभिषेक वहां से चले गए। अभिषेक का आरोप है कि कुछ देर बाद पिता मुनेश्वर खेत से घास लेकर घर आ रहे थे तभी संतोष, उसकी पत्नी, उसका बेटा अभिषेक, साथी हामिद व तंजीम ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना की सूचना पर पिता को बचाने दौड़े अभिषेक को भी आरोपियों ने पीट दिया। ग्रामीणों के जुटने पर आरोपी पीड़ित को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर भाग निकले। इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेंद्र सिंह भाटी के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी संतोष और हामिद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

### एमबीए छात्र पर हमला करने वाले छह गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी इलाके में एमबीए के छात्र अभिषेक कुमार शर्मा पर जानलेवा हमला करने वाले छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना गुरुवार देर शाम को परीक्षा देकर वापस आते समय हुई थी। आशियान इलाके में अभिषेक कुमार शर्मा परिवारीजनों के साथ रहता है। उसने पुलिस को बताया कि वह बीबीडी से एमबीए कर रहा है। गुरुवार शाम को वह पेपर देकर बड़े भाई राहुल कुमार शर्मा के साथ घर जा रहा था। क्राउन मॉल पुलिस चौकी के पास उसे निहाल सिंह,यशराज,यासिर गाजिर,गौरव मिश्रा व अन्य लोगों ने छात्र को घेर लिया था। आरोपितों ने जान से मारने की नियत से पिस्टल से फायरिंग कर दी थी। कुल्हाड़ी से पीड़ित के सिर और कंधे पर वार कर दिया था। पिस्टल के बट से भी हमला किया गया था। आरोपितों ने पीड़ित व उसके भाई को काफी पीटा था। बीबीडी पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह के मुताबिक इस मामले में आनंदी वॉटर पार्क के पास से बिहार निवासी आरोपित यशराज, गौरव, सक्षम, मैनपुरी निवासी युवराज, खलीलाबाद निवासी श्रेयम और कुशीनगर निवासी मो .रजा को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### सुलह से इंकार पर सैन्यकर्मी ने हेड कांस्टेबल पत्नी को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर थाना परिसर में बने क्वार्टर में महिला हेड कांस्टेबल के साथ सैन्यकर्मी पति ने मारपीट की। विरोध करने पर आरोपी ने महिला सिपाही का गला दबाया। सुलह न करने पर आरोपी ने हत्या की धमकी दी। शोर होने पर आरोपी वहां से भाग निकला। पीड़ित हेड कांस्टेबल ने गाजीपुर थाने में पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हेड कांस्टेबल की शादी बस्ती के वाल्टरगंज निवासी सैन्यकर्मी अभय प्रताप सिंह से हुई थी। अभय वर्तमान में जम्मू में तैनात हैं। कुछ वक्त पहले अभय ने बिना तलाक दिए तमन्ना सिंह नाम की महिला से दूसरी शादी कर ली। पीड़िता को पति के दूसरी शादी की जानकारी हुई। इस पर पीड़िता ने सैन्यकर्मी पति अभय की करतूत की शिकायत सैन्य अधिकारियों से की थी। जिसके बाद अभय प्रताप के खिलाफ विभागीय जांच शुरू हुई। दूसरी शादी संबंधी मामले का वाद कोर्ट में चल रहा है। दोनों ही मामलों में अभय पीड़िता पर सुलह का दबाव बना रहा था। आरोपी ने कई बार फोन कर पत्नी के साथ गाली-गलौज की थी। पीड़िता ने बताया कि 10 जून अभय प्रताप सिंह घर पहुंचा। आरोपी ने गाली-गलौज की। यह देख पीड़िता की भाभी ने रोकने का प्रयास किया। इस पर अभय ने भाभी को धक्का देकर कमरे में बंद कर दिया। उसके बाद पीड़िता को डंडे से बुरी तरह पीटा। उसके बाद गला दबा कर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। पीड़िता ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### युवती से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदेयगंज थाने में महिला ने एक युवक के खिलाफ बेटी से छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक घटना के समय युवती डॉक्टर के पास जा रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खदरा निवासी महिला के मुताबिक बुधवार रात बेटी दवा लेने के लिए डॉक्टर के क्लीनिक जा रही थी। घर से कुछ दूर पहुंचने पर फहीम ने युवती को रोकने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने युवती से छेड़छाड़ की। घर लौट कर युवती ने फहीम की हरकत के बारे में परिवार को बताया। शोहदे की शिकायत करने के लिए फहीम के घर पहुंचे। जहां आरोपी के पिता शमीम खान, फरहान और नदीम ने पीड़ित परिवार के साथ ही गाली गलौज की। इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह के मुताबिक महिला की तहरीर पर फहीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### फड़ पर छापा, 23 जुआरी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव पुलिस ने रोशनाबाद इलाके में खाली प्लॉट पर जुएं की फड़ पर छापा मारा। पुलिस ने घेराबंदी कर 23 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 7 .72 लाख रुपये और छह ताश की गड्डियां बरामद की हैं। एसीपी अलीगंज धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया कि आरोपियों में आवेद, मो . सलीम, यासिर, सलीम, अब्दुल खान, रिजवान, सिराज अहमद, तौफीक अहमद, गुफरान, शुभम सिंह, ललित कश्यप, राहुल सिंह रावत, हितेश सिंह, एजाज अली, विशाल वर्मा, रिजाय अहमद, मोहित सिंह, नीरज पांडेय, उस्मान एहतेशाम, राहुल सिंह, नदीम, सलमान व मो . सलीम हैं। मड़ियांव पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नौकरी का झांसा देकर फिजियोथेरेपिस्ट से ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अस्पताल कर्मी बनकर कराया इंटरव्यू, ऐंठे 1.20 लाख
- डीसीपी साउथ के निर्देश पर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** कल्याण सिंह कैंसर हॉस्पिटल में फिजियोथेरेपिस्ट की नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाज ने नीरज यादव से 1.20 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने खुद को हॉस्पिटल कर्मी बताते हुए पीड़ित को फंसाया। रुपये लेकर हॉस्पिटल में इंटरव्यू कराया। 6 माह तक नियुक्ति के नाम पर टालमटोल देख पीड़ित ने शिकायत की तो आरोपी ने धमकाया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के निर्देश पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बाराबंकी सफेदाबाद निवासी फिजियोथेरेपिस्ट नीरज यादव ने बताया कि वर्ष 2024 में वह नौकरी की तलाश में थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात गोमतीनगर स्थित हनीमैन चौराहे के पास रहने वाले धर्मेंद्र सिंह से हुई। बातचीत में धर्मेंद्र ने खुद को कल्याण सिंह कैंसर हॉस्पिटल का कर्मी बताया। कहा कि हॉस्पिटल में भर्तियां निकली हैं। अगर कहो तो आपके लिए प्रयास करूं।

नीरज के हामी भरने पर आरोपी ने उनसे 1.20 लाख रुपये की मांग की। इस पर पीड़ित ने 3 जुलाई 2024 को धर्मेंद्र को नकद और आरटीजीएस से रुपये दे दिए। कुछ समय बाद आरोपी ने पीड़ित को कैंसर अस्पताल बुलाया। वहां आलोक शर्मा से मुलाकात कराई। कहा कि आलोक अस्पताल में एचआर मैनेजर है। इनके जरिए ही नौकरी लगेगी। इसके बाद वहीं पर नीरज का साक्षात्कार लिया गया। इसके बाद जल्द नियुक्ति पत्र देने की बात कहकर भेज दिया।

पीड़ित ने बताया कि उन्हें छह माह तक नियुक्ति का झांसा देकर बुलाया गया। एक दिन जब नीरज ने धर्मेंद्र से नियुक्ति पत्र की मांग की तो आरोपी ने धमकाते हुए फोन उठाना भी बंद कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत डीसीपी साउथ से की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मां ने डांटा तो बेटी ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बाजारखाला के भवानीगंज इलाके की घटना

**अमृत विचार:** बाजारखाला के भवानीगंज इलाके में सोने की चेन गायब होने पर मां की डांट से क्षुब्ध होकर युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। वहीं, इंदिरानगर के तकरोही में किसान ने शुक्रवार सुबह फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। छानबीन में सामने आया कि परिवार में तीन साल में तीन लोगों की मौत से किसान अवसाद में था।

भवानीगंज निवासी ई-रिक्शा चालक संजय ने बताया कि कुछ दिन पहले एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बेटी शालू (21) मां की सोने की चेन पहन कर गई थी। गुरुवार रात पत्नी मन्नो ने बेटी से चेन मांगी। बेटी ने अलमारी में रखी चेन निकालने गई तो चेन नहीं मिली। इस बात पर मन्नो ने बेटी को जमकर डांटा। मां की डांट से आहत होकर शालू कमरे में चली गई। कुछ देर बाद जब पिता संजय ने बेटी के कमरे का दरवाजा खटखटाया तो जवाब नहीं मिला। पिता दूसरे दरवाजे से बेटी के कमरे में पहुंचे तो शालू पंखे में बंधी साड़ी से लटकी मिली। परिवारवालों ने फंदा खोलकर आनन-फानन में शालू को ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह ने बताया कि शालू ने स्नातक तक की पढ़ाई की थी। परिवार में माता-पिता के अलावा एक भाई है।

वहीं, इंदिरानगर के तकरोही निवासी नंतू ने बताया कि वर्ष 2022 में बीमारी से पिता मुरली प्रसाद की मौत हो गई। कुछ माह बाद मां जमुना देवी और भाई बब्लू की मौत हो गई। परिवार में तीन वर्ष में तीन मौत से भाई विजय (44) डिप्रेशन में थे। विजय आए दिन माता, पिता और भाई को याद कर भावुक हो जाते थे। रोजाना की तरह शुक्रवार सुबह विजय सोकर उठे और पूजा की। इसके बाद कमरे में पंखे के कुंडे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि विजय मानसिक रूप से बीमार थे।

## अपराध

### तीन दोस्तों की मदद से नाबालिग छात्रा का बनवाया फर्जी आधार कार्ड

# किशोर ने छात्रा का किया यौन शोषण, पढ़वाया निकाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, बाल अपचारी को भेजा गया बाल सुधार गृह

**अमृत विचार :** चिनहट में नाबालिग छात्रा से किशोर ने दोस्ती कर प्रेम जाल में फंसाया। फिर होटल ले जाकर दुष्कर्म करते हुए आपत्तिजनक वीडियो व फोटो बना ली। उसके बाद आरोपी ने ब्लैकमेल कर यौन शोषण करते हुए तीन दोस्तों की मदद से फर्जी आधार कार्ड बनवा कर निकाह भी पढ़वा लिया। किशोरी के पिता ने किशोर और उसके तीन साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेज दिया है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी एक प्राइवेट स्कूल की छात्रा है। किशोरी ने बताया कि स्कूल आते-जाते 16 वर्षीय किशोर से दोस्ती हुई थी। इसके बाद नंबर शेयर होने पर आरोपी फोन पर छात्रा से बातचीत करने लगा। आरोपी ने किशोरी को प्रेम जाल में फंसाया और फिर मिलने की बात कहकर छात्रा को एक होटल में ले गया। होटल में आरोपी ने धमकाते हुए किशोरी के साथ गलत काम किया। यही नहीं आरोपी ने किशोरी की आपत्तिजनक वीडियो व फोटो बना ली।

वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए आरोपी किशोरी का यौन शोषण करने लगा। किशोरी के पिता का आरोप है कि आरोपी किशोर व उसके तीन दोस्तों ने मिलकर किशोरी व आरोपी किशोर के आधार कार्ड की जन्म तिथि बदल कर दोनों को बालिग दिखाते हुए 16 दिसंबर 2024 को कैसरबाग इलाके ले जाकर एक मौलवी से निकाह पढ़वा लिया। यही नहीं आरोपी किशोर व उसके साथियों ने पीड़िता को शिकायत करने पर जान से मारने और बदनाम करने की धमकी दी।

बदनामी के डर से पीड़िता ने घरवालों को कुछ नहीं बताया। किशोरी के व्यवहार में बदलाव देख परिवारवालों को शक हुआ। मां ने समझा-बुझाकर बात की तो पीड़िता ने आपबीती बतायी। बेटी को लेकर परिजन चिनहट कोतवाली पहुंचे और शिकायत की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए किशोर व उसके तीन साथियों के खिलाफ यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी किशोर को पकड़कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि पीड़िता ने जिस होटल व कैसरबाग में जिस मस्जिद में निकाह पढ़वाने की बात कही है। वहां भी जांच की जाएगी।

# पूर्व आईपीएस ने सिपाही से मारपीट मामले में पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्टेडियम पुलिस चौकी में सिपाही अर्जुन को मारपीट कर वर्दी फाड़ने के मामले में हजरतगंज पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। घटना के करीब दो हफ्ते बाद भी हजरतगंज पुलिस सफेद इनोवा सवार चौथे आरोपी की पहचान नहीं कर सकी है। यही नहीं पुलिस अभी तक उक्त गाड़ी तक बरामद नहीं कर पायी है।

वहीं, पूर्व आईपीएस व आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने इस मामले में पुलिस पर सवाल उठाए हैं। शुक्रवार को अमिताभ अपने समर्थकों के साथ पुलिस चौकी पहुंचे और मामले के बारे में जानकारी ली। इसके बाद वह हजरतगंज कोतवाली गए। उन्होंने डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव से मुलाकात की और चौथे आरोपी का नाम सार्वजनिक करने की मांग की।

उनका दावा है कि घटना के बाद कई अफसरों ने घटनास्थल जाकर छानबीन की थी। साथ ही आसपास लगे दुकानदारों से सीसीटीवी फुटेज लेकर चले गए थे। सूत्रों की माने तो जिस इनोवा पर पुलिस अधिकारी का बेटा सवार था, उसपर नीली बत्ती तक लगी थी। 29 मई को अधिकारी का बेटा और तीन दोस्त स्टेडियम पुलिस चौकी के पास गाड़ी लगाकर झगड़ रहे थे। तभी वहां पहुंचे सिपाही अर्जुन ने समझाने का प्रयास किया तो उसे गिरेबान से पकड़कर चौकी ले जाकर पीटा था। पुलिस ने सिपाही की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की थी, लेकिन चौथे आरोपी को भाग जाने की बात कही थी।

## एक नजर

### फार्म भरने व परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि बढ़ी

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने और परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि फिर से बढ़ा दी है। अब छात्र 20 जून को शाम 5 बजे तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं और परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं। पहले 15 जून तक परीक्षा फॉर्म भरने और परीक्षा शुल्क जमा करने की सूचना दी थी। लेकिन संस्थानों द्वारा छात्रहित में किए गए अनुरोध को स्वीकार करते हुए विश्वविद्यालय ने तिथि बढ़ाने का फैसला किया।

### बीटेक छात्रा आकांक्षा सिंह भारतीय नौसेना में चयनित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की बीटेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) 2024 बैच की छात्रा आकांक्षा सिंह का चयन भारतीय नौसेना में सबलेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह ने आकांक्षा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने जानकारी दी कि आकांक्षा सिंह का भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट के पद पर चयन शॉर्ट सर्विस कमीशन के अंतर्गत हुआ है, जिसके तहत वह इलेक्ट्रिकल ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं देंगी।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में फिर माहौल बिगाड़ने की कोशिश

# 'गुरुजी' ने की आपत्तिजनक पोस्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर ने लिखा सोनम रघुवंशी संघी विचार की उपज
- काकोटी, बनर्जी के बाद हिंदी विभाग के रविकांत चंदन ने किया विवादित पोस्ट

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत चंदन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में पति की हत्या की आरोपी सोनम रघुवंशी को संघ की विचारधारा की उपज बताया है। रविकांत चंदन ने लिखा है कि आरएसएस ने अपने हिंदुत्व की प्रयोगशाला के लिए बेटियों के हाथ में त्रिशूल और तलवार पकड़ा दी। उनके मन में विधर्मियों के खिलाफ हिंसा और नफरत पैदा की। इसका प्रभाव गुजरात और दिल्ली के दंगों में दिखाई दिया। हिंदी विभाग के यह शिक्षक अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर यहीं नहीं रुकते, वह आगे लिखते हैं कि जाहिर तौर पर इस नफरत और हिंसा का इस्तेमाल भीतर भी होना ही था। आज महिलाएं अगर अपने पतियों की हत्या करवा रही है तो इसके लिए सिर्फ आरएसएस की हिंसा और नफरत की विचारधारा जिम्मेदार है।

हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर के इस पोस्ट के बाद छात्रों में गुस्सा है। वहीं कुछ शिक्षकों ने भी इसे बेहद आपत्तिजनक पोस्ट कहा है। शिक्षक रविकांत चंदन इससे पहले भी विवादों में रहे हैं। वर्ष 2022 में जब काशी विश्वनाथ में सर्वेक्षण का मामला चर्चा में था तब रविकांत चंदन ने विवादित टिप्पणी की थी। जिसके बाद छात्रों ने उनका विरोध किया था। बताया जाता है कि छात्रों ने रविकांत चंदन के साथ मारपीट भी किया था। जिसके बाद एक छात्र को निष्कासन की कार्रवाई का सामना करना पड़ा।

**नहीं थम रहा सिलसिला:** पहलगाम हमले के बाद विश्वविद्यालय की एक शिक्षक माद्री काकोटी ने भी विवादित पोस्ट किया था जिसके बाद हसनगंज थाने में मामला दर्ज किया गया था। काकोटी के पोस्ट पाकिस्तान में खूब वायरल हुए थे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने पर सौरव बनर्जी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। अब हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर ने पति की हत्या करने वाली महिलाओं को संघ की विचारधारा की उपज कहा है।

**पांच दिन में देना था कारण बताओ नोटिस का जवाब:** माद्री काकोटी और सौरव बनर्जी को विश्वविद्यालय ने कारण बताओ नोटिस जारी किया था जिसका उत्तर 5 दिनों में देना था। लेकिन उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। हालांकि माद्री काकोटी को न्यायालय की तरफ से राहत मिली है लेकिन अगली सुनवाई जारी रहेगी। दूसरी तरफ इस तरह के विवादित बयानों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन मौन धारण कर लेता है और कार्रवाई से बचने की हर संभव कोशिश करता दिखता है।


Ravi Kant Chandan

मुस्कान और सोनम रघुवंशी जैसी महिलाएं संघी विचार की उपज हैं। ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, डॉ. अंबेडकर ने महिलाओं के हाथ में कलम और किताब दी। नेहरू ने वो अवसर उपलब्ध कराए। महिलाओं ने शिक्षा हासिल करके सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीने का सलीका सीखा। पिछले दशकों में महिलाओं ने बड़े-बड़े मुकाम हासिल किए। लेकिन आरएसएस ने अपने हिंदुत्व की प्रयोगशाला के लिए बेटियों के हाथों में त्रिशूल और तलवार पकड़ा दी। उनके मन में विधर्मियों के खिलाफ हिंसा और नफरत पैदा की। इसका प्रभाव गुजरात और दिल्ली के दंगों में दिखाई दिया। जाहिर तौर पर इस हिंसा और नफरत का इस्तेमाल भीतर भी होना ही था। आज महिलाएं अगर अपने पतियों की हत्या करवा रही हैं तो इसके लिए सिर्फ और सिर्फ आरएसएस की हिंसा और नफरत की मानसिकता जिम्मेदार है।

रविकांत चंदन की सोशल मीडिया पोस्ट

> मेरी पोस्ट महिलाओं की शिक्षा के समर्थन में है, नफरत और हिंसा के खिलाफ है। आप महिलाओं को त्रिशूल और तलवार थमाएंगे तो नफरत फैलेगी ही। मैने अपनी पोस्ट में स्पष्ट लिखा है और मैं महिलाओं को कलम पकड़ाने का समर्थक हूं।
>
> **डॉ. रविकांत चंदन, एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय**



### छात्रों ने थाने में मामला दर्ज करने को दी तहरीर

लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र कार्तिक पाण्डेय और उनके साथियों ने हसनगंज थाने में एसोसिएट प्रोफेसर के रविकांत चंदन के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। तहरीर में कहा गया है कि रविकांत चंदन की पोस्ट मानहानि के साथ साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाली और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ नफरत फैलाने वाली है।

# पुनर्वास विवि के खिलाड़ी थाईलैंड चैंपियनशिप में करेंगे देश का नेतृत्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के चार खिलाड़ी एशियन पैरा बैडमिंटन चैपियनशिप के लिए थाईलैंड रवाना हुए हैं। आगामी 17 से 21 जून तक थाईलैंड में आयोजित होने वाले एशियन पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में चयनित विश्वविद्यालय के चार खिलाड़ियों राहुल कुमार वर्मा, हामिद सलमानी, कनक सिंह जादौन और स्वाति को थाईलैंड रवाना होने से पूर्व एक लाख रूपये का बैडमिंटन किट पुनर्वास विवि कुलपति ने देकर खिलाड़ियें को रवाना किया। विश्वविद्यालय के प्रत्येक छात्र-छात्राओं ने खिलाड़ियों को शुभकामनाए देते हुए जीत की कामना की जिससे देश का नाम रोशन हो सके।

एशियन पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में चयनित विश्वविद्यालय के चार खिलाड़ियो राहुल कुमार वर्मा एमए हिन्दी के छात्र हैं। हामिद सलमानी डीफार्मा, कनक सिंह जादौन एमबीए और स्वाति बीए की छात्रा है। इससे पहले सभी विद्यार्थी इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और कई पदक भी अर्जित कर चुके हैं। एनटीपीसी के द्वारा प्रदत्त सीएसआर फंड से उपलब्ध कराए गए एक लाख रूपये के बैडमिंटन किट में जूता, ड्रेस, रैकेट, शटल कॉक एवं किट बैग आदि दिया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यायल के कुलसचिव रोहित सिंह, क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ निदेशक प्रो. पी राजीवनयन व विश्वविद्यालय के कोच इरशाद अहमद द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई।


एशियन पैरा बैडमिंटन के लिए खिलाड़ियों को किट देकर रवाना करते कुलपति।

- कुलपति ने खिलाड़ियों को एक-एक लाख का बैडमिंटन किट दिया
- विश्वविद्यालय ने अपने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर किया विदा

### लविवि ने घोषित किए सम सेमेस्टर के परीक्षाफल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय व इससे संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के सम सेमेस्टर 2025 की परीक्षाओं के परीक्षाफल घोषित कर दिए हैं। घोषित परीक्षाफलों में आचार्य पाठ्यक्रम द्वितीय सेमेस्टर, शास्त्री पाठ्यक्रम चतुर्थ सेमेस्टर, बीकॉम नई शिक्षा नीति चतुर्थ सेमेस्टर, वाणिज्य विषय का परीक्षाफल घोषित किया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर छात्र अपने परिणाम देख सकते हैं।

# रोजगार के लिए पलायन से हो रही बुजुर्गों को तकलीफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार निवारण दिवस मनाया गया और इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हेल्पएज इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख सचिव, सामाजिक कल्याण एवं अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग एल. वेंकटेश्वरलु ने युवाओं एवं वृद्धजनों के बीच पारस्परिक समझ के महत्व को रेखांकित किया।

पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह ने वृद्धजनों की बढ़ती समस्याओं के लिए एकल परिवार की संरचना और समाज में बदलते रोजगार पैटर्न को उत्तरदायी ठहराया। उन्होंने कहा कि लोग रोजगार के लिए गांव से शहरों और फिर शहरों से अन्य शहरों या देशों की ओर पलायन करते हैं, जिससे वृद्धजन पीछे छूट जाते हैं और उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं रहता।

हेल्पएज इंडिया के राज्य प्रमुख अनूप पंत ने अंतरपीढ़ी गतिशीलता और वृद्धावस्था के प्रति दृष्टिकोण को समझना शीर्षक से राष्ट्रीय रिपोर्ट जारी की। उन्होंने बताया कि यह अध्ययन देश के 10 प्रमुख शहरों में किया गया था, जिसमें 5700 से अधिक लोगों ने भाग लिया। रिपोर्ट की प्रमुख बातों को साझा करते हुए पंत ने वृद्धजनों के प्रति संवाद, सम्मान एवं सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में एमएल राजवंशी, प्रो. राकेश द्विवेदी सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं व शोधार्थी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह। अमृत विचार

- लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में हुई संगोष्ठी

### अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड में सीएमएस के छात्र को प्रथम रैंक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा-9 के मेधावी छात्र दक्ष राज सिंह ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सिंगापुर एवं एशियन स्कूल्स मैथ ओलम्पियाड (एसएएसएमओ- 2025) में देश में प्रथम रैंक एवं विश्व स्तर पर द्वितीय रैंक अर्जित कर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर लखनऊ का नाम रोशन किया है। सीएमएस संस्थापिका निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. भारती गांधी ने छात्र की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस ओलम्पियाड में विश्व के लगभग 42 देशों के 66,000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें छात्र ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी बहुमुखी प्रतिभा व गणित ज्ञान का जोरदार प्रदर्शन कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है।

# स्थानांतरण प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने की मांग

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक को लिखा पत्र

**अमृत विचार:** अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के ऑनलाइन स्थानांतरण की ऑनलाइन प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को तत्काल दूर करने की मांग उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने की है। संगठन के महामंत्री लालमणि द्विवेदी ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक को पत्र भेजा है, जिसमें कहा है कि प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रधान एवं अध्यापकों के 10 जून से आरंभ किए गए ऑनलाइन स्थानांतरण की व्यवस्था एवं प्रक्रिया में प्रदेश भर के सैकड़ों शिक्षकों के समक्ष तमाम तरह की व्यवस्था जनित व तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं।उन्होंने बताया कि ऑनलाइन स्थानांतरण की प्रक्रिया में आवेदन करते समय शिक्षकों का ईएचआरएमएस कोड तथा मोबाइल नम्बर इन्वैलिड प्रदर्शित हो रहा है, जबकि उनके द्वारा मानव संपदा कोड और मोबाइल नंबर बिल्कुल सही भरा जा रहा है। इसी प्रकार विभाग द्वारा दिए गए मोबाइल नंबरों पर फोन लगाने या वाट्सऐप पर मेसेज किए जाने पर समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। विवश होकर शिक्षकों ने दिए गए मेल आईडी पर पत्र भेजा है, किंतु वहां से भी अभी तक समाधान नहीं मिला है। इस समस्या के कारण प्रदेश भर में हजारों शिक्षक ऑनलाइन स्थानांतरण के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं, जबकि इसमें उनका कोई दोष नहीं है। यह विभाग की चूक है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शिक्षकों का डाटा फीड करने के संबंध में विद्यालय तथा कार्यालय स्तर पर घोर लापरवाही की गई है।

## सार-संक्षेप

### भाषा विवि ने डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के परिणाम किए घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-2025 के सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इन परिणामों में फ्रेंच भाषा में दक्षता प्रमाणपत्र, कैपिटल मार्केट एवं निवेश, पत्रकारिता एवं जनसंचार (उर्दू माध्यम) का पीजी डिप्लोमा, अरबी भाषा का पीजी डिप्लोमा एवं अंडरग्रेजुएट डिप्लोमा और जीएसटी डिप्लोमा शामिल हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने कहा कि सभी विद्यार्थी, समर्थ पोर्टल पर अपनी अपनी लॉगइन आईडी के माध्यम से अपने पाठ्यक्रमों के परिणाम देख सकते हैं। साथ ही उप परीक्षा नियंत्रक एवं नोडल अधिकारी समर्थ ने बताया कि विद्यार्थी अपने परीक्षा संबंधी किसी भी समस्या के निवारण के लिए परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### लखनऊ विश्वविद्यालय का शैक्षणिक कैलेंडर जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने अकादमिक सत्र 2025-26 के लिए नया शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर दिया है। यह आदेश विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय द्वारा निर्गत किया गया। यह शैक्षणिक कैलेंडर उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा अनुभाग द्वारा भेजे गए निर्देश के क्रम में तैयार किया गया है। राज्य के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों को शैक्षणिक योजना निर्धारित करने के निर्देश दिए गए थे। कुलपति के आदेश के अनुपालन में विश्वविद्यालय मुख्य परिसर सहित उससे संबद्ध सभी महाविद्यालयों में यह नया कैलेंडर तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। छात्रों और अभिभावकों के लिए यह शैक्षणिक कैलेंडर विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर शीघ्र ही उपलब्ध होगा।

### मूल विद्यालय में वापस जाएंगे शिक्षामित्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षामित्रों की मूल विद्यालय में वापसी का रास्ता प्रदेश सरकार ने साफ कर दिया है। सरकार के इस कदम से जो शिक्षामित्र अपनी ग्राम सभा में चयनित हुए थे लेकिन समायोजन के बाद उनको जिले में दूसरे ब्लॉकों में भेज दिया गया था। वह अब अपनी ग्राम पंचायत के विद्यालय में लौट सकेंगे और घर के नजदीक रहकर शिक्षण कार्य कर सकेंगे। इससे करीब 1.43 लाख शिक्षामित्रों को राहत मिलेगी। मालूम हो कि सरकार ने शिक्षामित्र को मूल विद्यालय वापसी से संबंधित जनवरी 2025 को शासनादेश जारी किया था। शासनादेश के तहत इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी करने के लिए स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने शासन से अनुमति मांगी थी। जिसके तहत शुक्रवार को सरकार ने प्रथम चरण में प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों का उनके मूल विद्यालय में स्थानान्तरण-समायोजन के लिए अनुमति दे दी है। अनुमति के बाद प्रदेश भर में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत करीब 1.43 लाख शिक्षामित्रों को राहत मिलेगी। शिक्षामित्र अपने मूल स्थान या उसके आसपास के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर सकेंगे।

### रॉकेट की कार्यप्रणाली को विस्तार से बताया

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंस्टिट्यूशन का इं. इंडिया यूपी स्टेट सेंटर में इं. भवन आईटीआई रिवर बैंक कॉलोनी में तकनीकी वार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इं. विनोद सक्सेना ने रॉकेट की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। रॉकेट प्रणोदक प्रणाली के बारे में जिज्ञासा हाल ही में बढ़ी है। खासकर ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय मिसाइल के शानदार प्रदर्शन के बाद इन रॉकेट मिसाइल की कार्य प्रणाली क्या है, कैसे नियंत्रित की जाती हैं, इनका ईंधन क्या होता है आदि बातों को विस्तार से बताया गया। न्यूटन का तीसरा नियम रॉकेट प्रणोदन का आधार है जो बताता है कि हर क्रिया के लिए एक समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। इं. विनोद सक्सेना ने रॉकेट की कार्यप्रणाली के सिद्धांतों को समझाया। कार्यक्रम की शुरुआत में लखनऊ के आईपी अध्यक्ष और काउंसिल सदस्य डॉ. भरत राय सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक बीपी सिंह ने विषय वस्तु का परिचय दिया। इस अवसर पर इं. डीके गुप्ता, इं. जीएम पांडे, इं. जमाल नुसरत, जेएमएल जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. अंशुल आलोक मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में सीएएल रेड और इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब रेड ने जगह बना ली। डीडी गोसाईगंज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में लाज पटेल की बेहतरीन गेंदबाजी के चलते इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब रेड ने केवाई स्पोर्ट्स क्लब को प्री क्वार्टर मुकाबले में 53 रनों से हरा क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंटरनेशनल क्लब ने सभी विकेट खोकर 106 रन का लक्ष्य विरोधी टीम के सामने रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केवाई स्पोर्ट्स की पूरी टीम 53 रनों पर सिमट गई। सीएएल रेड ने अशर्फी क्रिकेट क्लब को एक विकेट से पराजित कर दिया। अशर्फी क्लब ने 39.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 221 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी सीएएल रेड की टीम ने यह लक्ष्य नौ विकेट खोकर 222 रन बनाकर जीत अपने नाम की।

### उत्कर्ष और वंशिका बने चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी अलीगंज के शिव सहाय सभागार में शुक्रवार को अंतरशाखा सीनियर शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। चैंपियनशिप में टीम बी अंडर- 18 में उत्कर्ष और वंशिका ने बालक और बालिका वर्ग में चैंपियन बने। बालक वर्ग में उत्कर्ष (बाल निकुंज इंटर कॉलेज मोहिबुल्लापुर ) ने सार्थक सिंह (बाल निकुंज विद्यालय अलीगंज) को 28-25 अंकों के अंतर से हराकर जीत हासिल की। वहीं बालिका वर्ग में वंशिका रावत (बाल निकुंज इंटर कॉलेज गर्ल्स विंग) ने प्रियंका मौर्या (बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल) को 23-19 अंकों के अंतर से हराकर अपनी जीत सुनिश्चित की। कॉलेज कोऑर्डिनेटर सुधीर मिश्रा ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। चैंपियनशिप के सभी खिलाड़ियों को शनिवार को बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी अलीगंज लखनऊ में सम्मानित किया जाएगा।

### बालिकाओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 35वीं जूनियर बास्केटबॉल राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। लखनऊ जिला बास्केटबॉल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियाज अहमद ने बताया कि क्वार्टर फाइनल में लखनऊ ने वाराणसी को रोमांचक मुकाबले में 54-51 से हराकर जीत दर्ज की। सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को लखनऊ और आगरा के बीच होगा। उन्होंने आगे बताया कि इससे पहले खेले गए मुकाबलों में लखनऊ ने कानपुर देहात को 43-03, कानपुर टीम को 32-02, प्री क्वार्टर फाइनल में फिरोजाबाद को 51-04 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।

# आईटीआई अलीगंज में एआई प्रज्ञा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आईटीआई, अलीगंज में एक नई और तकनीकी दृष्टि से समृद्ध पहल की शुरुआत हुई। एआई प्रज्ञा नामक इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन नेहा जैन, विशेष सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग सेंटर फॉर ई-गवर्नेंस और राज कुमार यादव, प्रधानाचार्य, आईटीआई द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह कार्यक्रम वन मिलियन फार वन बिलियन संस्था के सहयोग से आयोजित किया गया है। जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा के माध्यम से व्यावहारिक और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण देना है। कार्यक्रम के पहले चरण में 100 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेहा जैन ने कहा कि यह कार्यक्रम तकनीकी शिक्षा में नवाचार का प्रतीक है, जिससे छात्रों को भविष्य के रोजगार अवसरों के लिए तैयार किया जा सकेगा। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि एआई प्रज्ञा कार्यक्रम छात्रों के लिए एक बड़ा अवसर है। इससे वे न केवल नई तकनीकों को जानेंगे, बल्कि उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार भी होंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बताया कि उन्हें पहली बार ऐसा व्यावहारिक प्रशिक्षण मिला है जो उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से मेल खाता है।

### जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप 26 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्व. रणबहादुर सिंह स्मारक लखनऊ जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप 26 से गोमती नगर स्थित बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में खेली जायेगी। फाइनल मुकाबले 29 को होंगे। जिला लखनऊ बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल कुमार ध्यानी के अनुसार इस चैंपियनशिप में जिले के करीब तीन सौ खिलाड़ी भाग लेंगे। बालक, बालिका, पुरूष, महिला एकल युगल और मिश्रित युगल के मुकाबले हिस्सा लेंगे। इस चैंपियनशिप के आधार पर लखनऊ जिला टीम का चयन होगा जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। इस चैंपियनशिप के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को फार्म भर 19 से 23 तक जमा करना होगा। फार्म 17 से मिलने शुरू होंगे।

# लखनऊ को मिली चल वैजयंती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को 27वीं अंतर वाहिनी पीएसी मध्य जोन प्रतियोगिता की चल वैजयंती ट्राफी पर कब्जा जमाया। महानगर स्थित 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के फुटबॉल मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ ने पेनाल्टी शू आउट तक खिंचे मुकाबले में 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर को 5-4 से रोमांचक मात दी। विजेता और उपविजेता टीमों को 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊके सैन्य सहायक रणजीत यादव ने पुरस्कृत किया। वहीं 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के प्रदीप कुमार राय को सर्वोत्तम गोलकीपर और 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर के हादी हसन को सर्वोत्तम खिलाड़ी घोषित किया गया।



विजेता लखनऊ टीम चल वैजयंती के साथ। अमृत विचार

- प्रदीप कुमार राय बने सर्वोत्तम गोल कीपर

पेनाल्टी शूट आउट से पहले दोनों टीमों में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक रुख अपनाया। इसका नतीजा पहले हाफ में पहली सफलता 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर को मिली, जब हादी हसन ने लखनऊ की डिफेंस को भेदते हुए साथी खिलाड़ी के पास को गोल में तब्दील कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। यह बढ़त अधिक देर तक रह नहीं सकी। लखनऊ ने दूसरे हॉफ में हिसाब उस समय बराबर कर लिया जब लखनऊ के आबिद सिद्दीकी ने सीतापुर की रक्षा पंक्ति को भेद कर मैदानी गोल किया। इसके बाद यह मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा।

# सवा लाख पेड़ों की जिओ टैगिंग कराएगा बीबीएयू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विश्वविद्यालय में लगाए जाएंगे 5 हजार फलदार प्रजाति के पौधे
- शोध छात्रों को दी जाएगी पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी

**अमृत विचार:** बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय स्थित सवा लाख पेड़ों की जिओ टैगिंग की जाएगी। इसके अलावा इस सत्र में परिसर में 5 हजार फलदार प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा। इन सभी पेड़-पौधों की जिओ टैगिंग की जाएगी और छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाया जाएगा। विश्वविद्यालय ने इस सत्र से अभिनव प्रयोग करते हुए शोध छात्रों के पंजीकरण के साथ ही पौधा लगाने की जिम्मेदारी दी है। शोध छात्र अपने-अपने पौधों की देखभाल करेंगे और जब थीसिस जमा करनी होगी तो उनके शोध प्रबंध पर ही इन पौधों का चित्र लगा रहेगा। कुलपति डॉ. आरके मित्तल ने पर्यावरण को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में जागरुकता को धार देते हुए महिला छात्रावासों के आसपास भी पेड़ों की सघनता बढाए जाने का आह्वान छात्राओं से किया है। महिला छात्रावासों के आसपास लगाए जाने वाले पौधों की जिम्मेदारी भी खुद छात्राएं संभालेंगी।

पर्यावरण के लिए जरूरी पौधों से लेकर फलदार पौधों के रोपण का अभियान भी चलाया जाएगा। यह पौधे जीआई टैगिंग आधारित होंगे जिसकी जानकारी छात्रों को मिलती रहेगी। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर पर्यावरण को लेकर जो घोषणाएं की थी उनको अब मूर्त रूप दिया जा रहा है।

**वेस्ट टू वेल्थ हुआ शुरू :** विश्वविद्यालय में छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए वेस्ट टू वेल्थ कार्यक्रम भी शुरू किया जा रहा है। स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति छात्रों को जागरूक किया जाएगा। परिसर में जल संकट को दूर करने के लिए वाटर मैनेजमेंट की परियोजानाएं शुरू की जा रही है। विश्वविद्यालय के 250 एकड़ को हरियाली से तृप्त करने की शुरुआत की जा चुकी है।

# भाषा विवि में विरासत से विकास में योग की भूमिका पर वेबिनार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में विरासत से विकास योग की भूमिका विषय पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया। यह वेबीनार राज्यपाल के निर्देशानुसार व कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में आयोजित किया गया।

वेबीनार में लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग से डॉ. उमेश कुमार शुक्ला को विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपने व्याख्यान में भारतीय सांस्कृतिक विरासत में योग के महत्व तथा आधुनिक विकास यात्रा में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। डॉ. शुक्ल ने बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन नहीं है, बल्कि यह मानसिक, सामाजिक और आत्मिक उत्थान का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने उदाहरणों व शोधों के माध्यम से योग की वैज्ञानिकता और समकालीन महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मोहम्मद शारिक (शारीरिक शिक्षा विभाग) एवं डॉ. नलिनी मिश्रा (समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वेबीनार में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### पैंथर्स अकादमी को मिली जीत

**अमृत विचार , लखनऊ :** पैंथर्स क्रिकेट अकादमी ने एलसीए गदीर अण्डर-16 क्रिकेट ट्राफी के मैच में शुक्रवार को चैम्पियन अकादमी को न्यू एलसीए कुड़ियाघाट ग्राउंड पर नौ विकेट से करारी शिकस्त दी।

चैम्पियन अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10.3 ओवर में 33 रन पर सिमट कर रह गई। जवाबी बल्लेबाजी करने उतरी पैंथर्स अकादमी ने 3.3 ओवर में मात्र एक विकेट के नुकसान पर 36 रन बनाकर नौ विकेट से आसान जीत अपने नाम दर्ज की।

ययोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोर्मैत्री न जीर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# हमले के बाद

ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा हुए तनाव के बीच इजराइल ने ईरान के परमाणु और मिसाइल स्थलों पर हमला किया। हमलों से पश्चिम एशिया के दो धुर विरोधी देशों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। क्षेत्र में खतरनाक ढंग से तनाव बढ़ने पर विश्व भर के नेताओं ने दोनों पक्षों से तत्काल तनाव कम करने का आह्वान किया। हमले में मारे गए लोगों में ईरान के तीन शीर्ष सैन्य नेता, सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, अर्द्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख गार्ड के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के संचालक शामिल हैं। जो तेहरान के शासकीय तंत्र के लिए एक बड़ा झटका है। यह इराक के साथ 1980 के दशक के युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला था। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि इजरायल को कड़ी सजा दी जाएगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर वह परमाणु समझौते पर सहमत नहीं होता तो उसका देश और विरासत नष्ट हो जाएगी। लगता है कि अमेरिका को पहले से ही हमले की आशंका थी। अमेरिका ने बुधवार को इराक की राजधानी से कुछ अमेरिकी राजनयिकों को वापस बुला लिया था तथा पश्चिम एशिया से अमेरिकी सैनिकों के परिवारों के लिए स्वैच्छिक निकासी की पेशकश की थी। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने ईरान पर परमाणु अप्रसार संधि का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जिसमें कहा गया कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम मौजूद है, जो परमाणु हथियार बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही कूटनीतिक उथल-पुथल के बीच ट्रंप प्रशासन ईरान पर दबाव बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है। साथ ही रूस ने सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया, ताकि तनाव और न बढ़े एवं यह क्षेत्र पूर्ण युद्ध क्षेत्र में न बदल जाए। ईरानी परमाणु कार्यक्रम के इर्द-गिर्द कोई भी समझौता सैन्य बल से नहीं हो सकता और इसे केवल शांतिपूर्ण, राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से ही हासिल किया जा सकता है। ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़ते तनाव के बीच हुए क्षेत्र में शांति स्थापित करना एक जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य है। कई संगठन और लोग इस क्षेत्र में शांति के लिए काम कर रहे हैं, जो जरूरी है।

# सौर-प्रकाशवृत्त के प्रभाव से बदलता है पृथ्वी का मौसम



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है।

जानकर चकित होना पड़ता है कि मात्र छः वर्ष की अवधि में सौर अध्ययन के लिए एक एडवांस्ड टेलिस्कोप की स्थापना हेतु अमरीका के 17 प्रमुख संस्थान एकजुट हो गए जिनमें वायु सेना अनुसंधान प्रयोगशाला, बेलन प्लाज्मा समूह, अनुप्रयुक्त भौतिकी की प्रयोगशालाएं, कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी का नॉर्थ्रिज स्थित कैलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान, भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग एवं बारह अन्य महत्वपूर्ण संस्थान हैं। सन 1898 से अमरीका के आधिपत्य में आए हवाई देश को अमरीका ने सन 1959 में अपने क्षेत्र का 50वां राज्य घोषित किया था। प्रशांत महासागर में स्थित हवाई समूह के माउई नामक टापू पर एक शांत ज्वालामुखी के मुहाने के निकट एक टेकड़ी पर स्थापित किए गए इस टेलीस्कोप ने 23 फरवरी, 2022 को अपना पहला वैज्ञानिक अवलोकन शुरू किया, जो इसके एक साल तक चलने वाले परिचालन कमीशनिंग चरण की शुरुआत का संकेत था। इन तीन सालों के भीतर किये गए अध्ययन से सूर्य के बारे में बहुत सी नई और जानकारी जुटाई गई है जो पहले से स्थापित और कार्यरत अन्य टेलिस्कोप्स की बनिस्पत अधिक सुसपष्ट और उन्नत है।

धरती पर होने वाली मानवीय गतिविधि बनी रहे इसके लिए अपने सूर्य की हलचल और इसके व्यवहार का निरंतर अवलोकन जरूरी है। अध्ययन के लिए एक आधुनिकतम, नया मुख्य टूल माउई टेलिस्कोप की इमारत और गुम्बद के भीतर स्थापित किया गया है जिसके मिरर का व्यास 4.24 मीटर और मोटाई 75 मिलीमीटर है। इसके संचालन की तकनीक और इंजीनियरिंग कमाल की है। इस नवीनतम सोलर ऑब्जर्वेटरी की स्थापना पर भारतीय रुपये में मूल्य के अनुसार 29 अरब, 51 करोड़ 19 लाख का खर्चा हुआ है। भू-स्थल आधारित एस्ट्रोनॉमी में अभी तक का यह सर्वाधिक उन्नत टेलिस्कोप है। इस सोलर दूरबीन का नाम डेनियल केन इनौये सोलर टेलिस्कोप रखा गया है। डेनियल एक अमेरिकी वकील, सैनिक और राजनेता थे, जिन्होंने सन 1963 से 2012 में अपनी मृत्यु तक हवाई से संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेटर के रूप में कार्य किया। इस टेलिस्कोप से किए गए अवलोकन से सूर्य के बारे में चित्र और ग्राफ़िक्स सहित नवीनतम जानकारी युक्त एक पर्चा -द स्ट्रियेटेड सोलर फोटोस्फीयर ऑब्ज़र्व्ड एट 0".03 रेजोल्यूशन, का प्रकाशन द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स के 20 मई सन 2025 के अंक में हुआ है। अवलोकन आधारित इस शोध पर्चे में सूर्य के प्रकाशवृत्त के नजदीक के चित्र बहुत स्पष्ट और साफ़ हैं जिनसे प्लाज्मा की चुम्बकीय गतिविधि के हाई-रेजोल्यूशन क्लोज़अप दृश्य पहली बार देखे गए। खगोल भौतिकविद इन चित्रों के मिलने से काफी खुश नज़र आ रहे हैं। इन चित्रों को अमरीका, स्पेन, जर्मनी और स्विट्ज़रलैंड के खगोलविदों की टीम ने प्राप्त किया है। चित्रों की स्पष्टता और क्लोज़-अप टेलिस्कोप के विशाल मिरर के कारण संभव हुई जिन्हें इसके प्रकाश परावर्ती सिरे पर रखे हुए स्पेक्टोग्राफ यंत्र से डिजिटल माध्यम से प्राप्त किया गया। सूर्य के प्रकाशवृत्त की दिखाई देने वाली रचना की वृत्ताकारी प्रकृत्ति को इस तरीके से स्पष्ट, चित्रमय भाषा में पहली बार देखा गया है। इससे मालूम हुआ है कि फोटोस्फीयर अनेक वृत्ताकार वलयों से बना है जिसमें एक वृत्त करीब 20 से 50 किलोमीटर की चौड़ाई का है। अवलोकन से जुटाए गए डाटा के अध्ययन से अतिरिक्त जानकारी मिलेगी जिससे यह मालूम हो सकेगा कि अनेक वृत्तों से निर्मित वाले फोटोस्फीयर में से हरेक वृत्त में सूर्य के चुम्बकीय तूफ़ान की रचना और शक्ति संपन्नता किस आधार से होती होगी अर्थात, प्रत्येक वृत्त में मैग्नेटिक फ्लक्स की ताकत को मापा जा सकेगा। इन चुम्बकीय तूफानों की लहर जब पृथ्वी की तरफ बढ़ती है तो इसकी काफी मात्रा हमारे वायुमंडल द्वारा सोख ली जाती है जिसे इसकी ताकत का ह्रास होता है। फिर भी जो थोड़ी से या बची हुयी मात्रा वायुमंडल को भेद कर धरती तक पहुंच पाती है उससे पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष में कृत्रिम उपग्रहों और अंतरिक्ष स्टेशन, अंतरिक्ष उड़ानें, वायुयानों से होने वाला हवाई परिवहन, इलेक्ट्रॉनिक संचार, विद्युत सप्लाई लाइनें और प्राणी जीवन पर काफी मात्रा में एवं गहरा प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना होती है। अनेक बार इससे भौतिक नुकसान भी होता है। यह फ्लक्स अत्यधिक शक्तिशाली और तीव्र गति का है तो प्राणियों में जीवन की रचना करने वाली कोशिकीय प्रोटीन्स और डीएनए तक टूट-फूट सकता है। फसलों की सेहत पर दुष्प्रभाव भी हो सकता है। माउई पर डैनियल केन इनौये सोलर टेलिस्कोप से किए गए इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि सूर्य पर छोटे पैमाने की चुंबकीय घटनाएं उसके समग्र व्यवहार को कैसे प्रभावित करती हैं, जिससे हमें अंततः सौर ज्वालाओं और अंतरिक्ष मौसम को पहले से बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है। जो डिजिटल चित्रों में रिज़ॉल्यूशन एक छवि में सूचना की मात्रा को व्यक्त करता है और पिक्सेल प्रति इंच या डॉट प्रति इंच में मापा जाता है, उच्च-गुणवत्ता वाले प्रिंट और दृश्य प्रस्तुतियों के उत्पादन के लिए हाई रेजोल्यूशन आवश्यक है। जाहिर है प्रत्येक टेलिस्कोप के साथ एक डिजिटल कैमरा भी जोड़ा जाता है जिससे मिरर से देखे गए एक ऑब्जेक्ट या सूर्य से मिली दृश्य सूचना को डिजिटल पद्धति में बदल कर फिर से एक छवि बनायी जाती है जिसे हम देख पाते हैं और रिकॉर्ड में रख सकते हैं। जी-बैंड में दूरबीन के विज़िबल ब्रॉडबैंड इमेजर का उपयोग करके विस्तृत चित्र डेनियल टेलिस्कोप से लिए गए जोकि सौर चुंबकीय गतिविधि का अध्ययन करने के लिए श्रृंखला विशेष में प्रभावी दृश्य-प्रकाश है। फोटोस्फीयर के छल्लों में धारियां भी नज़र आईं हैं जिन्हें छल्ले के भीतर के आवेशित गैस कणों की पृष्ठभूमि में देखा गया है। सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

सूर्य के प्रकाशवृत्त में देखी गयी चमकीली और गहरी धारियों की वैकल्पिक बारंबारता चुंबकीय क्षेत्रों की उपज है जोकि सूर्य के प्रकाश मंडल में पतली, पर्दा जैसी चादरें बनाते हैं। ये चुंबकीय पर्दे हवा में उड़ते हुए कपड़े की तरह लहराते और बदलते हैं और इसीसे मजबूत चुंबकीय क्षेत्रों के माध्यम में ये प्रकाशित होते हैं, चमकते हैं या कमजोर चुंबकीय प्रभाव वाले क्षेत्रों में काली पट्टी के रूप में दिखाई देते हैं। काली और सफ़ेद ये पट्टियां सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र और उसके प्लाज्मा के बीच की अंतरक्रियात्मक गतिविधि हैं जिससे सूर्य की दृश्यमान सतह में बदलाव होता है इसे विल्सन डिप्रेशन के रूप में जाना जाता है। इन पट्टियों की चमक में होने वाले सूक्ष्म बदलाव चुंबकीय क्षेत्र की ताकत में अंतर को दर्शाते हैं। पहली बार स्पष्ट रूप में इन बदलावों को केवल इनौये सोलर टेलीस्कोप की असाधारण शक्ति के कारण पकड़ा जा सका है। इससे पुष्टि हुई है कि देखी गई धारियां चुंबकीय उतार-चढ़ाव के संकेत मात्र ही नहीं हैं, बल्कि सूर्य की सतह के उतार-चढ़ाव को ये कैसे प्रभावित करते हैं इस बारे में भी हमारी समझ को गहरा करते हैं। छोटे पैमाने के ये चुंबकीय बदलाव सोलर-फ्लेयर्स, सूर्य की सतह पर होने वाले विस्फोट और कोरोनल मास इजेक्शन के दौरान इनसे उगले गए प्लाज्मा जैसी बड़ी सौर घटनाओं को कैसे प्रभावित कर सकते हैं इस बारे में अध्ययन और शोध के लिए रास्ता खुल गया है ताकि अंतरिक्ष और धरती के मौसम पर होने वाले प्रभावों को हम पहले से बेहतर होकर समझ सकें। कहने का अर्थ यह की सौर प्रकाशवृत्त की चुंबकीय गतिविधि पृथ्वी के मौसम को प्रभावित करती है।

## प्रसंगवश

# तकनीकी खराबी या नीतिगत विफलता

12 जून 2025 की दोपहर भारतीय विमानन इतिहास की एक और काली तारीख बन गई। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171, जो अहमदाबाद से लंदन गेटविक के लिए रवाना हुई थी, टेकऑफ़ के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि क्रैश साइट पर सेना, एनडीआरएफ, और स्थानीय प्रशासन को एक साथ तैनात करना पड़ा। इस त्रासदी ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा किया कि आधुनिक तकनीक और एयरलाइन सुरक्षा के तमाम दावों के बावजूद, क्या हम वास्तव में सुरक्षित हैं?



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

इस विमान में कुल 242 लोग सवार थे- जिनमें 230 यात्री (217 वयस्क, 11 बच्चे और 2 शिशु) और 12 क्रू सदस्य शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से कोई भी जीवित नहीं बचा, सिवाय एक व्यक्ति के जिसे सीट 11ए से चमत्कारिक रूप से बचाया गया। मृतकों में 169 भारतीय नागरिक थे, जबकि बाकी में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और 1 कनाडाई नागरिक शामिल थे। जहां यह हादसा हुआ, वहां बीजे मेडिकल कॉलेज का डॉक्टर हॉस्टल स्थित है।

जिस इमारत से विमान टकराया, वहां उस समय दर्जनों छात्र दोपहर का भोजन कर रहे थे। कम से कम 5 छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई और कई घायल अवस्था में अस्पताल ले जाए गए। इन छात्रों की आयु 22 से 28 वर्ष के बीच थी - वे अपने जीवन की शुरुआत में थे, अपने सपनों के बिल्कुल करीब। पीड़ित परिवारों के लिए यह सिर्फ एक भौतिक नुकसान नहीं था, बल्कि जीवन का वह हिस्सा छिन गया था जिसमें सपने, उम्मीदें, और भावनाएं बसती हैं। इस हादसे ने उन छात्रों के माता-पिता, दोस्तों और साथियों को ऐसा खालीपन दिया है जिसे भरना शायद नामुमकिन है। यह त्रासदी केवल एक विमान हादसा नहीं, बल्कि एक पूरी पीढ़ी की आकांक्षाओं पर लगा ग्रहण बन गई।

जब कोई विमान इस प्रकार दुर्घटनाग्रस्त होता है, तो हर किसी का ध्यान सबसे पहले तकनीकी कारणों की ओर जाता है। अहमदाबाद हादसे में भी यही हुआ। मौसम संबंधी डेटा के अनुसार उस समय आसमान साफ था, और दृश्यता सामान्य से बेहतर थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि दुर्घटना का मुख्य कारण तकनीकी या यांत्रिक त्रुटि हो सकता है। विशेष बात यह है कि यह दुनिया का पहला ड्रीमलाइनर विमान है जो इस प्रकार के क्रैश का शिकार हुआ। टेकऑफ़ के कुछ ही सेकंड के भीतर पायलट ने "मायडे" कॉल दी, जो यह दर्शाता है कि उन्हें किसी बड़ी तकनीकी खराबी का आभास हो गया था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से प्राप्त रडार ट्रैकिंग बताती है कि विमान ने अचानक ऊंचाई खोई और तेज़ी से नीचे गिरा। यह या तो इंजन फेल्योर, या फिर कंट्रोल सिस्टम में गंभीर गड़बड़ी का संकेत देता है। जैसे ही हादसे की खबर सामने आई, मीडिया चैनलों पर लाइव कवरेज शुरू हो गया।

इस हादसे ने एक बार फिर विमानन सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे पहली ज़रूरत है—डीजीसीए को पूर्ण स्वायत्तता देने की, ताकि वह राजनीतिक या कॉरपोरेट दबाव से मुक्त होकर सुरक्षा मानकों की निगरानी कर सके। एयरलाइन कंपनियों को हर तीन महीने में अपनी तकनीकी जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। पुराने विमानों को चरणबद्ध रूप से हटाना और पायलटों की ट्रेनिंग को नियमित करना भी अनिवार्य हो गया है। सिमुलेटर आधारित प्रशिक्षण, आपातकालीन परिस्थिति में निर्णय लेने की क्षमता और उड़ान के दौरान मानसिक स्वास्थ्य की निगरानी जैसी व्यवस्थाएं हर एयरलाइन में होनी चाहिए। ब्लैक बॉक्स और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की जानकारी जनता से नहीं छुपाई जानी चाहिए। अमेरिका और यूरोप में इनकी जांच की समय सीमा तय होती है, भारत में भी इसे लागू किया जाना चाहिए। यात्रियों को फ्लाइट इंश्योरेंस और सुरक्षा मानकों की पूरी जानकारी देने के लिए एयरपोर्ट पर जागरूकता केन्द्र खोले जाने चाहिए। यह हादसा सिर्फ एक त्रासदी नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। हम चाहें तो इसे बदलाव की शुरुआत बना सकते हैं - जिससे भविष्य में कोई और एआई 171 अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले राख न बन जाए।

# फिर दोस्ती की राह पर हैं भारत और मालदीव



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते।

एक वक्त था जब भारत और मालदीव के रिश्तों में तनाव था, संदेह था और दूरी बढ़ रही थी। लेकिन अब, वही रिश्ते फिर से गरमाहट और सहयोग की दिशा में लौटते दिख रहे हैं। साल 2023 के अंत में जब मोहम्मद मुइज़्ज़ू मालदीव के राष्ट्रपति बने, तो नई दिल्ली के गलियारों में खलबली मच गई। वजह थी उनका चुनाव प्रचार-जिसमें 'इंडिया आउट' कैंपेन चला। भारतीय सैनिक वहां समुद्री निगरानी, मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में लगे थे। लेकिन मुइज़्ज़ू की राष्ट्रवादी बयानबाज़ी ने उनकी मौजूदगी को मालदीव की संप्रभुता पर खतरे के तौर पर दिखाया और भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने की बात की गई। इसके बाद माले-दिल्ली के रिश्ते तनातनी की राह पर चल पड़े।

मुइज़्ज़ू ने राष्ट्रपति बनने के बाद पहली आधिकारिक यात्रा भारत की जगह तुर्की की। इसके साथ ही उन्होंने भारत के साथ हाइड्रोग्राफी समझौता नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया। उन्होंने एक चीनी शोध पोत को मालदीव के जलक्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी, जिससे भारत की चिंता और बढ़ गई। इन घटनाओं के बीच मालदीव के कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की पर्यटन को बढ़ावा देने वाली नीति पर टिप्पणी कर दी, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में खटास और बढ़ गई।

सही है मालदीव ने पिछले कुछ वर्षों में चीन की ओर झुकाव दिखाया है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि भूगोल नहीं बदला जा सकता। भारत और मालदीव के बीच हिंद महासागर की साझी सीमाएं हैं, साझा हित हैं और ऐतिहासिक संबंध भी। इसलिए भले ही चीन का असर बढ़े, मालदीव भारत को दरकिनार नहीं कर सकता। क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भारत की नीति, सागर यानी सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर आल इन द रीजन, के तहत छोटे द्वीपीय देशों को साथ लेकर चलने की है।

ऐसे में रिश्तों में सुधार के लिए भारत ने सार्वजनिक प्रतिक्रिया देने की बजाय बैकचैनल डिप्लोमेसी का रास्ता अपनाया। चुपचाप बातचीत हुई और दोनों देश एक ऐसे समझौते पर पहुंचे जिसमें भारतीय सैनिकों को तकनीकी विशेषज्ञ भारतीय नागरिकों से बदल दिया गया। इससे मुइज़्ज़ू की जनता को भी जवाब मिला और भारत को भी राहत। मुइज़्ज़ू जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। फिर अक्टूबर में उन्होंने भारत की आधिकारिक यात्रा की। भारत ने 2024-25 के बजट में मालदीव के लिए 400 करोड़ रुपये की विकास सहायता की घोषणा की-जो पिछले साल के बराबर थी।

मार्च 2024 में राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत मालदीव का सबसे करीबी सहयोगी है। उन्होंने कभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जो भारत-मालदीव रिश्तों को नुकसान पहुंचाए। मुइज़्ज़ू ने भारत से आर्थिक मदद की उम्मीद जताई। भारत ने भी सकारात्मक संकेत दिए। उसने मालदीव को दिए गए कर्ज की पुनर्भुगतान शर्तों को आसान किया। यह आर्थिक सहयोग ऐसे समय पर आया जब मालदीव आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते। इस कारण भारतीय पर्यटक ऑफ-सीजन में भी मालदीव के पर्यटन उद्योग को जिंदा रखते हैं। मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉर्पोरेशन और भारत में मालदीव के उच्चायुक्त बालासुब्रमण्यम के बीच हालिया बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि कैसे भारतीय पर्यटकों की संख्या को और बढ़ाया जाए। इससे दोनों देशों को आर्थिक रूप से फायदा होगा।

खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी 26 जुलाई को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हो सकते हैं। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने हाल ही में भारत दौरे के दौरान मुइज़्ज़ू की ओर से मोदी को यह निमंत्रण फिर से दोहराया। अगर मोदी जाते हैं, तो यह उनकी मुइज़्ज़ू शासनकाल में पहली मालदीव यात्रा होगी। यह कदम संबंधों को और मज़बूती देगा।

भारत और मालदीव के संबंध अब धीरे-धीरे संदेह की रात से निकलकर विश्वास की सुबह की ओर बढ़ रहे हैं। ये रिश्ता भूगोल, अर्थशास्त्र और आपसी सहयोग की ज़रूरतों पर आधारित है। यह दिखाता है कि कूटनीति में कोई दरवाजा कभी पूरी तरह बंद नहीं होता। मुइज़्ज़ू के कार्यकाल में रिश्तों ने कई रंग देखे-तनाव, दूरी, फिर मेल और अब सहयोग। अब जो दिख रहा है, वो है एक नई शुरुआत का संकेत। भारत और मालदीव, दोनों अपने हितों को समझते हैं और अब एक साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं।

## सोशल फोरम

# अपना गुरु खुद बनो

दुनिया तो इधर आकर ग्लोबल हुई न! साहित्य बहुत पहले से ग्लोबल था। उनको खेल की तरह पूरे विश्व कविता का ध्यान रखना होगा। कड़ी मेहनत का अर्थ क्या? पहली बात तो यह कि पूर्ण समर्पण-जीवन होम। खूब पढ़ना क्या होता है, यह मैं आजतक न समझ पाया। निरंतर पढ़ना जरूर समझा। अनेक पढ़ने वाले अहंकारियों को देखा है- ठस। कवि ज्ञानेन्द्रपति ने एक बार साथ टहलते हुए एक महत्वपूर्ण बात कही थी, बहुत लोग इस तरह पढ़ते हुए अपने अहम की सेल्फ पर एक किताब का बोझ और लाद लेते हैं। उतना ही घी खाओ कि पच जाय।



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

साहित्य या कला में बिना बावलापन के आप बहुत बेहतर नहीं कर सकते। इसलिए न खत्म होने वाली आसक्ति तो जरूरी है ही। रेणु, त्रिलोचन और नागार्जुन की साहित्य को लेकर ऐसी आसक्ति कि परिवार को भाग्य भरोसे छोड़ दिया। वह समय अब बीत गया। लेकिन अब हम उनकी सराहना करें कि आलोचना? मेरी बात मानिये, उनकी रचना पढ़िए।

असल बात यह है कि सृजन की कोई निश्चित डगर नहीं होती। लिखने के पहले कुछ भी तय नहीं होता। अनिश्चय की यात्रा है,चलना है तो चलो वरना कोई और काम ढूंढ लो।

जीवन, समाज, समय और प्रकृति को अधिकाधिक समझे बिना कोई बड़ा रचनाकार नहीं बन सका है। मैंने अनेक रचनाकारों की आत्मकथाएं और जीवनियां पढ़ी हैं। रेणु से रामविलास जी तक को बहुत बड़े-बड़े रचनाकार को करीब से देखा है। कोई भी बनी -बनाई राह पर न चला। सबने अपनी अलग राह बनाई। मोपांसा और मंटो एक-दूसरे के करीब दिखते हैं लेकिन दोनों ने अपनी-अपनी डगर पर चलकर ऊंचाई हासिल की।

हजारीप्रसाद द्विवेदी की इस बात से मैं एकदम सहमत हूं कि किसी को गुरु न बनाओ। अपना गुरु खुद बनो, यह रचनाकार बनने की पहली शर्त है। समुद्र में कूद ही गए हो तो बस तैरना है, जब तक तैर सको।

**-फेसबुक वॉल से**

# भारत में न्याय का धैर्यपर्व



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी
ओएनजीसी, देहरादून

बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979)में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वत: जमानत मिलनी चाहिए।

भारत में न्याय का सबसे बड़ा प्रतीक 'तारीख' है। इस देश के आम आदमी ने अदालत से अब तक जितना न्याय पाया है, उससे कहीं अधिक 'अगली तारीख' पाई है। आप अदालत जाइए, कोई भी फ़ाइल उठाइए फ़ाइल में न्याय कहीं न कहीं दबा मिलेगा, पर तारीख ऊपर-ऊपर ही पड़ी रहेगी, जैसे किसी रोगी की जांच रिपोर्ट में बीमारी नीचे छिपी हो और डॉक्टर सिर्फ फॉर्मेट देखकर मुस्करा दे। तारीखें मिलती रहती हैं और विचाराधीन बंदी उन तारीखों की गिनती करते-करते अपनी उम्र के कई वसंत, कई सावन जेल की कोठरी में बिता देते हैं - जैसे वह कोई कैदी नहीं, बल्कि 'सरकारी दीवार घड़ी' हो, जो सिर्फ समय बताने के लिए लगी हो।

1987 में विधि आयोग ने कहा था कि हर दस लाख पर पचास जज तो होने ही चाहिए। न्याय की गाड़ी खींचनी है, भाई! लेकिन आज़ादी के अमृतकाल में हम इतने आत्मनिर्भर हो चुके हैं कि पंद्रह जजों से ही काम चला रहे हैं। 'तारीख पर तारीख' की जो ऐतिहासिक परंपरा है, उसका क्या होगा? और फिर न्यायालय परिसर में वर्षों से चल रही चाय की वो दुकानें जहां देश की सबसे धीमी न्यायिक प्रक्रिया की सबसे तेज़ चर्चाएं होती हैं उनका धंधा किस सहारे चलेगा?

राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर 2023 तक देश में पांच करोड़ से अधिक मुक़दमे अदालतों में लंबित हैं जिनमें से कुछ तो इतने पुराने हो चुके हैं कि अब न्याय नहीं, 'पुनर्जन्म की प्रतीक्षा'कर रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 'भारत में कारागार संबंधी आंकड़े 2022' रिपोर्ट बताती है कि देश की जेलों में बंद कुल कैदियों में से लगभग 77 प्रतिशत विचाराधीन हैं यानी वे नागरिक, जिन पर अभी अपराध सिद्ध नहीं हुआ, पर दंड पहले ही प्रारंभ हो चुका है। न्यायालय की मुहर भले न लगी हो, पर सलाखों ने उन्हें अपराधी मान लिया है। यह भारतीय न्याय प्रक्रिया का वह 'प्रारंभिक दंड पाठ्यक्रम' है, जिसे बिना अदालती प्रमाण के ही लागू कर दिया जाता है। पर न्याय के मंदिर में जब समय की बलि दी जाती है, तो सबसे पहले इन्हीं बंदियों का जीवन उसमें झोंका जाता है। वे दोष सिद्ध नहीं हैं, लेकिन दंड भोग रहे हैं। वे अभियुक्त हैं पर व्यवस्था उन्हें अपराधी मान चुकी होती है। और इस सजा की कोई अधिकतम अवधि नहीं है क्योंकि उसके ऊपर 'तारीखों' का आसमान टंगा होता है।

आंकड़े बताते हैं कि भारत की जेलों में अब 131 प्रतिशत ओअनूप शुक्ल वरक्राउडिंग है। कभी-कभी तो लगता है कि सरकार के लिए जेलें 'डिस्प्ले यूनिट' हैं-जहां बंदियों की संख्या देखकर बाहर की जनता को तसल्ली हो जाती है कि 'अपराधियों पर लगाम कस दी गई है'। अब वह अपराध सिद्ध हुआ या नहीं, यह उतना ज़रूरी नहीं, मुख्य बात यह है कि किसी को पकड़ लिया गया है। बाक़ी तो 'क़ानून अपना काम कर रहा है' वाला राग चलता रहेगा। ताज्जुब तो तब होता है जब कोई निर्दोष व्यक्ति पांच-पांच, दस-दस वर्षों तक विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में सड़ता रहता है और फिर एक दिन अदालत कहती है:"दोष सिद्ध नहीं हुआ।" बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वतः जमानत मिलनी चाहिए। पर उस "स्वतः" शब्द की शर्तें इतनी जटिल हैं कि गरीब आदमी के लिए वह न्याय की शर्त नहीं, दंतकथा का पात्र बन जाती है। क़ानून कहता है बेल मिलनी चाहिए, लेकिन व्यवहार पूछता है "जमानती कौन है?" अब एक दिहाड़ी मजदूर, जो खुद जेल में है, जिसके परिजन किसी ईंट-भट्ठे या चाय के खोखे पर जुटे हैं, वह जमानती कहां से लाए? मलिमथ समिति ने भी वर्षों पहले कहा था कि बेल की प्रक्रिया सरल हो। और सच कहें, तो कागज़ों में सरलता आ भी गई है। फार्म दो पेज से घटकर एक हो गया है। पर न्याय व्यवस्था में वह फार्म अब भी वहीं किसी क्लर्क की टेबल के नीचे, और कैदी के भाग्य के ऊपरअटका है। आप चाहें तो बेल मांग सकते हैं पर उसके लिए चाहिए "साक्षरता, दस्तावेज़, जमानती, और थोड़ा-सा भाग्य"। और यदि आप इन सबमें असफल हैं तो न्याय व्यवस्था आपकी प्रतीक्षा नहीं करती, वह बस आपको 'अगली तारीख' थमा देती है।'

26 नवंबर 2024, संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर, गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो विचाराधीन बंदी जमानत के पात्र हैं, उन्हें रिहा किया जाए। जनवरी 2025 में गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी और संकेत दे दिया कि अब चुप्पी भी दायित्वहीनता नहीं, अपराध मानी जाएगी। आज न्याय प्रक्रिया में जिस प्रकार गरीब विचाराधीन बंदी का जीवन गल रहा है। जब तक गरीब आदमी जेल में न्याय की प्रतीक्षा करते-करते अपने जीवन के वर्ष नष्ट करता रहेगा, तब तक हमारी न्यायिक उपलब्धियां चाहे कितनी भी डिजिटल हो जाएं, न्याय की आत्मा तो ताम्रपत्रों में जड़ी पड़ी रहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)

## एक नजर

### आवास विकास में संपत्ति प्रबंधक व अभियंता बदले

अमृत विचार, लखनऊ: उप्र आवास विकास परिषद में तबादलों का क्रम जारी है। शुक्रवार को आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने कई संपत्ति प्रबंधक, अभियंता व अन्य स्टाफ का तबादला करके सूची जारी की है। नई व्यवस्था के तहत प्रशासनिक अधिकारी अमित कुमार सिंह से अलीगढ़, कासगंज, मथुरा व हाथरस से संपत्ति प्रबंधक का दायित्व हटा लिया गया है। अब अमित कुमार कमला नगर योजना व आगरा की सभी संपत्तियां देखेंगे। वहीं, प्रशासनिक अधिकारी हरिमोहन को गोंडा, बलरामपुर व बहराइच के साथ गोरखपुर व बस्ती के संपत्ति प्रबंधक की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह गोरखपुर, बस्ती के संपत्ति प्रबंधक देशराज अब अलीगढ़, कासगंज, मथुरा व हाथरस का दायित्व संभालेंगे। विद्युत वृत्त लखनऊ के प्रशासनिक अधिकारी इंद्रपाल वर्मा को प्रयागराज, मीरजापुर, प्रतापगढ़ व फतेहपुर योजना का संपत्ति प्रबंधक बनाया गया है। इसके अलावा चार सहायक लेखाधिकारी व सात मानचित्रक इधर से उधर किए गए हैं। इसी तरह विद्युत, सिविल आदि अनुभाग के 25 अवर अभियंता को गोरखपुर, रुहेलखंड, अयोध्या, प्रयागराज, आगरा, गाजियाबाद आदि जनपदों में तैनात किया गया है।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

अमृत विचार, उन्नाव: मौरावां थानाक्षेत्र के अहेसा गांव में शराब के लती युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें मौत का सही कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया है। मौरावां थाना क्षेत्र के अहेसा गांव निवासी कमलेश (32) पुत्र भगाने लाल मजदूरी करता था। वह शराब का भी लती था। अक्सर वह गांव के आसपास बिकने वाली अवैध शराब पीता था।

# एनडीपीएस के मामलों में भी मिल सकती है अग्रिम जमानत

## याचिक में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

लखनऊ, विधि संवाददाता

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि एनडीपीएस के मामलों में भी अग्रिम जमानत याचिका पोषणीय है। कोर्ट ने कहा है कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 438 में राज्य की विधायिका द्वारा किए गए संशोधन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की अग्रिम जमानत संबंधी धारा 482 पर लागू नहीं होंगे। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2019 में धारा 438 में संशोधन करते हुए गैंगस्टर, एनडीपीएस, यूएपीए, ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट तथा ऐसे सभी मामले जिनमें मृत्यु की सजा का प्रावधान हो,उन्हें अग्रिम जमानत के दायरे से बाहर कर दिया गया था।

ये निर्णय न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ ने सुधीर उर्फ सुधीर कुमार चौरसिया की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिका में एनडीपीएस के अभियुक्त ने अग्रिम जमानत की मांग की थी। याचिका का राज्य सरकार की ओर से विरोध करते हुए कहा गया कि प्रदेश में एनडीपीएस समेत मृत्यु की सजा वाले मामलों में यूपी एक्ट नंबर 4 प्रावधानित करते हुए अग्रिम जमानत पर रोक लगाई गई है। यह भी कहा गया कि बीएनएसएस की धारा 531 निरसन और व्यावृत्तियों का प्रावधान करती है। जिसके अनुसार सीआरपीसी के किसी प्रावधान पर जारी अधिसूचना बीएनएसएस के सम्बंधित प्रावधान पर लागू होंगी। कहा गया कि अग्रिम जमानत के लिए सीआरपीसी की धारा 438 पर प्रदेश का जो संशोधन है, वह बीएनएसएस की धारा 482 पर भी लागू होगा।

मामले में बतौर न्याय मित्र बहस के लिए उपस्थित हुए अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि धारा 531 अधिसूचनाओं की व्यावृत्ति (बचत)से सबंधित है, जबकि यूपी एक्ट नंबर 4 अधिसूचना न होकर राज्य के विधान मंडल द्वारा किया गया एक संशोधन है। लिहाजा सीआरपीसी के निरसन का अप्रत्यक्ष प्रभाव उक्त संशोधन के भी निरसन के रूप में होगा। कोर्ट ने भी इस दलील पर सहमति जताते हुए कहा कि अधिसूचना प्रशासनिक शक्तियों के तहत जारी की जाती है। जबकि राज्य किसी कानून को बनाने व लागू करने के लिए संविधान में प्रदत्त अनुच्छेद 246 की शक्तियों का प्रयोग करता है।

### राबर्ट वाड्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग वाली अर्जी दाखिल

अमृत विचार, लखनऊ (विधि संवाददाता): पहलगाम आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की हत्या पर राबर्ट वाड्रा द्वारा हिंदुओं को जिम्मेदार ठहराने पर हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस के राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप तिवारी ने राबर्ट वाड्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग वाली अर्जी दाखिल की गई है। इस अर्जी की पोषणीयता पर सुनवाई के लिए सीजेएम हृषिकेश पांडे ने 20 जून की तिथि नियत की है। सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग वाली यह अर्जी अधिवक्ता शेखर निगम एवं प्रियंका राव एडवोकेट के माध्यम से दाखिल की गई है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि 23 अप्रैल 2025 को रॉबर्ट वाड्रा ने विभिन्न प्रिंट एवं लाइव समाचार चैनलों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे हिंदू समाज को इस घटना का जिम्मेदार बताया है। रॉबर्ट वाड्रा ने प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए कहा था कि सरकार हिंदुत्व की बात करती है इसलिए अल्पसंख्यक मुसलमान असहज और परेशान रहते हैं। अगर आतंकवादी लोगों की पहचान देख रहे हैं तो ऐसा क्यों कर रहे हैं क्योंकि ऐसी घटनाओं से आतंकी संगठनों को यह लगता है कि हिंदू लोग मुसलमान के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं।वाड्रा ने यह भी कहा था की पहचान देखना और किसी को मार देना, यह प्रधानमंत्री के लिए एक संदेश है क्योंकि मुसलमान कमजोर महसूस कर रहे हैं।अदालत ने अर्जी पर प्रारंभिक सुनवाई करने के उपरांत अर्जी की पोषणीयता पर अग्रिम सुनवाई के लिए 20 जून की तिथि नियत की है।

# शिक्षा के डिजिटली करण से शिक्षा के क्षेत्र में हो रही क्रांति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 324.56 करोड़ से प्रदेश में बन रहे 2,700 स्मार्ट क्लास रूम
- प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में 1,780 स्मार्ट क्लास रूम बन कर हो चुके हैं तैयार

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विजन के अनुरूप नगर विकास विभाग शहरी स्कूल व परिषदीय स्कूलों में शिक्षा को डिजिटल और आधुनिक स्वरूप देगा। संचालित योजनाओं के तहत लगभग 324.56 करोड़ रुपये की लागत से 2,700 से अधिक स्मार्ट क्लास रूम्स की स्थापना की गई है। जिनमें से लगभग 1,780 स्मार्ट क्लास रूम पूरी तरह तैयार हो चुके हैं।

नगर विकास विभाग ने शिक्षा सुविधा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगभग 2,700 स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना की है। विभाग ने सर्वाधिक स्मार्ट क्लास रूम स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत लगभग 160.83 करोड़ रूपये की लागत से कुल 1,183 स्मार्ट क्लास रूम की परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। जिनमें से प्रदेश के स्मार्ट सिटीज़ में 1,088 कक्षाएं पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं। साथ ही ''कायाकल्प'' पहल के तहत लगभग 190 स्मार्ट क्लास रूम 57.66 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई हैं।

### नामांकन दर बढ़ कर हो गई है 60 फीसदी

नगर विकास विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत 2022 से शुरु हुये इस अभियान के अंतर्गत संचालित 65 प्रतिशत से अधिक स्मार्ट क्लास रूम का संचालन हो रहा है। परिणामस्वरूप परिषदीय स्कूलों में नामांकन दर बढ़कर 59 .6 प्रतिशत हो गई है ।जो कि राष्ट्रीय औसत से भी लगभग 15 प्रतिशत अधिक है।

### विभिन्न योजनाओं के तहत बने हैं स्मार्ट क्लास रूम

उप्र. के नगर विकास योजना के तहत आकांक्षी नगरों में लगभग 29 .43 करोड़ रुपये की लागत से 913 स्मार्ट क्लासरूम्स की स्वीकृति मिली थी , जिसमें से 408 कक्षाएं स्मार्ट क्लासेज बन कर तैयार हो कर संचालित हो रही हैं जबकि 505 निर्माणाधीन हैं। साथ ही 398 नई कक्षाओं को भी स्वीकृति प्रदान की है। वहीं मुख्यमंत्री अभ्युदय कॉम्पोजिट स्कूल योजना के अंतर्गत 25 विशेष क्लास रूम बनाये जा रहे हैं। वहीं वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत 13 और कायाकल्प परियोजनाएं के तहत 4 .25 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट क्लास रूम की निर्माण किया जा रहा है।

### निम्न वर्ग के छात्रों को मिल रहा है डिजीटल शिक्षा का लाभ

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में निम्न आय वर्ग के छात्रों को आधुनिक एवं डिजीटल शिक्षा की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से स्मार्ट क्लास रूम स्थापित किये गए हैं। ये क्लासरूम्स इंटरएक्टिव डिजिटल बोड्‌र्स, मल्टीमीडिया लर्निंग कंटेंट और हाई–स्पीड इंटरनेट जैसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं, जिससे शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावशाली और इंटरैक्टिव बनाया जा रहा है। स्मार्ट क्लास रूम के बारे में बताते हुए नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि हम शहरी शिक्षा को एक नए आयाम में ले जा रहे हैं।

## महिला से मारपीट, दो नामजद समेत सात पर केस दर्ज

अमृत विचार, उन्नाव: गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिंडोखा गांव में शुक्रवार सुबह एक महिला के साथ मारपीट की गई। पीड़िता शिववती की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता शिववती ने बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे गांव के विजय कुमार और उमेश गाली-गलौज कर रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों ने पांच अन्य लोगों के साथ मिलकर उसे पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा और पीड़िता की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0, सुलतानपुर**
E-mail Id- eecd3nk1@gmail.com

पत्रांक : 1284/4ए/2025–26 दिनांक : 05.06.2025

राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0, सुलतानपुर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी–ए,बी,सी एवं डी क्लास में (जैसा लागू हो) मार्ग कार्य हेतु अर्ह ठेकेदारों से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नांकित कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह अर्हता के सम्बन्ध में नियम व शर्तो से अवगत हो ले।

| क्र0 सं0 | जनपद | मार्ग का नाम | निविदा की लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | सुलतानपुर | विकास खण्ड बल्दीराय के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 |
| 2 | सुलतानपुर | विकास खण्ड धनपतगंज के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 |
| 3 | सुलतानपुर | विकास खण्ड कुड़वार के अन्तर्गत हॉट मिक्स प्लांट द्वारा विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 |
| 4 | सुलतानपुर | विकास खण्ड भदैया के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 |
| 5 | सुलतानपुर | विकास खण्ड लम्भुआ के अन्तर्गत हॉट मिक्स प्लांट द्वारा विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 |
| 6 | सुलतानपुर | विकास खण्ड पी0पी0 कमैचा के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 |

निविदा आनलाईन दिनांक 16.06.2025 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 25.06.2025 की दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.06.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा सम्बन्धी सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

UP-234840 दिनांक 12.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(रविन्द्र सिंह आर्य)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0 सुलतानपुर


### दुकान में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

अमृत विचार, उन्नाव: गांव के बाहर बनी अपनी मार्केट की एक दुकान में फाइनेंस कंपनी के एजेंट रहे युवक ने फंदे लटककर जान दे दी। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। अजगैन कोतवाली अंतर्गत भौली गांव निवासी आशीष सिंह (45) पुत्र सुरेंद्र की गांव के बाहर सड़क किनारे मार्केट बनी है। जिसकी एक दुकान में उसने अपना ऑफिस बना रखा है। वह एक फाइनेंस कंपनी का एजेंट भी था और उसने उसकी फ्रेंचाइजी ले रखी थी। गुरुवार दोपहर रोज की तरह वह घर से मार्केट आया था। लेकिन देरशाम तक वापस नहीं लौटा। बेटा रौनक पिता को बुलाने मार्केट आया तो पिता को फंदे से लटका देख उसकी चीख निकल गई। शोर सुन पड़ोसी व परिजन दौड़े और उसके जीवित होने की आस में फंदा काटकर सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# धूप व गर्मी से फेरी लगाने वाले युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई


घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

अमृत विचार: कन्नौज निवासी युवक मल्लावां में किराए के मकान में रहकर गांव-गांव फेरी लगाता था। गुरुवार की सुबह युवक फेरी लगा रहा था, उसी बीच तेज धूप व गर्मी के चलते उसे चक्कर आ गया और वह गिर पड़ा, कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के अनुसार कन्नौज के ठठिया निवासी 40 वर्षीय पातीराम अपनी मां भूरी और छोटे भाई प्रदीप के साथ मल्लावां कोतवाली के कटरा में किराए के मकान में रह रहा था, वह गांवों में फेरी लगाकर घरेलू सामान बेचता था। गुरुवार की सुबह पातीराम फेरी पर निकला था, लेकिन दोपहर बाद तक वापस नहीं लौटा। भाई प्रदीप ने बताया कि वह पातीराम को ढूंढ रहा था, उसी बीच पता चला कि उसका भाई मल्लावां-कन्नौज रोड पर मीरनगर के पास गिरा पड़ा है।

प्रदीप वहां पहुंचा तो लोगों ने बताया कि चक्कर आने से गिर पड़ा और वहीं पर उसकी मौत हो गई। माना जा रहा है कि तेज धूप व गर्मी की चपेट में आने से पातीराम की मौत हुई।

# चकबंदी कानूनगो का पंचायत भवन में मिला शव, जांच शुरू

अमृत विचार, उन्नाव: सफीपुर क्षेत्र कोतवाली के सलिंद गांव के पंचायत घर में रहकर चकबंदी कानूनगो का शव शुक्रवार की शाम उनके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों शव मिलने से सनसनी फैल गयी। काम के सिलसिले में मिलने गए ग्रामीण ने उसमें कोई हरकत होता न देख एसडीएम को सूचना देकर एम्बुलेंस से सीएचसी ले गया। जहाँ डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर पड़ताल में जुट गई है।

सीतापुर जनपद के थाना ताल गांव के गांव कहिमारा माखपुर निवासी जगदीश प्रसाद(50) पुत्र सरजू प्रसाद चकबंदी विभाग में कानूनगो के पद पर तैनात थे। तहसील क्षेत्र के देवगांव परगना में चल रहे चकबंदी कार्य को पड़ोस के सलीन्द गांव स्थित पंचायत घर मे पिछले एक माह से रहकर विभागीय कार्य निपटा रहे थे।

शुक्रवार को वह क्षेत्र से कार्य निपटा शाम को। पंचायत घर लौट आये थे। देर शाम गांव का युवक शुभम यादव चकबंदी संबंधी काम के सिलसिले में उनसे मिलने गया था। कई बार आवाज के बाद भी कोई उत्तर नहीं मिला। पुलिस को सूचना देकर एम्बुलेंस से सीएचसी के जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एसओ एसएन त्रिपाठी ने हार्टअटैक से मौत होने की आशंका जताई है।

# माइनर में मिला युवक का शव, दूसरी पत्नी और साले पर हत्या का आरोप

संवाददाता, हरदोई

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शुरू की जांच

अमृत विचार: खेत पर गए युवक का शव माइनर में पड़ा मिला। युवक ने दो शादियां कर रखी थी। उसकी पहली पत्नी ने दूसरी पत्नी व उसके भाई पर हत्या करने का आरोप लगाया है। यह भी आरोप लगाया कि आरोपी चोरी-छिपे शव जलाने के लिए उठा ले गए थे। लेकिन सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव का पोस्टमार्टम कराया है।

सुरसा थाने के दलेलपुर निवासी शांति स्वरूप खेती-बाड़ी करता था। गुरुवार को वह खेत पर गया था। काफी देर बाद तक वापस नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश करने लगे। भाई रघुनंदन ने बताया कि शांति स्वरूप का शव खेत के पास निकले माइनर में पड़ा मिला था। उसकी नाक और मुंह से खून निकल रहा था। रघुनंदन के अनुसार शांति स्वरूप की पहली शादी सुशीला के साथ हुई थी। उसके एक बेटा रंजीत व बेटी रूबी है। साल 2014 में आपसी झगड़ा होने पर शांति स्वरूप ने उसे छोड़ दिया था। सुशीला अपने दोनों बच्चों के साथ बिलग्राम कोतवाली के सदरियापुर मे रहने लगी। उसके बाद साल 2016 में शांति स्वरूप ने घोंघ थाना साण्डी की अनीता के साथ दूसरी शादी कर ली, लेकिन उसके कोई बच्चे नहीं हुए। पहली पत्नी सुशीला का आरोप है कि दूसरी पत्नी ने अपने भाई के साथ मिलकर शांति स्वरूप की हत्या कर शव माइनर में फेंक दिया।

### खेत हड़पने की साजिश

मृतक शांति स्वरूप की पहली पत्नी सुशीला का कहना हैकि उसके पति के हिस्से में 9 बीघा खेत है, चूंकि दूसरी पत्नी के बच्चे नहीं है, इसी लिए उसे डर था कि शांति स्वरूप उसके बेटे रंजीत को सारी जायदाद दे देगा। इसीलिए खेत हड़पने की साजिश की गई और वारदात को अंजाम तक पहुंचाया गया।


**रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली**

**सार्वजनिक नोटिस**

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक ने नीचे सारणी के स्तम्भ – 3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की जवाहर विहार योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण / नामांतरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्रम संख्या | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड / भवन /फ्लैट संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम आवेदक (पिता / पति का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | अन्तरण /नामान्तरण /का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्रीमती बिन्देश्वरी देवी पत्नी स्व0 श्री श्याम बिहारी | भूखण्ड संख्या एच0आई0जी0 – 21 मानक क्षेत्रफल 200 वर्गमी0 | जवाहर विहार योजना | श्री रमेश दुबे पुत्र स्व0 श्याम बिहारी दुबे | म0नं0–484, 28/11 काशी डीह निकट मानसरोवर होटल के पास साकची पूर्वी सिंघभूम जनपद जमशेदपुर | मृत्यु उपरान्त नामान्तरण | पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भवन / भूखण्ड के अन्तरण / नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली को प्रस्तुत कर सकता / सकती है अन्यथा स्तम्भ – 5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अंतरण / नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

सचिव
रायबरेली विकास प्राधिकरण
रायबरेली ।


# सड़क पर बेहोश मिले अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजधानी मार्ग पर कृष्णा हॉस्पिटल के पास एक 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति बेहोशी की हालत में बुधवार को सड़क पर पड़ा मिला। राहगीरों ने इसकी जानकारी डॉयल पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने उसे इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा।

जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन देर रात करीब 08:40 बजे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान न हो पाने के कारण शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया गया। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है और इसके लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। पश्चिमी चौकी इंचार्ज अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है और कोशिश की जा रही है कि किसी तरह उसका परिवार सामने आ सके।

### सड़क हादसे में ससुर की मौत, दामाद घायल

अमृत विचार, हरदोई: जरौली नेवादा मार्ग पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार ससुर की मौत हो गई जबकि दामाद घायल हो गया। घटना गुरुवार की देर रात की है। मृतक घुरई मितमितपुर थाना सांडी के रहने वाले थे। वह अपने दामाद प्रमोद के साथ बिलग्राम मोटरसाइकिल एजेंसी से बाइक का नंबर लेकर वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। हादसे में बाइक सवार 52 वर्षीय घुरई की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ मौजूद दामाद प्रमोद (35) घायल हो गया।

## नहर में डूबकर मौत

अमृत विचार, हरदोई : युवक की शारदा नहर में डूबने से मौत हो गई। कछौना कोतवाली के लालपुर मजरा त्यौरी मतुआ निवासी 28 वर्षीय गौरव सिंह पुत्र रामप्रकाश सिंह निजी कंपनी में नौकरी करता था। शुक्रवार की दोपहर वह लखनऊ ब्रांच की शारदा नहर के किनारे शौच को जा रहा था, उसी बीच अचानक उसका पैर फिसल गया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम कर्वी, जनपद–चित्रकूट**

पत्र संख्या–809/2025–26/ ई–निविदा सूचना / दिनांक– 11.06.2025

**ई–निविदा सूचना/दर आमंत्रण सूचना**

ई–टेण्डरिंग के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम में नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम में राज्य वित्त आयोग से कराये जाने वाले कार्यो की ई–निविदा दिनांक 12.06.2025 से 02.07.2025 समय 12:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जायेगी जो उसी दिनांक को खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों में निर्धारित शुल्क व जमानत धनराशि नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के Axis Bank Account No-919010066046073 के IFSC Code- UTIB0004082 में जमा की जायेगी। निविदा सूचना http://etendar.up.nic.in & http://nagarpalikaparishad chitrakootdhamkarwi.com/ पर देखी जा सकती है। निविदा सम्बन्धी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित निर्माण लिपिक से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
चित्रकूटधाम

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
चित्रकूटधाम


# सड़क पार कर रहे युवक को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, उन्नाव


हादसे के बाद मौके पर जुटी लोगों की भीड़ व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

अमृत विचार: फैक्ट्री में मजदूरी करने आए दिल्ली निवासी युवक की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। नई दिल्ली मध्य के पटेल नगर थाना क्षेत्र के बलजीत नगर मोहल्ला निवासी अभदिश प्रसाद (32) पुत्र नंद किशोर अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित फैक्ट्री के सामने शुक्रवार सुबह पैदल सड़क पार कर रहा था। तभी उसे अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग निकला। उसे सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। फैक्ट्री के सुपरवाइजर सर्वेश तिवारी ने बताया युवक दो दिन पहले काम मांगने आया था। सुबह किसी काम से फैक्ट्री से निकलकर सड़क पार कर रहा था। तभी वह हादसे का शिकार हो गया। अजगैन कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

**कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल: शुक्लागंज, अमृत विचार।** शुक्रवार शाम आजाद मार्ग स्थित धनइयां गांव के पास एक अनियंत्रित कार ने बाइक सवार दो युवकों को सीधी टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा और कार को कब्जे में लिया है। सदर कोतवाली के हिंदू खेड़ा निवासी शिवम और निशांत कुशवाहा के साथ बाइक से मरहला चौराहे से हाइवे की ओर जा रहे थे, तभी आजाद मार्ग स्थित धनइयां गांव के पास सामने से आ रही कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मसवानपुर निवासी जुगल किशोर की कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों उछलकर सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दी। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। दोनों युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

अमृत विचार, बांगरमऊ: कोतवाली क्षेत्र के गांव जगत नगर निवासी शिशुपाल (18) पुत्र कमलेश अपने खेत में मक्का की फसल काट रहे मजदूरों को पानी देने शुक्रवार शाम को पैदल जा रहा था। तभी तेज रफ़्तार बाइक ने शिशुपाल के टक्कर मार दी। टक्कर से वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें बाइक सवार अनुज पाल (18) पुत्र राजबहादुर व गोबिंद पुत्र रामशंकर निवासी गांव नानामऊ बिल्हौर भी सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देख घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## एक नजर

### राहुल गांधी के खिलाफ 15 जुलाई को होगी सुनवाई

विधि संवाददाता, सुलतानपुर,

**अमृत विचार :** करीब 12 साल पहले मुजफ्फरनगर दंगा पीड़ित मुस्लिम युवकों को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से संपर्क साधने का बयान देने से जुड़े मामले में सांसद राहुल गांधी के खिलाफ पड़ी निगरानी अर्जी पर सुनवाई वकीलों के प्रस्ताव के कारण 15 जुलाई तक टल गई। कोतवाली नगर के घरहां खुर्द निवासी मो. अनवर ने 24 अक्टूबर 2013 को मध्य प्रदेश के इंदौर में चुनावी जनसभा के दौरान कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के जरिये समुदाय विशेष पर दिए बयान से नाराज होकर एमपी/एमएलए कोर्ट में उन्हें तलब कर दंडित किए जाने की मांग के लिए परिवाद दाखिल किया था। एमपी/एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने 30 जनवरी को यह कहते हुए परिवाद खारिज कर दिया था कि न्यायिक कार्यवाही को अनावश्यक रूप से उत्पीड़न का हथियार नहीं बनाना चाहिए। परिवादी ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश से नाराज होकर जिला जज की अदालत में निगरानी अर्जी दाखिल की है।

### गैर इरादतन हत्या में नौ दोषियों को 7-7 वर्ष की कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने गैरइरादतन हत्या की घटना से सम्बन्धित 9 अभियुक्तों को 7-7 वर्ष कठोर कारावास व प्रत्येक को 78 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। थाना कोतवाली नगर पर गैरइरादतन हत्या के प्रयास के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमे में सोनेलाल, विजय, सीताराम, नन्दरानी, राजेश, अमरीश, संजीव, हनुमान, अर्जुन निवासी पासिन पुरवा थाना कोतवाली नगर को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट ने दोषसिद्ध करार दिया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान एक अभियुक्त की मौत हो गई थी। 27 जून 2013 को राममिलन ने सभी दस अभियुक्तों के विरुद्ध पिता को मारने-पीटने के दौरान मौत हो जाने के सम्बन्ध में सूचना दी थी।

अहमदाबाद प्लेन क्रैश के प्रत्यक्षदर्शी ने बताया

# हाई स्पीड से मेस में घुसा प्लेन और ब्लास्ट हुए सिलेंडर

दिनेश मिश्रा, अयोध्या।

- अक्षत के दाहिने पैर का हुआ ऑपरेशन, जबड़े व सिर में आई हैं चोटें
- मिली फ़्लाइट न ट्रेन की टिकट, बाई रोड 18 घंटे में पहुंचा परिवार



बीजे मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन के बाद भर्ती प्लेन क्रैश में घायल मेडिकल छात्र अक्षत अपनी माता और बहनोई विष्णु गुप्ता के साथ।

**अमृत विचार:** अहमदाबाद में प्लेन क्रैश की घटना के दौरान मेस में भोजन कर रहा रामनगरी का घायल छात्र अक्षत अब खतरे से बाहर है। फ़्लाइट और ट्रेन में टिकट न मिलने के बाद परिवार बाई रोड 18 घंटे में उसके पास पहुंच गया। अक्षत अब खतरे से बाहर है।

मौके पर पहुंचे अक्षत के जीजा व दर्शननगर स्थित अवध इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य विष्णु गुप्ता ने फोन पर बताया कि भीखापुर अयोध्या निवासी राजेश जायसवाल का पुत्र अक्षत बीजे मेडिकल कॉलेज अहमदाबाद में एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र है। कहा कि बातचीत में घायल अक्षत ने बताया कि वो गुरुवार को मेस में दोस्तों के साथ भेजन कर रहा था। इसी बीच प्लेन का एक सिरा हाई स्पीड में मेस की दीवार तोड़ता हुआ घुस आया। हम लोग जब तक कुछ समझ पाते किचन में रखे सिलेंडरों में ब्लास्ट होने लगा। इसके बाद अफरातफरी मच गई। इसी दौरान क्रैश प्लेन के कुछ टुकड़े व सिलेंडर फटने से अन्य सामान उन लोगों पर गिरा। बड़ी संख्या छात्र व अन्य जख्मी हो गए। तेज धमाके की वजह से दिखना और सुनाई पड़ना बंद जैसा हो गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अस्पताल पहुंचकर अक्षत और अन्य घायल छात्रों का हाल जाना। बेहतर इलाज के निर्देश दिए। विष्णु गुप्ता ने बताया कि अक्षत सहित सभी घायल छात्रों को उच्चकोटि की व्यवस्थाओं के साथ अलग वार्ड में रखा गया है। अक्षत के दाहिने पैर का ऑपरेशन हुआ है। उसके चेहरे, जबड़े, सिर, हाथ व पैर में भी चोटें आई हैं।

#### नहीं रहे अक्षत के कई साथी

अक्षत के पिता राजेश जायसवाल के मोबाइल पर गुरुवार दोपहर हादसे के बाद फोन पर अक्षत के घायल होने की सूचना मिली। राजेश ने बड़े भाई समाजसेवी और प्रतिष्ठित व्यवसायी राकेश जायसवाल के परिवार और संबंधियों को सूचना दी। इसके बाद अक्षत के मम्मी-पापा के साथ अहमदाबाद के लिए कार निकल पड़े। बताया कि लगभग 18 घंटे बाद वहां पहुंचे। अक्षत से मिलकर हाल चाल लिया। अक्षत अभी खतरे से बाहर है लेकिन बेहद घबराया हुआ है। उसके कई साथी दिवंगत हो गए हैं। कई गंभीर अवस्था में भर्ती हैं।

# रायबरेली: हनीमून पर सिक्किम गया नव दंपति 17 दिन से लापता



कौशलेंद्र और अंकिता।

**रायबरेली, अमृत विचार।** हनीमून मनाने सिक्किम गए दंपति का 17 दिनों से कोई पता नहीं है। परिवार लगातार उनकी तलाश कर रहा है, इकलौते पुत्र और बहु की कोई खबर न मिलने पर पिता की तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें रायबरेली एम्स में एडमिट कराया है।

रायबरेली-प्रतापगढ़ बॉर्डर पर सांगीपुर ब्लॉक के राहाटीकर गांव निवासी शेर बहादुर सिंह के पुत्र कौशलेंद्र सिंह का विवाह पट्टी तहसील के धनगढ़ सराय छिवलहा निवासी राजेश सिंह की पुत्री अंकिता से बीती 5 मई को हुआ था। दोनों 26 मई को हनीमून मनाने सिक्किम गए थे जहां पर मंगन जिले में भारी बारिश के कारण 11 पर्यटकों से भरा वाहन 29 मई को तीस्ता नदी में गिर गया था। तब से कौशलेंद्र और अंकिता की कोई खबर नहीं मिल रही है। इकलौते बेटे के वियोग में गुरुवार की रात पिता शेर बहादुर सिंह की तबियत बिगड़ गई। भाई डॉ. उम्मेद सिंह ने बताया कि रात में तबियत बिगड़ने पर उन्हें सांगीपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से रात में ही उन्हें रायबरेली एम्स में एडमिट कराया गया है। उनकी हालात में सुधार बताया गया है।

# सीतापुर : शारदा नदी में डूबे चार किशोर, दो की मौत व दो लापता

## तंबौर थानाक्षेत्र के अकबरपुर गांव के घाट पर नहाने गए थे सभी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** जनपद सीमा क्षेत्र से होकर गुजरी शारदा नदी में नहा रहे चार किशोर गहरे पानी में समा गए। तट पर मौजूद लोगों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके। तंबौर थानाक्षेत्र के अकबरपुर गांव के छोर पर बहती नदी से दो किशोरों के शव देर शाम निकाले गए। अन्य की तलाश के लिए देर रात तक पुलिस व गोताखोर जुटे रहे।

लखीमपुर खीरी के ईसानगर थानाक्षेत्र स्थित हसनपुर कटौली निवासी अविनाश शुक्ला पुत्र विनोद शुक्ला, राहुल शुक्ला पुत्र गौतम शुक्ला, देवांश दीक्षित पुत्र दीपक दीक्षित और उत्कर्ष मिश्रा पुत्र मनोज मिश्रा शारदा नदी के दूसरी छोर पर नहाने के लिए आए थे। चारों बच्चे नहाते हुए नदी के गहरे पानी में समा गए। सभी को डूबता देख चीख-पुकार मच गई। कुछ ग्रामीण तट पर मौजूद थे, सभी ने बचाने का प्रयास किया लेकिन गहरे पानी से किसी को निकाला नहीं जा सका। बताते हैं कि लखीमपुर खीरी जनपद के ईसानगर थाने की पुलिस पहले मौके पर पहुंची। सीमा का कुछ क्षेत्र सीतापुर जनपद में आने की जानकारी के बाद खीरी पुलिस ने कुछ देर हाथ खड़े कर लिये, फिर तंबौर पुलिस को सूचना मिली। खबर पाकर एसओ तंबौर राकेश सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से दो शवों को बाहर निकाला जा सका। जिनकी पहचान अविनाश शुक्ला (14) और उत्कर्ष मिश्रा (14) के रूप में हुई। राहुल शुक्ला (14) और देवांश दीक्षित (14) की तलाश में दोनों जनपदों की पुलिस और गोताखोरों की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हुई है। तंबौर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की।

# बहराइच में पेड़ से भिड़ी बेकाबू बाइक, बुआ व भतीजे की मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** बुआ को घर छोड़ने जा रहे भतीजे की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे दोनों घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

श्रावस्ती के गिलौला थाना क्षेत्र के मसुडी ग्राम निवासी विजय प्रकाश, जनपद के पयागपुर थाना क्षेत्र के सुर्जनपुरवा ग्राम निवासी अपनी बुआ बिट्टन देवी को छोड़ने बाइक से उनके घर आ रहा था, तभी पयागपुर थाना क्षेत्र के खुटेहना चौकी के गिलौला रोड स्थित अरकापुर ग्राम के पास बाइक आनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे बुआ और भतीजे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पयागपुर पुलिस ने दोनों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पयागपुर सीएचसी पर तैनात डॉक्टर अरुण कुमार मौर्य ने बताया कि पुलिस वाहन से दोनों को लाया गया था, जब उन्हें अस्पताल में लाया गया तो दोनों की मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना पुलिस को भेज दी गई है। सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे पयागपुर थाना अध्यक्ष करुणाकर पांडे ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है। परिजनों ने बताया कि विजय प्रकाश अपनी बुआ बिट्टन देवी को बाइक से लेकर गया हुआ था।

# चिनाब पुल ने दिलों को भी जोड़ा है : टीजी सीथाराम

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब ब्रिज के निर्माण में प्रारंभ से ही जुड़े रहे ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर टी. जी. सीथाराम ने जम्मू को कश्मीर से जोड़ने वाली इस पूरी परियोजना को अति विशिष्ट बताते हुए कहा कि चिनाब ब्रिज विश्व का एक नया अजूबा है, जिसका निर्माण भारतीय इंजीनियरों ने किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर को हर मौसम में जोड़ने के लिए तैयार किए गए इस पुल ने दिलों को भी जोड़ा है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश के हर नागरिक की इसमें जबरदस्त भूमिका है। इंजीनियरिंग की मिसाल इस ब्रिज का सपना साकार करने में हजारों इंजीनियरों और श्रमिकों ने महती भूमिका अदा की है।



प्रो. टीजी सीथाराम।

# घर के अंदर मिला प्रवक्ता का शव

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

#### गुत्थी उलझी

- राजकीय इंटर कॉलेज अहमदपुर में थी तैनाती

**अमृत विचार :** विकास भवन के निकट किराए के कमरे में रह रहे सरकारी कालेज के प्रवक्ता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में पड़ा मिला। घर से बदबू उठने पर हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच की तो शव दो दिन से कमरे में पड़े होने की पुष्टि हुई। पुलिस हार्ट अटैक से मौत की संभावना जता रही। वहीं पास पड़ोस के लोगों के अनुसार प्रवक्ता शराब का अत्यधिक सेवन करते थे।

शहर कोतवाली क्षेत्र में विकास भवन के निकट तारा टिम्बर स्टोर के सामने किराए के घर में रह रहे इन्द्रेश यादव (43) संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इन्द्रेश जैदपुर थाना क्षेत्र के अहमदपुर स्थित राजकीय इंटर कालेज में इतिहास विषय के प्रवक्ता के पद पर तैनात थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो दिन से इन्द्रेश को घर से बाहर नहीं देखा गया, वहीं गुरुवार को घर का दरवाजा खटखटाने के बाद भी इन्द्रेश दूध लेने बाहर नहीं आए। यही हाल शुक्रवार को भी रहा। शक होने पर पड़ोसियों ने घर की छत पर जाकर देखा तो इन्द्रेश मृत अवस्था में घर में पड़े मिले। वहीं घर से बदबू भी उठ रही थी। इस खबर से आस पास हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खुलवाकर शव बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आस पड़ोस के लोगों से पूछताछ भी की। बताया जा रहा कि इन्द्रेश मूल रूप से आजमगढ़ के थाना अतरौलिया के ग्राम बनवारी पट्टी सेनपुर के रहने वाले थे। इनके पिता रामप्रीत हेड मास्टर पद से रिटायर हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इन्द्रेश का परिवार उनके साथ नहीं, बल्कि गांव में रहता है। इंद्रेश अत्यधिक शराब का सेवन करता था। वहीं शहर कोतवाल रामकिशन राना ने बताया कि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। हार्ट अटैक पड़ने से मौत की संभावना है।

# युवती को अगवा कर किया सामूहिक दुष्कर्म

**गोंडा, अमृत विचार :** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवती को उसके गांव के रहने वाले चार युवक बृहस्पतिवार को अगवा कर ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। युवती की तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराकर फरार हो गए। शुक्रवार को होश में आने पर पीड़िता के बयान दर्ज हुए। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। देहात कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह का कहना है कि घटना की जानकारी मिली है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगायी गयी है।

# बाराबंकी की बाल वैज्ञानिक जाएगी जापान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



पूजा को सम्मानित करते डीआईओएस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सिरौलीगौसपुर ब्लाक के अगेहरा की बाल वैज्ञानिक पूजा को भारत सरकार द्वारा संचालित 'सकुरा साइंस हाईस्कूल प्रोग्राम' के तहत 14 से 21 जून तक एक सप्ताह की जापान यात्रा पर भेजा जा रहा है।

पूजा की फ्लाइट नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से शाम को थी। इससे पहले दिल्ली स्थित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में पूजा समेत देशभर से चयनित 54 विद्यार्थियों का ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस यात्रा के दौरान पूजा अन्य भारतीय छात्रों के जापान के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और संस्कृति का अनुभव करेगी। पूजा वर्तमान में जगदीशचंद्र फतेहराय इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा है। पूजा ने कक्षा 8 में एक अनोखा 'धूल रहित थ्रेशर' मॉडल बनाया था। इस मॉडल को पहले जिला, फिर राज्य और अंततः राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली। पूजा की इस वैज्ञानिक सोच के पीछे उनके मार्गदर्शक शिक्षक राजीव श्रीवास्तव का योगदान रहा। पूजा के पिता पुत्तीलाल मजदूरी करते हैं और मां सुनीला रसोइया है जहां पूजा पढ़ती थी। पूजा के जापान रवाना होने से पहले जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, बीएसए संतोष कुमारदेव पाण्डेय सहित अन्य ने सम्मानित किया।

# दो किलो हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** कटका पुलिस एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने अंतर्जनपदीय मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को 4.5 करोड़ रुपए कीमत की हिरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। एसओ कटका प्रेम चंद ने बताया कि तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर दो किलो 105 ग्राम हिरोइन बरामद हुई है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 4.5 करोड़ रुपए है। गिरफ्तार अभियुक्तों में बृज भूषण निवासी लारपुर दक्षिण थाना जलालपुर, राजेश निषाद निवासी अतरौलिया जनपद अजमगढ़ और प्रमोद कुमार निवासी ग्राम रन्नुपुर थाना आलापुर शामिल हैं।

# 22 तक बंद रहेगा राम की पैड़ी के पंपों का संचालन

**अयोध्या, अमृत विचार:** राम की पैड़ी में स्नान और लुत्प उठाने वालों को इसके लिए 22 जून तक इंतजार करना पड़ेगा। इसकी मरम्मत का काम 12 जून से शुरू हो गया है। अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खंड कार्यालय की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार राम की पैड़ी के डिलेवरी टैंक, मुख्य चैनल, डिस्पोजल चैनल व स्केप चैनल में जमी हुई सिल्ट/बालू की साफ सफाई और मरम्मत कराने के उद्देश्य से राम की पैड़ी पर पंपों का संचालन 22 जून तक बंद रहेगा।

# राम मंदिर निर्माण : अब तक खर्च हुए 2150 करोड़

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर का निर्माण कार्य दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। राम मंदिर सहित अन्य 14 मंदिरों के निर्माण में अब तक कुल 2150 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को अलग-अलग स्रोतों से 316.57 करोड़ रुपये की आय हुई और इस वर्ष 452.76 करोड़ रुपये खर्च हुए।

ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बीते दिनों हुई बैठक में वित्तीय वर्ष की बजट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक चलेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के खाते बंद कर दिए गए हैं। इन खातों की ऑडिट रिपोर्ट तैयार कर सितंबर 2025 तक आयकर रिटर्न दाखिल की जाएगी। इसमें सती मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण में खर्च के नए विवरण को प्रारंभ कर दिया गया है। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक बैठक के दौरान ट्रस्ट अपने सभी लेखा-जोखा के कार्यों को पेश करता है। इसमें भी अब तक जितने भी खर्च हुए हैं या अलग-अलग माध्यमों से प्राप्त धनराशि है उन सभी की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।



मंदिर में स्थापित राम दरबार की झांकी।

#### राम मंदिर ट्रस्ट ने दिया 396 करोड़ का टैक्स

राम मंदिर ट्रस्ट के खाते से बीते वर्षों में सरकार के विभिन्न एजेंसियों को 18 प्रतिशत टैक्स के तहत लगभग 396 करोड रुपये का भुगतान भी किया गया है। जिसमें जीएसटी के रूप में 272 करोड़, टीडीएस के रूप में 39 करोड़, लेबर सेस के लिए 14 करोड़, एम्पलाई स्टेट इंश्योरेंस में लगभग 7.4 करोड़, इंश्योरेंस पॉलिसी में लगभग 4 करोड़ रुपये जमा किए गए हैं। इसके साथ ही विकास प्राधिकरण को नक्शा स्वीकृत की धनराशि में 5 करोड रुपये का भुगतान किया गया है।

## वर्ग पहेली- 1

**बाएं से दाएं**

1. बोलने की शक्ति, वाचा, वाणी, वाक।
4. एक प्रकार का हलका पीला रंग।
6. 1. प्रधान अधिकारी या कार्यकारी प्रशासक से संबंधित, (एक्ज़ीक्यूटिव) 2. नियंत्रक।
7. दे. यारबाज़।
8. जलाशयों के किनारे होने वाला एक पर्वतीय पौधा जो औषधि के काम में आता है।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. केश 2. बालक 3. किसी पशु का बच्चा 4. शरीर का रोआं, रोम।
2. आपात स्थिति, आपातकाल, आकस्मिक संकट।
3. 1. जीवंत, जीवित 2. सजीव, सचेत, जीवन-शक्ति से युक्त 3. भला-चंगा 4. तेजवान; सशक्त।
5. 1. जालसाज़ी, छल-कपट, धोखा, सही बात छिपाकर दूसरी बात कहना 2. धमकी।
6. 1. आग की तरह जलता या दहकता हुआ 2. आग की-सी जलन उत्पन्न करने वाला।



### वर्ग पहेली -460 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 खि | | | 2 अ | | 3 सं |
| ल | | | नि | | वि |
| 4 क | ट | चा | य | | था |
| त | | | मि | | न |
| | | 5 वि | त | र | क |
| 6 पं | च | पि | ता | | |
| त | | न | | 7 झा | ल |

## सुडोकू -8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | 3 | 9 | | 7 |
| | 7 | | 5 | 2 | | | | |
| 3 | | | 7 | | | 1 | | 6 |
| | | | | 6 | | | | 5 |
| | 2 | | 9 | | 5 | | 8 | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | | 4 |
| | | | | 5 | 2 | | 3 | |
| 8 | | 9 | 6 | 3 | | | 7 | |

### सुडोकू - 7 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया-15.46 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढा 15 जून 12.22 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष:** आज जो लोग आपके विरुद्ध थे वे आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बना सकते हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ कठोर निर्णय ले सकते हैं। व्यापार में बड़ी जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**वृष:** आज विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंधों में प्रतिकूलता रहेगी। समय के अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएं।

**मिथुन:** आज किसी भी तरह की उधारी न करें। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें। रक्तचाप और किडनी के रोगियों को परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी।

**कर्क:** आज आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है।

**सिंह:** आज आपको अधिक परिश्रम करने के उपरान्त ही अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। अपने भविष्य के प्रोजेक्ट्स को लेकर लापरवाही न करें। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाये रखें।

**कन्या:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नई नौकरी के लिए इन्टरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं। जॉब में अधिकारी आपसे असन्तुष्ट रहेंगे। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**तुला:** आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण कर लें। नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े हुए कारोबार में धन लाभ होगा। विद्यार्थी आज पढ़ाई पर अत्यधिक ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नये स्रोत विकसित होंगे। बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं।

**धनु:** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर समस्या होगी। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए।

**मकर:** आज आप धन की बचत करना चाहेंगे। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा। ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। उच्च अधिकारियों से अकारण कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कुंभ:** आज जीवनसाथी के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें। सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी।

**मीन:** आज कानूनी मामलों की अड़चन दूर होगी। लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है। अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ रचनात्मक प्रयोग कर सकते हैं।

## एक नजर

### युवती के अश्लील फोटो भेजकर भाई से मांगी 10 लाख की रंगदारी

**बरेली :** एक युवक को व्हाट्सएप पर उसकी बहन का अश्लील फोटो भेजकर एक अज्ञात व्यक्ति ने 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। आरोपी ने धमकी दी कि रुपये नहीं दिए तो फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। इससे युवक का पूरा परिवार परेशान हो गया। युवक ने थाना बिथरी चैनपुर में मोबाइल नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### परीक्षा के दौरान छात्रा को उठा पथरी का दर्द, आधा घंटे बाद मिला इलाज

**बरेली :** बरेली कॉलेज के न्यू परीक्षा भवन में शुक्रवार दोपहर एमए अंग्रेजी की मिड टर्म परीक्षा के दौरान एक छात्रा को अचानक पथरी का तेज दर्द उठा तो वह कराहने लगी। आरोप है कि कॉलेज प्रशासन की ओर से करीब आधा घंटे बाद डॉक्टर मौके पर भेजा गया, जिससे छात्रा काफी परेशान हुई। इस घटना ने कॉलेज परिसर में आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। छात्रों ने कॉलेज में इमरजेंसी सेवाएं बेहतर करने की मांग की है।

### हाईवे पर टैंकर चालक की हार्ट अटैक से मौत

**भोजपुर (मुरादाबाद) :** मुरादाबाद टांडा रामनगर रोड पर सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी के निकट सड़क किनारे खड़े टैंकर के चालक राजू सिंह (52) निवासी बरेली ड्राइविंग सीट पर मृत अवस्था में पड़े मिले। पीएम रिपोर्ट में चालक की मौत हार्ट अटैक पड़ने की पुष्टि हुई है।

# पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना में फर्जी क्लेम दिलाने वाले आठ गिरफ्तार

## एसटीएफ ने दबोचा, अधिक उम्र वालों को कम आयु का दर्शाकर करा देते थे बीमा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



प्रभाकर त्रिपाठी | राहुल कुमार | जगदीश | नरेंद्र कुमार | बंटी | संदीप | सुरेंद्र कुमार | वासिद

**अमृत विचार :** फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में क्लेम दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ लखनऊ एसटीएफ की बरेली इकाई ने किया है। एसटीएफ ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग अधिक आयु के लोगों की कम उम्र दर्शाकर बीमा कर देते थे और मृत्यु के बाद उनका क्लेम वसूल लेते थे।

एसटीएफ लखनऊ की बरेली इकाई के अपर पुलिस अधीक्षक अब्दुल कादिर ने बताया कि उन्हें जानकारी हुई कि कुछ लोग गिरोह बनाकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अधिक उम्र का बीमा कराकर मृत्यु होने पर क्लेम वसूल करते हैं। आरोपी बरेली में रहते हैं। टीम को मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी नैनीताल रोड पर भोजीपुरा रोड पर इकट्ठे खड़े हैं। टीम ने दबिश देकर आठों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में कंचनपुर थाना भोजीपुरा निवासी राहुल गिहार, बंटी, पीपलसाना चौधरी थाना भोजीपुरा निवासी जगदीश, नरेंद्र, मार्डन विलेज कॉलोनी निवासी सुरेंद्र गंगवार, मढ़ीनाथ थाना सुभाषनगर निवासी संदीप, गांव दियोरिया थाना भोजीपुरा निवासी वासिद और विन्ध्यवासिनी भवन, ऐरो सिटी करमपुर चौधरी निवासी प्रभाकर त्रिपाठी हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआई अमित कुमार, धूम सिंह, मुख्य आरक्षी संदीप, गिरिजेश पोसवाल, शिवओम पाठक, सुनित, हरिओम, अरुण कुमार, कुंशांक और आरक्षी संजय हैं।

**आरोपियों के पास से बरामद हुआ सामान :** एसटीएफ ने आरोपियों के कब्जे से 14 क्लेम फार्म, 23 आधार कार्ड, 33 बैंक पासबुक, एक रजिस्टर, एक मृत्यु प्रमाण पत्र, दो डायरी, आधार कार्ड की दो छायाप्रति, 1 डेबिट कार्ड, 66 ग्राम प्रधानों, आंगनबाड़ी केंद्रों और आशाओं से हस्ताक्षरित निवास प्रमाण पत्र, 12 मोबाइल, 6 पैन कार्ड, 85 डाक टिकट, 3300 रुपये बरामद किए हैं।

### इस तरह से आरोपी करते थे काम

आरोपियों ने बताया कि जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 18 से 50 वर्ष आयु तक के लोगों का बीमा किया जाता है। वे लोग अधिक उम्र वाले लोगों की उम्र कम दर्शा देते हैं। इसके लिए वे बीमाधारक की उम्र कम करके आधार कार्ड बनवा देते हैं। व्यक्ति की मृत्यु के बाद कंपनी से बीमा क्लेम ले लेते हैं। आरोपियों ने सभी के कार्य भी बांट दिए थे। आरोपियों ने बताया कि राहुल, जगदीश, नरेंद्र उर्फ नंदू, सुरेंद्र और बंटी क्षेत्रीय लोगों से बीमा योजना का फार्म भरवाते थे। वासिद उसके गांव का फहीम उर्फ गुड्डू फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनवाता था। संदीप, योगेश और प्रभाकर त्रिपाठी सर्वेयर का कार्य करते थे।

### प्रत्येक केस पर लेते थे 30 हजार रुपये

आरोपियों ने बताया कि वे लोग प्रत्येक केस में 30 हजार रुपये लेते थे। क्षेत्रीय लोगों से पहचान छिपाने के लिए प्रभाकर खुद को अनिल बताता था। वह फर्जी तरीके से बनवाए गए मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल और आधार कार्ड लगाकर फाइल जमा करता था। इन लोगों पर शक होने पर एलआईसी ने कुछ फाइलों को रोक भी दिया था, उनका भुगतान अब तक नहीं हुआ है। कुछ फाइलें ऐसी भी मिली हैं, जिनका धारक का बीमा मृत्यु से कुछ ही दिन पहले ही किया गया है। इनकी जांच चल रही है। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने 80-85 वर्ष के लोगों की उम्र 48 वर्ष दिखाकर उनका बीमा करा दिया था।

# पाकिस्तानी महिला ने फर्जी तरीके से बनवाया राशन व आधार कार्ड

कार्यालय संवाददाता, बरेली



फरहत सुल्ताना

- बारादरी थाने में महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, थाने से मिली जमानत
- दीर्घकालिक वीजा पर भारत में रह रही है फरहत सुल्ताना
- वर्ष 1961 में अटारी बॉर्डर से ट्रेन के माध्यम से भारत पहुंची थी महिला

**अमृत विचार :** दीर्घकालिक वीजा पर रह रही पाकिस्तानी महिला फरहत सुल्ताना ने धोखाधड़ी करके आधार कार्ड और राशन कार्ड बनवा लिया। बांग्लादेशी और रोहिंग्या के तलाशी अभियान में इसका पता चला। अब महिला के खिलाफ एसआई सौरभ तोमर ने थाना बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया लेकिन पूछताछ के बाद नोटिस तामील कराकर छोड़ दिया।

एसआई सौरभ तोमर ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर शुरू किए गए रोहिंग्या और बांग्लादेशी तलाशी अभियान में पता चला कि बारादरी थाना क्षेत्र में सूफी टोला में मकान नंबर 233 में पाकिस्तानी महिला फरहत सुल्ताना दीर्घकालिक वीजा पर रह रही है। उसने धोखाधड़ी करके यहां के पता पर अपना आधार कार्ड और राशन कार्ड बनवा लिया है। फरहत ने राशन कार्ड में खुद को परिवार का मुखिया दर्शाया है।

नियमानुसार कोई भी विदेशी व्यक्ति बिना नागरिकता के आधार कार्ड या राशन कार्ड नहीं बनवा सकता है। फरहत की धोखाधड़ी के कारण उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार करके पूछताछ की, तब उसने सारा सच्चाई बताई। इसके बाद पुलिस ने पूछताछ के बाद नोटिस तामील कराने के बाद छोड़ दिया।

**मां के साथ आई थी फरहत :** पुलिस के अनुसार फरहत सुल्ताना अपनी मां अंजुम के साथ वर्ष 1961 में अटारी बॉर्डर से ट्रेन के माध्यम से भारत पहुंची थी। उस वक्त उसकी उम्र मात्र 8 वर्ष थी। तब से अब तक वह यहां ही रह रही है। मां के साथ उसकी बहन निकहत आई थीं। बारादरी के मोहल्ला सूफी टोला में उसका ननिहाल है। कुछ दिन रहने के बाद उसकी मां सुल्ताना अंजुम और बहन निकहत पाकिस्तान चली गईं। जबकि वह अपने नाना के पास रुक गई।

पाकिस्तानी महिला का दीर्घकालिक वीजा 13 जुलाई 2025 को खत्म हो रहा है। वीजा की अवधि समाप्त होने पर अधिकारियों के निर्देश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
– धनंजय पांडेय, थाना प्रभारी बारादरी

### 40 वर्ष पूर्व खालिद से किया था निकाह

फरहत सुल्ताना ने मोहल्ले के ही शाहिद खलील के साथ 1985 में निकाह किया था। उसी वक्त से वह शाहिद के साथ रह रही है। उसके चार बेटी और दो बेटे हैं। जबकि एक बेटी की मौत हो चुकी है। पांच साल पहले फरहत का पति से अलगाव हो गया। इसके बाद से शाहिद अपनी बहन के पास शाहजहांपुर में रहता है और वह अपने बच्चों के साथ रहती है।

### 2005 से ले रही सरकारी योजनाओं का लाभ

पूछताछ में फरहत ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2005 में उसने आधार कार्ड बनवाया था। इसी आधार कार्ड का लाभ उठाकर उसने खुद को घर का मुखिया दर्शाते हुए वर्ष 2016 में राशन कार्ड बनवा लिया। तब से अब तक राशन भी ले रही है। पुलिस ने फरहत सुल्ताना की रिपोर्ट पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भेज दी है। अब उसका राशन कार्ड निरस्त करने की तैयारी चल रही है।

### पास्ता में निकला कीड़ा, ग्राहकों ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार, मुरादाबाद :** कांठ रोड पर पीएसी के समीप एक प्रतिष्ठित स्वीट्स एंड बेकर्स व रेस्टोरेंट में शुक्रवार को एक ग्राहक ने पास्ता का आर्डर किया। उसने खाने के लिए खोला तो उसमें कीड़ा निकल गया। उसे लेकर वह प्रतिष्ठान के संचालक के पास पहुंचा और शिकायत की। पहले तो उसने ना नुकुर करने की कोशिश की लेकिन अन्य ग्राहकों की नाराजगी देखते हुए उसने गलती स्वीकार कर सामग्री को वापस ले लिया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत मिलने पर टीम भेजी गई थी। टीम की जांच व रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई होगी।

### पूर्वोत्तर रेलवे ने बढ़ाई ट्रेनों की रफ्तार, अब 110 किलोमीटर प्रतिघंटे तक दौड़ेंगी

**अमृत विचार, बरेली :** यात्रियों की सुविधा और रेल संचालन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने छह प्रमुख मार्गों पर ट्रेनों की गति में वृद्धि की है। अब इन रूटों पर चलने वाली ट्रेनों की रफ्तार 110 किलोमीटर प्रति घंटा तक कर दी गई है, जो पहले 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा थी। इससे ट्रेनों की समय पालन दर में सुधार आएगा।

रेलवे प्रशासन के अनुसार जिन छह रूटों पर यह बदलाव किया गया है, उनमें पीलीभीत-मझोला, भोजीपुरा-पीलीभीत, मझोला-टनकपुर, बरेली सिटी-लालकुंआ, बरेली सिटी-कासगंज और पीलीभीत-शाहजहांपुर मार्ग शामिल हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इससे न सिर्फ यात्रियों को तेज और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा, बल्कि मालगाड़ियों के संचालन में भी लचीलापन आएगा। बरेली, पीलीभीत और आसपास के जिलों के लाखों यात्रियों को इस बदलाव से लाभ होगा।

# फर्जीवाड़ा से समिति की जमीन बेचकर कर दिया 1.44 करोड़ रुपये का गबन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कटघर थाना क्षेत्र स्थित किदवईनगर सहकारी आवास समिति की जमीन का मामला

**अमृत विचार :** कटघर थाना पुलिस ने आबिद नगर करूला निवासी रईस अली व गलशहीद के असालतपुरा निवासी सिकंदर हुसैन के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी और गबन का रिपोर्ट दर्ज किया है।

मामला आवास एवं विकास परिषद के सहकारी अधिकारी (आवास) सतीश कुमार की तहरीर पर लिखा गया है। जिसमें आरोप है कि दोनों ने फर्जीवाड़ा करके समिति के पदाधिकारी पद पर कब्जा कर लिया। बाद में पंडित नगला स्थित किदवईनगर सहकारी आवास समिति की जमीन में से आठ भूखंड अपने लोगों को रजिस्ट्री कर दी। इसके अलावा समिति के खातों से भी पैसा निकाल लिया। आरोपियों ने कुल मिलाकर 1 करोड़ 44 लाख 10 हजार रुपये का गबन कर लिया।

आवास एवं विकास परिषद के सहकारी अधिकारी (आवास) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अपर आवास एवं अपर निबंधक उप्र आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ ने उन्हें रईस अली व सिकंदर हुसैन के खिलाफ जांच सौंपी थी। जांच में पाया गया कि दोनों ने 2016 के बाद किदरवई नगर सहकारी आवास समिति की जमीनों की रजिस्ट्री कर उससे प्राप्त धनराशि अपने पास रख ली। आरोपियों ने समिति की फर्जी मतदाता सूची तैयार कर फर्जीवाड़ा से ही चुनाव कराना दिखाकर खुद को अध्यक्ष व सचिव घोषित कर लिया। बाद में आरोपियों ने परिचितों को प्रबंध कमेटी का सदस्य बनाया और उन्हीं कमेटी मेंबरों को करोड़ों रुपये के बाजार मूल्य वाले भूखंडों का बैनामा कर दिया। जबकि जिन गैर सदस्यों को रजिस्ट्री कराई गई, वह कभी भी समिति के सदस्य थे ही नहीं। सदस्यता अभिलेखों के सत्यापन से इसका पता चला। आरोप लगाया कि कुल मिलाकर दोनों ने मिलकर सहकारी समिति की जमीन को खुर्दबुर्द करके 1 करोड़ 44 लाख 10 हजार रुपये हड़प लिए।

# सरकारी नौकरी का ख्वाब था बन गई संविदा परिचालक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली रीजन में 91 महिलाएं चयनित, इनमें कई बीएड और बीपीएड डिग्री धारक

**अमृत विचार :** परिवहन निगम की बसों में संविदा महिला परिचालकों की भर्ती के लिए योग्यता भले ही इंटरमीडिएट निर्धारित की गई हो, लेकिन बेरोजगारी का दंश झेल रहीं बीसीए, बीएड, बीपीएड जैसी डिग्रियां लेने वाली महिलाओं ने भी आवेदन किए थे। इनमें कई महिलाएं ऐसी हैं, जिनका ख्वाब सरकारी नौकरी पाने का था, लेकिन जब लंबे इंतजार के बाद नौकरी नहीं मिली तो रोडवेज बसों में संविदा परिचालक बनने का फैसला लिया।

अप्रैल में महिला परिचालकों की भर्ती के लिए पुराना बस स्टैंड पर भर्ती मेले का आयोजन हुआ था। बरेली रीजन से 91 महिला संविदा परिचालकों का चयन हुआ था।

पीलीभीत निवासी रजनी ने बताया कि उन्होंने तीन साल पहले बीएड किया था। नौकरी न मिलने के कारण परिवहन निगम में संविदा परिचालक पद के लिए आवेदन किया। चयनित होने पर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। पुराना शहर निवासी शिवानी ने बताया कि बीपीएड करने के बाद उन्हें नौकरी नहीं मिली। पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ने के साथ खर्चे भी बढ़ गए। इसलिए इस नौकरी को ज्वाइन कर लिया है।

# पति पर बेटे को जबरन गोद देने का दबाव बनाने का आरोप

**बरेली :** हुसैन बाग की युवती से शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर मुड़िया निवासी युवक ने प्रेम विवाह कर लिया। नूर सबा के परिजनों के कहने पर युवक ने मुस्लिम धर्म अपनाकर अपना नाम बदल लिया लेकिन अब युवक अपने बेटे को अपनी भाभी को गोद देना चाहता है, जिसका युवती विरोध कर रही है। युवती ने पति तैमूर समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। हुसैन बाग निवासिनी नूर सबा ने बताया कि दो साल पहले तिलहर थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर मुड़िया निवासी आकाश उसे बहला फुसलाकर ले गया था। रिपोर्ट दर्ज कराने पर आकाश ने मुस्लिम धर्म अपनाकर अपना नाम तैमूर रख लिया था।

# सेहरामऊ में दो बच्चियां तालाब में डूबी, मौत

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी/शाहजहांपुर

- शाम के समय तालाब में नहाने गई थी दोनों बच्ची, एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में दोनों डूबीं

**अमृत विचार :** तालाब में नहाने गईं दो बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। गांव वालों ने आधे घंटे बाद दोनों के शव तालाब से बाहर निकाले।

सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव गोरीखुर्द निवासी रामसेवक की पुत्री मधु (7) और दिलीप की सरोजनी (5) शुक्रवार शाम अन्य बच्चों के साथ भीषण गर्मी के चलते गांव के पास स्थित तालाब पर नहाने गई थीं। दोनों नहाते-नहाते तालाब के बीच में चली गईं। सरोजनी डूबने लगी तो वह चिल्लाई। मधु उसे बचाने के लिए गई तो दोनों डूबने लगीं। इससे पहले कोई दोनों की मदद करता वह डूब गईं। कुछ बच्चों ने घर पर जाकर बताया कि मधु और सरोजनी तालाब में डूब गई हैं। परिवार वाले और गांव वाले दोनों बच्चियों की तलाश में तालाब में उतर गए। करीब आधे घंटे बाद दोनों के शव तालाब से बाहर निकाले गए। गांव में एक डॉक्टर को दिखाया तो उसने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों ने देर शाम थाने पर सूचना दी। एसओ उमेश कुमार मिश्रा गांव में गए और परिवार वालों से जानकारी की।

# नैनीताल में तेज बारिश ने रोकी सैलानियों की राह

संवाददाता, नैनीताल

- तीन घंटे की बारिश में 40 मिमी बरसा पानी, झील का जलस्तर 78.2 फीट पहुंचा

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में प्री मानसून की बारिश ने शुक्रवार की सुबह सैलानियों की राह रोक ली। तीन घंटे की बारिश में 40 मिमी पानी बरसा और झील का जलस्तर 78.2 फीट पहुंच गया।

सुबह 9 बजे वर्षा शुरू हो गई और वर्षा का वेग इतना तेज हो गया कि लोग जहां के तहां ठिहरने को मजबूर हो गए। नगर सैर के लिए तैयारी कर रहे सैलानी कमरों से बाहर नहीं निकल सके। नाले उफना गए और कई सड़कों में जलभराव हो गया। सुबह 10 से 11 बजे के बीच भारी पानी बरसा, जबकि बाकी दो घंटे मध्यम स्तर की बारिश हुई। अपराह्न 12 बजे बारिश रुकने के बाद ही जनजीवन सामान्य हो सका। इस बीच स्कूल जा रहे बच्चों की फजीहत हुई और दफ्तरों को जा रहे कर्मचारी बारिश में खूब भीगे। शुक्रवार की बारिश से नैनीझील के जलस्तर में चार इंच बढ़ोतरी हुई है, जो 78.2 फीट पहुंच गया है। सिंचाई विभाग झील नियंत्रण कक्ष के सुपरवाइजर रमेश गैड़ा ने बताया कि शुक्रवार सुबह हुई करीब 40 मिमी बारिश से झील के जलस्तर में सुधार हुआ है।



धनगढ़ी नाले के उफान पर आने से दोनों ओर फंसे वाहन। अमृत विचार



सरोवर नगरी में भारी बारिश के बाद मौसम सुहावना बना रहा। अमृत विचार

## वर्ग पहेली- 1

**बाएं से दाएं**

1. बोलने की शक्ति, वाचा, वाणी, वाक।
4. एक प्रकार का हलका पीला रंग।
6. 1. प्रधान अधिकारी या कार्यकारी प्रशासक से संबंधित, (एक्ज़ीक्यूटिव) 2. नियंत्रक।
7. दे. यारबाज़।
8. जलाशयों के किनारे होने वाला एक पर्वतीय पौधा जो औषधि के काम में आता है।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. केश 2. बालक 3. किसी पशु का बच्चा 4. शरीर का रोआं, रोम।
2. आपात स्थिति, आपातकाल, आकस्मिक संकट।
3. 1. जीवंत, जीवित 2. सजीव, सचेत, जीवन-शक्ति से युक्त 3. भला-चंगा 4. तेजवान; सशक्त।
5. 1. जालसाज़ी, छल-कपट, धोखा, सही बात छिपाकर दूसरी बात कहना 2. धमकी।
6. 1. आग की तरह जलता या दहकता हुआ 2. आग की-सी जलन उत्पन्न करने वाला।



### वर्ग पहेली -460 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख़ि | | | 2 अ | | 3 सं |
| ल | | | नि | | वि |
| 4 क | ट | चा | य | | था |
| त | | | मि | | न |
| | | 5 वि | त | र | क |
| 6 पं | च | पि | ता | | |
| त | | न | | 7 झा | ल |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया-15.46 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढा 15 जून 12.22 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष:** आज जो लोग आपके विरुद्ध थे वे आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बना सकते हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ कठोर निर्णय ले सकते हैं। व्यापार में बड़ी जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**वृष:** आज विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंधों में प्रतिकूलता रहेगी। समय के अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएं।

**मिथुन:** आज किसी भी तरह की उधारी न करें। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें। रक्तचाप और किडनी के रोगियों को परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी।

**कर्क:** आज आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है।

**सिंह:** आज आपको अधिक परिश्रम करने के उपरान्त ही अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। अपने भविष्य के प्रोजेक्ट्स को लेकर लापरवाही न करें। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाये रखें।

**कन्या:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नई नौकरी के लिए इन्टरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं। जॉब में अधिकारी आपसे असन्तुष्ट रहेंगे। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**तुला:** आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण कर लें। नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े हुए कारोबार में धन लाभ होगा। विद्यार्थी आज पढ़ाई पर अत्यधिक ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नये स्रोत विकसित होंगे। बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं।

**धनु:** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर समस्या होगी। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए।

**मकर:** आज आप धन की बचत करना चाहेंगे। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा। ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। उच्च अधिकारियों से अकारण कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कुंभ:** आज जीवनसाथी के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें। सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी।

**मीन:** आज कानूनी मामलों की अड़चन दूर होगी। लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है। अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ रचनात्मक प्रयोग कर सकते हैं।

## सुडोकू -8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | 3 | 9 | | 7 |
| | 7 | | 5 | 2 | | | | |
| 3 | | | 7 | | | 1 | | 6 |
| | | | | 6 | | | | 5 |
| | 2 | | 9 | | 5 | | 8 | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | | 4 |
| | | | | 5 | 2 | | 3 | |
| 8 | | 9 | 6 | 3 | | | 7 | |

### सुडोकू - 7 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 8 |

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,118.60 | 24,718.60 |
| गिरावट | 573.38 | 169.60 |
| प्रतिशत में | 0.70 | 0.68 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शनिवार, 14 जून 2025

# ईरान पर हमले से बाजार लुढ़का, कच्चा तेल 7% उछला

## सेंसेक्स 573 और निफ्टी 170 अंक टूटा, डॉलर के मुकाबले रुपये में 59 पैसे गिरावट, सोना-चांदी के बढ़े भाव

मुंबई, एजेंसी

कमजोर वैश्विक बाजारों और ईरान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर इजराइली हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट पर रहे। सेंसेक्स 573 अंक और निफ्टी 170 अंक टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 1,337.39 अंक तक गिरकर 80,354.59 पर आ गया था लेकिन बाद में एक हद तक संभल गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 169.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने और विदेशी पूंजी के बाहर जाने की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा। मेहता इक्विटी लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया और जोखिम भरे इक्विटी बाजार से दूर रहे। अगले कुछ हफ्तों में अमेरिका की तरफ से एकतरफा शुल्क लगाने की नई चिंताओं ने भी धारणा पर असर डाला।" सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में बढ़त रही।

### कच्चे तेल के भाव सर्वकालिक उच्च स्तर पर



**नई दिल्ली।** वायदा कारोबार में कच्चे तेल का भाव पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कीमतों में तेज उछाल के मद्देनजर शुक्रवार को 578 रुपये की बढ़त के साथ 6,311 रुपये प्रति बैरल के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। एमसीएक्स में जुलाई में आपूर्ति वाले कच्चे तेल का भाव 578 रुपये यानी 10.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 6,311 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बाद में यह 423 रुपये या 7.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,156 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। इसमें 6,907 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### 86.11 पर पहुंचा रुपया



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 59 पैसे टूटकर 86.11 (अस्थायी) पर आ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया 86.25 पर खुला और 85.92 और 86.25 के दायरे में कारोबार करते हुए 86.11 (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद से 59 पैसे की गिरावट है।

### सोना में 2,200, चांदी में 1100 का उछाल



**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,200 रुपये उछलकर 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। चांदी की कीमतों में 1,100 रुपये की तेजी आई और यह 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

## सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों से मुलाकात करेंगी सीतारमण

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दरों में नरमी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 27 जून को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों से मुलाकात करेंगी। इस दौरान वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। रिजर्व बैंक ने हाल में नीतिगत दर रेपो में आधा प्रतिशत की बड़ी कटौती की थी और साथ ही बैंकों के लिए अधिक धन उपलब्ध कराने हेतु नकद आरक्षित अनुपात में अप्रत्याशित रूप से एक प्रतिशत की कमी करने की घोषणा की। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को आधा प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत करने के पक्ष में फैसला किया। नकद आरक्षित अनुपात को एक प्रतिशत घटाकर तीन प्रतिशत कर दिया, जिससे बैंकों में नकदी में 2.5 लाख करोड़ की वृद्धि होगी।

## वैश्विक स्टार्टअप परिवेश में बेंगलुरु 14वें स्थान पर

बेंगलुरु, एजेंसी

- स्टार्टअप जीनोम की रिपोर्ट में सात पायदान की लगाई छलांग



स्टार्टअप परिवेश मुहैया कराने के मामले में बेंगलुरु सात पायदान ऊपर चढ़कर दुनिया भर में 14वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि सूची में सिलिकॉन वैली शीर्ष पर है। वैश्विक नवाचार परिवेश विकास संगठन स्टार्टअप जीनोम की तरफ से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका का सिलिकॉन वैली इस सूची में पहले स्थान पर है जबकि न्यूयॉर्क सिटी दूसरे, लंदन तीसरे व तेल अवीव चौथे स्थान पर है।

वैश्विक स्टार्टअप परिवेश रिपोर्ट 2025 के मुताबिक बेंगलुरु की यह जबर्दस्त वृद्धि 2024 में एक अरब डॉलर से अधिक के चार प्रमुख सौदों से प्रेरित है, जिसमें स्विगी 12 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ सबसे आगे है। कर्नाटक के आईटी मंत्री प्रियांक खरगे ने एक बयान में कहा कि बेंगलुरु की एक उभरते सितारे से एक शीर्ष-स्तरीय वैश्विक स्टार्टअप हब बनने तक की छलांग उसे पेरिस (12वें), फिलाडेल्फिया (13वें) और सिएटल (15वें) जैसे वैश्विक शहरों के साथ खड़ा करती है। खरगे ने कहा कि इस उछाल के पीछे उच्च-मूल्य वाले सौदे, गहन प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) में जारी तेजी, आईटी क्षेत्र की निरंतरता, प्रगतिशील नीति एवं सार्वजनिक निवेश और एक असाधारण तकनीकी प्रतिभा आधार जैसे कारक शामिल हैं।

## वित्तीय नतीजों, वार्षिक रिपोर्टों के बीच अंतर कम करें : सेबी

- बाजार नियामक सेबी ने सीएफओ से किया आग्रह

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को मुख्य वित्तीय अधिकारियों (सीएफओ) से आग्रह किया कि वित्तीय नतीजों की घोषणा और पूर्ण वार्षिक रिपोर्टों के प्रकाशन के बीच समय अंतराल को कम करना चाहिए। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा।

सीएफओ को लेखा परीक्षा समितियों और लेखा परीक्षकों के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित भी किया है, ताकि अधिक जवाबदेह वित्तीय खुलासे किए जाएं। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने यहां एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। नारायण ने जन विश्वास को बनाए रखने में सीएफओ की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र करने के साथ ही पूंजी निर्माण में हाल के रुझानों, आगे के अवसरों और जोखिमों तथा निरंतर पूंजी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी विनियमों के महत्व के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा, इस समय, वार्षिक नतीजों और पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट के बीच का अंतर 70-140 दिनों तक है। खातों की टिप्पणी, आंतरिक नियंत्रण रिपोर्ट, लेखापरीक्षा के मुख्य मामले और सीएआरओ खुलासे के साथ पूर्ण रिपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण जानकारी है।

## आठ महीने बाद मई में रोजगार सृजन 8.9% बढ़ा

मुंबई, एजेंसी

भारत में रोजगार सृजन में लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद मई में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई। नौकरियों से जुड़ी वैश्विक स्तर पर वेबसाइट इनडीड की रिपोर्ट के अनुसार, गिरावट के बावजूद भारत में रोजगार सृजन कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले के मुकाबले करीब 80 प्रतिशत अधिक रहा।

यह अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में अधिक है। इनडीड के एशिया प्रशांत क्षेत्र के वरिष्ठ अर्थशास्त्री कैलम पिकरिंग ने कहा, भारत में रोजगार सृजन अन्य देशों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश अधिक औपचारिक आर्थिक व्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है।



- सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई

उन्होंने कहा, जैसे-जैसे देश में बदलाव आएगा, औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन देश भर में समग्र रोजगार वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होगा और हमने हाल के वर्षों में लगातार ऐसा देखा है। अन्य अर्थव्यवस्थाएं इस तरह के बदलाव से नहीं गुजर रही हैं।'' इनडीड की यह रिपोर्ट वैश्विक नौकरी वेबसाइट के मंच पर मई तक 2020 (वैश्विक महामारी अवधि), 2024 और 2025 के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है। इसमें कहा गया, रोजगार सृजन मुख्य रूप से बाल देखभाल (27 प्रतिशत), व्यक्तिगत देखभाल और गृह स्वास्थ्य (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) में हुआ।

### एसबीआई ने 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर की नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** एसबीआई ने देशभर में अपनी कार्यप्रणाली और वितरण को मजबूत करने के लिए 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) की नियुक्ति की है। एसबीआई ने शुक्रवार को बयान में कहा, इस भर्ती का उद्देश्य देश भर में रिक्तियों को भरना है।

## एलआईसी ने विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में दी ढील

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने एयर इंडिया विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में ढील दी है और इस प्रक्रिया को तेज भी किया है। निगम ने कहा कि वह विमान दुर्घटना में प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है और पीड़ितों के लिए दावा निपटान में तेजी लाएगा।

बीमा कंपनी ने एक बयान में कहा, एलआईसी ने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है। मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी रिकॉर्ड में कोई भी सबूत या केंद्र/राज्य सरकार/एयरलाइन अधिकारियों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। एलआईसी ने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुंचा जाए और प्रभावित परिवारों के दावों का शीघ्र निपटान किया जाए।

### दुर्घटना के राहत कार्यों में हर संभव मदद करेगी रिलायंस: अंबानी

**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी ने दुर्घटना के पीड़ितों के लिए राहत कार्यों में पूर्ण सहयोग की पेशकश की। रिअंबानी ने बयान में कहा कि वह और उनकी पत्नी नीता अहमदाबाद में विमान हादसे में हुई जानमाल की हानि से अत्यंत दुखी एवं व्यथित हैं। हम इस दुखद घटना से प्रभावितों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।



### एक नजर

#### 10 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**बेंगलुर।** बेंगलुरु में एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 करोड़ रुपये मूल्य के 5.3 किलोग्राम से अधिक प्रतिबंधित मादक पदार्थ एमडीएमए क्रिस्टल जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि महिला नाइजीरियाई बताई जा रही है, जिसे गुप्त सूचना मिलने के बाद 10 जून को केंद्रीय अपराध शाखा की मादक पदार्थ निरोधक टीम द्वारा पकड़ लिया गया। गुप्त सूचना मिली थी कि वह राजनुकुंटे के पास ताराहुनासे गांव में मादक पदार्थ बेचने की कोशिश कर रही है। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि वह चार अक्टूबर 2021 को तेलंगाना राज्य के एक कॉलेज में पढ़ने के लिए 'स्टूडेंट वीजा' पर नई दिल्ली आई थी।

#### हरिद्वार में फर्जी एम्स डॉक्टर बनकर रह रहा ठग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में धोखाधड़ी और जालसाजी के दो अलग-अलग मामलों में एक दशक से अधिक समय से फरार एक व्यक्ति को उत्तराखंड के हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया है जो खुद को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का चिकित्सक बताकर वहां रह रहा था। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान 52 वर्षीय राजकुमार शर्मा के रूप में की गई है जो कई साल से फर्जी पहचान के साथ रह रहा था और स्थानीय तौर पर उसे 'डॉक्टर साहब' के नाम से जाना जाता था।

# एम्स स्वास्थ्य सेवा नवाचार, शिक्षा का केंद्र

## स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने मंत्रालय की सर्वोत्तम विधियों के प्रथम सम्मेलन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित प्रत्येक एम्स स्वास्थ्य देखभाल नवाचार और शिक्षा के केंद्र के रूप में कार्य करते हुए समतापूर्ण, वहनीय एवं साक्ष्य आधारित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। ये संस्थान सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, देखभाल के मानकों को बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवा जुड़े विशेषज्ञों की एक नयी पीढ़ी को तैयार करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।



मंत्री ने एम्स नागपुर में मंत्रालय की सर्वोत्तम विधियों पर आयोजित प्रथम सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न एम्स द्वारा अपनाई गई अनुकरणीय विधियों को प्रदर्शित करना है, जिसमें रोगी-केंद्रित देखभाल, संचालन दक्षता, डिजिटल परिवर्तन और अकादमिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। देश भर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स भोपाल, एम्स जम्मू, एम्स बिलासपुर, एम्स जोधपुर, एम्स नागपुर, एम्स देवघर, एम्स पटना, एम्स गोरखपुर, एम्स गुवाहाटी, एम्स रायपुर) के साथ-साथ प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) प्रभाग और रक्षा मंत्रालय ने सम्मेलन में सहयोग किया।

### एम्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया

नड्डा ने एम्स के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में स्थापित प्रत्येक एम्स उन्नत चिकित्सकीय देखभाल, उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान उत्कृष्टता को एकीकृत करता है। उन्होंने प्रत्येक नये एम्स की सर्वोत्तम विधियों और नवाचारों को अन्य एम्स के साथ साझा करने के महत्व पर जोर दिया ताकि उनका व्यापक रूप से उपयोग किया जा सके। उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाने और सर्वोत्तम विधियों पर पहला सम्मेलन आयोजित करने के लिए एम्स नागपुर की सराहना की। नड्डा ने भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के लिए चिकित्सकों को तैयार करने में एम्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या में दो गिरफ्तार मुख्य साजिशकर्ता फरार

**बठिंडा (पंजाब)।** पंजाब की सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' कंचन कुमारी की हत्या के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बठिंडा में एक पार्किंग में खड़ी कार में कंचन का शव मिला था। एसएसपी अमनीत कोंडल ने बताया कि हत्या में शामिल तीन लोगों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन मुख्य साजिशकर्ता फरार है।

उन्होंने बताया कि मोगा के जसप्रीत सिंह (32) और तरन तारन के निमरजीत सिंह (21) को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि अमृतपाल सिंह मेहरों फरार है। एसएसपी ने बताया कि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है जो एक स्वयंभू सिख कट्टरपंथी नेता है। जसप्रीत और निमरजीत को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया गया।

## कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- जेलों में न पनपने दें गिरोहों को

दिल्ली हाईकोर्ट ने जेल में बंद कैदियों के दो समूहों के बीच झगड़े में मारे गए एक कैदी के परिजनों को मुआवजा देने का फैसला सुनाते हुए कहा है कि हिरासत में रखे गए कैदियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जेलों में गिरोहों पनपने नहीं देना चाहिए।

हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार का कर्तव्य है कि वह आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करे और इसमें (आम जनता में) जेल में बंद व्यक्ति भी शामिल हैं, इसलिए हिरासत में अप्राकृतिक मौतों के मामलों में मुआवजा देना सरकार की जिम्मेदारी है। न्यायमूर्ति ने मृतक जावेद के परिजनों को तीन लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया, जिसमें से एक लाख रुपये पहले ही उसकी मां (अब दिवंगत) को दिए जा चुके थे। कोर्ट ने फैसले में कहा, इस न्यायालय का स्पष्ट मत है कि सरकार का यह कर्तव्य है कि वह हिरासत में बंद व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, भले ही मृतक आपराधिक पृष्ठभूमि वाला व्यक्ति रहा हो। सरकार कैदियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के अपने कर्तव्य से बच नहीं सकती। कोर्ट ने कहा, अधिकारियों की दलील के अनुसार दो प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच झगड़ा हुआ और पीड़ित भी इसमें शामिल हुआ, लेकिन यह तथ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के कर्तव्य के पालन की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं करता।

## ईडी ने 2,100 करोड़ के घोटाले में कांग्रेस कार्यालय, पूर्व मंत्री की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** ईडी ने छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए 2,100 करोड़ रुपये से अधिक के कथित शराब घोटाले से जुड़ी धनशोधन के मामले की जांच के सिलसिले में राज्य में कांग्रेस पार्टी के एक कार्यालय के अलावा उसके विधायक कवासी लखमा की कुल 6.15 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन संपत्तियों को कुर्क करने का अनंतिम आदेश धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में लखमा, उनके बेटे हरीश लखमा और सुकमा जिले में कांग्रेस कार्यालय भवन की संपत्तियां शामिल हैं। संघीय एजेंसी ने दिसंबर 2024 में रायपुर, सुकमा और धमतरी जिलों में लखमा से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। कवासी लखमा को ईडी ने गिरफ्तार भी किया था। लखमा (72) कोंटा विधानसभा सीट से छह बार विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रह चुके हैं। हरीश लखमा सुकमा में पंचायत अध्यक्ष हैं। प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के परिणामस्वरूप राज्य के कोष को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट के लाभार्थियों ने इस अपराध से 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध आय अर्जित की।

### नहीं उड़े विमान



ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण भारतीय विमान सेवाएं रद करनी पड़ीं। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे पर खड़े विमान। एजेंसी

## कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 के तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना

नई दिल्ली। कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था शुक्रवार को यहां आयोजित एक समारोह के बाद रवाना हो गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने जवाहरलाल नेहरू भवन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बयान में कहा गया कि अपने संबोधन में उन्होंने यात्रा को फिर से शुरू करने में सहयोग के लिए चीनी पक्ष की सराहना की। मार्गेरिटा ने इसमें केंद्र के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की भूमिका की भी सराहना की।

## राजा और सोनम ने मेघालय के नोंग्रियाट होमस्टे में ठहरने, खाने के लिए किया था 1,380 का भुगतान

नोंग्रियाट (मेघालय), एजेंसी

अपनी हत्या से एकदिन पहले, राजा रघुवंशी और उनकी नवविवाहिता पत्नी सोनम यहां एक 'होमस्टे' में ठहरने के बाद कई घंटों के लिए गायब हो गए थे और देर रात को रात्रि भोजन के लिए वापस आए थे। होमस्टे के मालिक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

शिपारा होमस्टे के मालिक कॉन्स्टेंटाइन ने बताया कि 22 मई को हमारे यहां चेक-इन किया और एक-एक कॉफी का ऑर्डर दिया। इसके बाद वे बिना किसी गाइड के बाहर चले गए। मुझे लगता है कि वे गांव में आने वाले अन्य पर्यटकों की तरह रूट ब्रिज देखने गए थे। राजा ने कमरे के लिए 1,000 रुपये, कॉफी के लिए 80 रुपये और रात के खाने के लिए 300 रुपये का भुगतान किया था। ग्रामीणों ने बताया कि दंपति ने मेघालय की अपनी यात्रा के लिए पहले से कोई कमरा आरक्षित नहीं कराया था तथा उन्हें पूर्वी खासी पर्वतीय जिले के सोहरा में एक होमस्टे में कमरा नहीं मिला, जिससे न्हें एक गाइड की मदद से उसी जिले में स्थित मावलखियात से नोंग्रियाट तक पैदल यात्रा करनी पड़ी।

### राजा का भाई बोला- सोनम और राज का नार्को टेस्ट हो

**इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने शुक्रवार को मांग की कि इस हत्याकांड का पूरा सच उजागर करने के लिए दो प्रमुख आरोपियों–सोनम और राज कुशवाह का नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में उनकी पत्नी सोनम (25) और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाह (20) समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## बढ़ती उम्र को नकारात्मकता से जोड़कर देखते हैं 54 % बुजुर्ग

### हेल्पएज इंडिया की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** करीब 54 प्रतिशत बुजुर्ग उम्र बढ़ने (वृद्धावस्था) को नकारात्मक भावनाओं से जोड़कर देखते हैं जिनमें अकेलापन (47 प्रतिशत) सबसे आम भावना है। शुक्रवार को जारी की गयी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आयी है।

हेल्पएज इंडिया के पीढ़ियों के बीच संबंधों की प्रक्रिया और वृद्धावस्था पर धारणाओं को समझना विषयक अध्ययन ने परिवार में निरंतर संवाद के बावजूद भारत के बुजुर्गों की भावनात्मक जरूरतों और युवाओं की धारणाओं के बीच अंतर को उजागर किया है। इस सर्वेक्षण के दौरान 10 शहरों में 5,798 उत्तरदाताओं (18-30 वर्ष की आयु के 70 प्रतिशत युवा, 60 वर्ष से अधिक आयु के 30 प्रतिशत बुजुर्ग) के साथ बातचीत की गयी। इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में शहरी बुजुर्गों के सामने अकेलेपन, डिजिटल पहुंच का अभाव और घटते सम्मान की चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया है, जबकि युवा उनकी बुद्धिमत्ता की प्रशंसा भी करते हैं। पंद्रह जून को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस से पहले जारी किए गए अध्ययन में शहरी मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों को शामिल किया गया।

## विमान दुर्घटना के बाद गृह मंत्री की टिप्पणी असंवेदनशील : कांग्रेस

- शाह ने कहा था- विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने असंवेदनशील टिप्पणी की, जबकि उन्हें जवाबदेही तय करने का वादा करना चाहिए था।

शाह विमान हादसे के कुछ घंटे बाद अहमदाबाद पहुंचे थे और कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह के बयान का संक्षिप्त वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया और यह दावा किया कि शाह ने यह बयान दिया कि दुर्घटनाओं को कोई नहीं रोक सकता। उनके इस पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, क्या अब केंद्रीय गृह मंत्री को यही कहना चाहिए? यह अत्यंत असंवेदनशील है।

### कांग्रेस की शाह पर टिप्पणी शर्मनाक : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस द्वारा की गई कथित टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे 'शर्मनाक' करार दिया। पार्टी ने कहा कि विपक्षी दल ने अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना को लेकर उस समय राजनीति शुरू की जब देश पीड़ितों की मौत पर शोक मना रहा है। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस द्वारा विमान दुर्घटना के बाद अहमदाबाद में शाह की टिप्पणी को असंवेदनशील करार दिए जाने के बाद आई है। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह की टिप्पणी का एक संक्षिप्त क्लिप सोशल मीडिया पर साझा किया।



एडन मारक्रम

# मारक्रम की शतकीय पारी से चैंपियन बनने के करीब दक्षिण अफ्रीका

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने के लिए चाहिए सिर्फ 69 रन

लंदन, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम (नाबाद 102) की शतकीय पारी और तीसरे विकेट के लिए कप्तान तेम्बा बावुमा (नाबाद 65) के साथ 143 रन की अटूट साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में शुक्रवार को तीसरे दिन के समापन पर दो विकेट पर 213 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

जीत के लिए 282 रन का पीछा कर रही दक्षिण अफ्रीका की टीम को 'चोकर्स' के तमगे को पीछे छोड़ने और 27 साल में अपना पहला आईसीसी खिताब जीतने के लिए और 69 रन की जरूरत है जबकि उसके आठ विकेट बचे है। बावुमा ने बायें पैर की मांसपेशियों की खिंचाव के बावजूद दुनिया की सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने क्रीज पर डटे रहने का साहसिक फैसला कर मारक्रम का शानदार तरीके से साथ निभाया। ऑस्ट्रेलिया के चारों मुख्य गेंदबाजों के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1500 से ज्यादा विकेट है लेकिन मिचेल स्टार्क(53 रन पर दो विकेट) के अलावा किसी को भी सफलता नहीं मिली। इस मैच के शुरुआती दो दिन 14-14 विकेट गिरे थे लेकिन तीसरे दिन परिस्थितियों बल्लेबाजी के लिए आसान हो गयी जिसका दक्षिण अफ्रीका ने पूरा फायदा उठाया। मारक्रम ने स्टंप्स होने से कुछ समय पहले जोश हेजलवुड के खिलाफ चौका लगाकर टेस्ट करियर का आठवां और शायद सबसे अहम शतक लगाया। दिन का खेल खत्म होते-होते मैच का रुख पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका की तरफ मुड़ गया लेकिन दिन के शुरुआती सत्र के बाद ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी था। स्टार्क (नाबाद 58) की अर्धशतकीय पारी और आखिरी विकेट के लिए जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की साझेदारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 207 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 144 रन से की और कगिसो रबाडा ने दिन के तीसरे ओवर में ही नाथन लियोन (दो) को पगबाधा कर उसे नौवां झटका दिया। लियोन ने मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ डीआरएस का इस्तेमाल किया लेकिन उन्हें इसका कोई फायदा नहीं हुआ। मारक्रम ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के 65वें ओवर में केशव महाराज के हाथों हेजलवुड को कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को खत्म किया स्टार्क ने तीन घंटे से अधिक की पारी में 136 गेंद का सामना कर पांच चौके लगाये।


स्टीव स्मिथ स्लिप में कैच लेने से चूक गए और उनकी उंगली में चोट लग गई। ● एजेंसी

### स्टीव स्मिथ छोटी उंगली टूटने के कारण डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ शुक्रवार को दाईं छोटी उंगली की चोट के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से बाहर हो गए। स्मिथ को लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा के बल्ले का किनारा लेकर निकली गेंद को पकड़ने की कोशिश में पहली स्लिप में चोट लगी। मैदान पर चिकित्सा मिलने के बाद वह बाहर जाते दिखे। दक्षिण अफ्रीका जीत के लिए 282 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा है।

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | 212 रन |
| दक्षिण अफ्रीका (पहली पारी) | 138 रन |

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी**

**207/10** (65 ओवर)

- मार्नस लाबुशेन का वेरेने बो यानसेन 22
- उस्मान ख्वाजा का वेरेने बो रबाडा 06
- कैमरन ग्रीन का मुल्डर बो रबाडा 00
- स्टीव स्मिथ पगबाधा बो एनगिडी 13
- ट्रेविस हेड बो मुल्डर 09
- ब्यू वेबस्टर पगबाधा बो एनगिडी 09
- एलेक्स कैरी पगबाधा बो रबाडा 43
- पैट कमिंस बो एनगिडी 06
- मिचेल स्टार्क नाबाद 59
- नाथन लियोन पगबाधा रबाडा 02
- जोश हेजलवुड का महाराज बो मारक्रम 17

**गेंदबाजी :** रबाडा 18-1-59-4, यानसेन 18-3-58-1, मुल्डर, 8-1-18-1, एनगिडी 13-1-38-3, महाराज 6-1-17-0, मारक्रम 2-1-5-1

**दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी**

**213/02** (56 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडन मारक्रम नाबाद | 102 |
| रेयान रिकल्टन का कैरी बो स्टार्क | 06 |
| वियान मुल्डर का लाबुशेन बो स्टार्क | 27 |
| तेम्बा बावुमा नाबाद | 65 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 9-0-53-2, हेजलवुड 13-0-43-0, कमिंस 10-0-36-0, लियोन 18-3-51-0, वेबस्टर 4-0-11-0, हेड 2-0-8-0

**एक नजर**

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की बेल्जियम पर लगातार तीसरी जीत



**एंटवर्प :** भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने बेल्जियम को 3-2 से हराकर यूरोप के अपने मौजूदा दौरे में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल की। सोनम ने चौथे मिनट में भारत का खाता खोला। इसके बाद लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें) ने भारत की तरफ से गोल किए। बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए। सोनम के शुरुआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा और तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। बेल्जियम ने 37वें और 40वें मिनट में लगातार गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। उसकी तरफ से मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर जबकि मार्टे मैरी ने मैदानी गोल किया। खेल समाप्त होने में जब नौ मिनट बचे थे, तब कनिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का विजय अभियान जारी रखा। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

### मराठा रॉयल्स ने टी20 मुंबई लीग का खिताब जीता

**मुंबई :** राजेश सुतार के अर्धशतक और अवैस नौशाद के उपयोगी योगदान से मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने फाइनल में सोबो मुंबई फाल्कन्स को पांच विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग का खिताब जीत लिया। मराठा रॉयल्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए मुंबई फाल्कन्स को 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन पर रोक दिया और फिर सुतार के 49 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाए गए 53 रन की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। नौशाद ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली और सुतार के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। इससे मराठा रॉयल्स की टीम 19 .2 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। इससे पहले मयूरेश टंडेल (नाबाद 50) और हर्ष अघव (नाबाद 45) की 49 गेंदों पर 85 रन की अटूट साझेदारी की मदद से मुंबई फाल्कंस ने चार विकेट पर 157 रन बनाए।

### सप्तक तलवार चेक गणराज्य में संयुक्त 78वें स्थान पर

**ब्रनो (चेक गणराज्य) :** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने निराशाजनक शुरुआत करते हुए यहां राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के पहले दिन एक ओवर 72 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 78वें स्थान पर हैं। तलवार को अगर कट में जगह बनानी है तो उन्हें दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत के इस खिलाड़ी ने शुरुआत बैक नाइन से की और 13वें तथा 17वें होल पर बोगी कर बैठे। वह चौथे होल में बर्डी बनाने में सफल रहे। दक्षिण अफ्रीका के जोवन रेबुला पहले दौर के बाद एक स्ट्रोक से आगे चल रहे हैं। अमेरिका के जैक्सन पामर और स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।

### जितेश ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर टीम को फाइनल में पहुंचाया

**नागपुर :** जितेश शर्मा ने अपनी शानदार लय को जारी रखते हुए भारत रेंजर्स के खिलाफ आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर को शुक्रवार को विदर्भ प्रो टी20 लीग के फाइनल में पहुंचा दिया। जीत के लिए 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले जितेश ने 22 गेंद में छह छक्कों की मदद से नाबाद 46 रन बनाकर टीम को चार विकेट से जीत दिला दी। अंतिम ओवर में एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर को जीत के लिए 11 रन चाहिए थे। कप्तान जितेश ने अपनी पारी के दौरान धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाया। टीम को अंतिम गेंद पर पांच रन चाहिए थे, ऐसे में जितेश ने छक्का जड़कर टीम को जीत दिला दी।

# भारत को निरंतरता बनाए रखना होगा

बेकेनहैम (केंट), एजेंसी

● टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने खिलाड़ियों को दी सलाह

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के अनुसार इंग्लैंड की परिस्थितियों में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट शृंखला से पहले टीम को लाल गेंद से खेलने का कम मौका मिला, जिससे वह थोड़ा नर्वस हैं।

नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारत पांच मैचों की शृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेगा। मोर्कल ने यहां भारत के अभ्यास सत्र से इतर कहा मुझे लगता है कि इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण है और जब हम अभ्यास करते हैं तो इसमें निरंतरता होती है, मैदान के बाहर भी निरंतरता होती है। हमारे खिलाड़ियों को उस प्रक्रिया को ढूंढना होगा जो उनके खेल के अनुकूल हो। उन्होंने कहा हमारे पास बहुत विविधता है। हमारे आक्रमण में विविधता है। हमारे पास अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ी हैं। इसलिए वे ऐसा कर सकते हैं और साथ ही 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों) पर भी अच्छी तरह से अमल कर सकते हैं। भारत ने आखिरी बार इस साल जनवरी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट खेला था। इसके अलावा, मौजूदा टीम में यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन सहित कई खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज खेलेंगे। मोर्कल ने कहा कुल मिलाकर मैं अभी तक की तैयारी से बहुत खुश हूं। हमने हाल में लाल गेंद से कम क्रिकेट खेली है जिससे मैं थोड़ा नर्वस था लेकिन पिछले तीन दिनों में खिलाड़ियों ने जिस तरह से अभ्यास किया उसे देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा हमारे पास एक शानदार टीम है। यह बेहद ऊर्जावान है और आपको इसी की जरूरत है।

आपको टेस्ट सीरीज में आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा और टीम भावना रखनी होगी। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने टीम के अभ्यास सत्रों के संदर्भ में कहा कि परिस्थितियां काफी हद तक तेज गेंदबाजों के अनुकूल रही हैं। अब तक के दो दिन के अभ्यास में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल थीं। अब बल्लेबाजों के लिए परीक्षा की घड़ी होगी।


कोच मोर्ने मोर्कल

# फिर से मौका मिलने पर भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं: करुण नायर

बेकेनहैम, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट में दूसरी बार मौका मिलना बहुत दुर्लभ होता है। करुण नायर इस बात के लिए आभारी हैं कि उन्हें एक बार फिर से भारत की टेस्ट जर्सी पहनने का मौका मिल रहा है। दायें हाथ का यह बल्लेबाज इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए के लिए दोहरा शतक जड़ने के बाद सीनियर टीम के साथ जुड़ गया है।

भारत इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा जिसका आगाज 20 जून में लीड्स में होगा। नायर ने राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के बाद 'बीसीसीआई डॉट टीवी'से कहा बेहद खास महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा मैं फिर से मौका मिलने पर बहुत आभारी और भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। मैं इस अवसर को दोनों हाथों से लपकने के लिए तैयार हू। टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय नायर ने आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी की है। भारत ए टीम में शामिल खिलाड़ी जब सीनियर टीम के साथ जुड़े तो मुख्य कोच गौतम गंभीर ने नायर की वापसी को बेहद खास करार दिया। उन्होंने 'टीम हडल' में कहा वापसी करना कभी आसान नहीं होता। आपने जितने रन बनाए हैं, आपकी हार न मानने वाली सोच टीम के लिए प्रेरणादायक है। स्वागत है करुण नायर। केएल राहुल ने भी उनकी दृढ़ता की तारीफ की।


करुण नायर। ● एजेंसी

### मां की तबीयत बिगड़ने पर स्वदेश लौटे गंभीर

**बेकेनहैम (ब्रिटेन) :** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर शुक्रवार को स्वदेश लौट आये क्योंकि उनकी मां सीमा गंभीर को स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि गंभीर को अपनी मां को देखने के लिए वापस लौटना पड़ा, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा है और वह इस समय नयी दिल्ली के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती हैं। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलने के लिए अभी ब्रिटेन में है। सूत्र ने कहा गौतम की मां को बुधवार को दिल का दौरा पड़ा था।

# एआईएफएफ प्रमुख चौबे ने भूटिया पर किया पलटवार

**नई दिल्ली, एजेंसी :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने शुक्रवार को बाईचुंग भूटिया पर अपने 'निहित स्वार्थ' के लिए 'व्यावसायिक' अकादमियां चलाने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय टीम के पूर्व कप्तान ने हालांकि इन आरोपों को 'निराधार' बताया।

चौबे का यह आरोप हाल ही में एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैच में हांगकांग से भारत की चौंकाने वाली हार के बाद भूटिया द्वारा एआईएफएफ प्रमुख के पद से इस्तीफा मांगने के जवाब में था। भूटिया ने कहा था कि चौबे ने भारतीय फुटबॉल को 'नष्ट' कर दिया है। चौबे से जब भूटिया की टिप्पणियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा वह अपने नाम से एक व्यावसायिक फुटबॉल स्कूल चलाते हैं। वह 20 विभिन्न शहरों में हैं। इस फुटबॉल स्कूल में खिलाड़ी 1000 से एक लाख रुपये तक का भुगतान करते हैं। उनसे एक हजार से 10,000 रुपये तक महीना लिया जाता है।

# सुरुचि सिंह ने स्वर्ण पदक जीता

म्यूनिख, एजेंसी

**आईएसएसएफ विश्व कप**


सुरुचि सिंह। ● एजेंसी

● महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पाई सफलता

उभरती हुई भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जीत के साथ आईएसएसएफ विश्व कप की इस स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अपने तीसरे विश्व कप में भाग ले रही इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की तथा कुल मिलाकर चौथा पदक जीता।

उन्होंने इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स और लीमा विश्व कप में स्वर्ण जीते थे। सुरुचि ने फाइनल में 241.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की कांस्य पदक विजेता कियानक्सुन याओ (221.7) को पछाड़ने के तुरंत बाद सुरुचि ने 10.5 अंक के साथ बढ़त हासिल कर ली, जबकि फ्रांस की रजत विजेता कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7) सिर्फ 9.5 अंक का ही निशाना साध पायी। अंतिम प्रयास में 9.5 का स्कोर भारतीय खिलाड़ी के लिए शीर्ष पुरस्कार हासिल करने के लिए पर्याप्त था, क्योंकि जेड्रेजेवस्की ने 9.8 का ही स्कोर किया था। सुरुचि इससे पहले क्वालीफिकेशन में 588 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 25वें स्थान पर रहीं।

**कड़ा मुकाबला**


लंदन में क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप में शुक्रवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान शॉट लगाती हुई रूसी खिलाड़ी डायना श्नाइडर। ● एजेंसी

# भारत की नजरें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी पर

**एफआईएच प्रो लीग हॉकी**

एंटवर्प, एजेंसी

लगातार चार मैच में हार से आहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर खिताब की अपनी उम्मीदों को बनाए रखना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

टूर्नामेंट का यूरोपीय चरण भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए निराशाजनक रहा। उसे एम्सटेलवीन में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाफ भी टीम दोनों मैच हार गई। भारत अभी 12 मैचों में 15 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसे महत्वपूर्ण अंक जुटाने और शीर्ष तीन में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूती से वापसी करनी होगी। उंगली में चोट के कारण अर्जेंटीना के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच कितना महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने कहा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इससे न केवल हमें महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि टीम को जीत की लय भी मिलेगी। उन्होंने कहा पिछले चार मैचों में हमारे कुछ मुकाबले करीबी रहे हैं, लेकिन हमें हार का सामना करना पड़ा। हम इसे बदल कर जीत हासिल करना चाहते हैं। नीदरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करती रही और उसने अंतिम क्षणों में गोल भी खाए। अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन बेहद खराब रहा जिसके कारण टीम को पराजय झेलनी पड़ी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में भी संघर्ष करना पड़ा और अर्जेंटीना के आठ की तुलना में वह केवल तीन पेनल्टी कॉर्नर ही हासिल कर सका।


भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

### भारतीय महिला हॉकी टीम को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद

**लंदन :** अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो लीग के यूरोपीय चरण में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जिसकी शुरुआत शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैच से होगी। भारतीय टीम फिलहाल नौ अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर चल रही। भारत 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच खेलेगा। टीम इसके बाद 19 जून को एंटवर्प जाएगी जहां उसे बेल्जियम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। ये मैच 21 और 22 जून को खेले जाएंगे। इसके बाद यूरोपीय चरण का समापन बर्लिन में 28 और 29 जून को चीन के खिलाफ मैच के साथ होगा। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमने हर विभाग में काम किया है। मैं जिन दो क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे रहा हूं वह हैं गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग।

# भारत जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में ग्रुप सी में

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

भारत को इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। प्रत्येक दो साल में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी। चार-चार टीमों के छह पूल होंगे, जिसमें पांच बार के चैंपियन नीदरलैंड को पूल ए में तथा दो बार के विजेता अर्जेंटीना को पूल बी में रखा गया है।

यह टूर्नामेंट एक से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता को पिछली बार 2023 में सैंटियागो में ही आयोजित किया गया था जिसमें 16 टीम ने हिस्सा लिया था। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया चिली के सैंटियागो में आज आयोजित ड्रा समारोह के अवसर पर एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 के छह पूल निर्धारित किए गए हैं।

**पूल ए :** नीदरलैंड, जापान, चिली, मलेशिया
**पूल बी :** अर्जेंटीना, बेल्जियम, जिम्बाब्वे, वेल्स
**पूल सी :** जर्मनी, भारत, आयरलैंड, नामीबिया
**पूल डी :** इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, चीन, ऑस्ट्रिया;
**पूल ई :** ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा, स्कॉटलैंड;
**पूल एफ :** अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड, उरुग्वे।

# भारत और चीन हवाई सेवा पुनः शुरू करने पर सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ बातचीत की और इस दौरान दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा एवं जन-केंद्रित सहभागिता को प्राथमिकता देते हुए संबंधों को स्थिर और पुनःनिर्मित करने पर सहमति व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह बैठक गुरुवार को हुई और दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए आवश्यक उपायों में तेजी लाने पर भी सहमति जताई। मिसरी ने इससे पहले 27 जनवरी को बीजिंग में सुन के साथ बातचीत की थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सुन 12-13 जून को भारत की यात्रा पर यहां आए हैं। गुरुवार को



● विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ की बातचीत

हुई बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने 27 जनवरी, 2025 को बीजिंग में अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हुए विकास की समीक्षा की और लोगों को ध्यान में रखते हुए संबंधों को स्थिर बनाने और उनका पुनर्निर्माण करने पर सहमति जताई।

विदेश सचिव ने इस साल कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने में चीनी पक्ष के सहयोग की सराहना की।

# निविदा में कथित अनियमितता में कई राज्यों में छापेमारी

**नई दिल्ली।** बिहार में राज्य सरकार की निविदा में कथित अनियमितताओं के संबंध में ठेकेदार-नौकरशाह गठजोड़ से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय ने कई राज्यों में छापेमारी की।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पटना स्थित ठेकेदार रिशु श्री से जुड़े मामले में गुरुवार को पटना और मुजफ्फरपुर (बिहार), सूरत (गुजरात) और पानीपत (हरियाणा) में नौ स्थानों पर छापेमारी की गई। ठेकेदार से जुड़े लोगों और ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ की गई छापेमारी के दौरान अपराध से जुड़े कई सबूत और दस्तावेज जब्त किए गए। मामला बिहार सरकार की विशेष सतर्कता इकाई (सीवीयू) द्वारा रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है।

# डीएनए जांच पहचान, प्रक्रिया और कानूनी महत्व

डीएनए जांच एक वैज्ञानिक तकनीक है, जो किसी व्यक्ति के डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (डीएनए) का विश्लेषण करके उसकी पहचान करने में सहायक होती है। यह जांच खासतौर पर तब अहम हो जाती है जब पारंपरिक तरीकों से पहचान संभव नहीं होती, जैसे कि जले हुए, सड़ चुके या बुरी तरह विकृत शवों की पहचान के मामलों में। गुरुवार को अहमदाबाद में हुई हवाई दुर्घटना में कई शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए, जिनकी पहचान केवल डीएनए जांच के जरिए ही संभव है। इस तरह की आपदाओं में परिजनों को शव सौंपने, कानूनी अधिकार सुनिश्चित करने और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए डीएनए जांच निर्णायक भूमिका निभाती है। इसके साथ ही, यह जांच न्यायिक प्रक्रियाओं में भी सबूत के तौर पर प्रयोग होती है।



## कानूनी पहलू

भारत में डीएनए तकनीक का उपयोग फोरेंसिक साक्ष्य के रूप में किया जाता है। द डीएनए टेक्नोलॉजी (यूज एंड रेगुलेशन) बिल, 2019 इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, जो जांच की प्रक्रिया और व्यक्तिगत डेटा की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। इस कानून के तहत डीएनए डेटा बैंक स्थापित करने और उसके नियमन की भी व्यवस्था है।

## जांच की जरूरत

- गंभीर दुर्घटनाओं में जब शव की शिनाख्त संभव न हो। आपराधिक मामलों में अपराधी की पहचान के लिए। पारिवारिक विवादों में, जैसे पितृत्व/मातृत्व की पुष्टि हेतु। लापता व्यक्ति के मामलों में। अवैध पहचान या धोखाधड़ी को उजागर करने हेतु।

## क्या है डीएनए जांच

- डीएनए जांच एक जैविक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति के शरीर की कोशिकाओं से लिए गए नमूने (जैसे बाल, खून, त्वचा या हड्डी) में मौजूद डीएनए का विश्लेषण किया जाता है। हर व्यक्ति का डीएनए लगभग अद्वितीय होता है, जिससे उसकी सटीक पहचान संभव होती है।

## जांच की प्रक्रिया

- डीएनए जांच में पहले व्यक्ति या शव से जैविक नमूना (जैसे खून, बाल, लार या हड्डी) लिया जाता है। प्रयोगशाला में इस नमूने से डीएनए निकाला जाता है और उसे शुद्ध किया जाता है। फिर पीसीआर तकनीक द्वारा डीएनए को बढ़ाया जाता है। एसटीआर तकनीक से डीएनए प्रोफाइल तैयार की जाती है। यह प्रोफाइल संदिग्ध या रिश्तेदार के डीएनए से मिलाई जाती है। अगर दोनों प्रोफाइल मेल खाती हैं तो पहचान की पुष्टि होती है। अंत में जांच रिपोर्ट तैयार कर संबंधित एजेंसी या न्यायालय को सौंप दी जाती है।

## डीएनए संग्रह और डेटाबेस

कई देशों में अपराधियों के डीएनए का संग्रह किया जाता है और उन्हें डेटाबेस में डाला जाता है। किसी अपराध स्थल पर डीएनए मिलता है तो डेटाबेस में उसकी तुलना की जाती है और इससे अपराधी की पहचान होने में मदद मिलती है।

## परिवार का पता लगाना

डीएनए जांच का उपयोग अब पारिवारिक उत्पत्ति का पता लगाने के लिए भी किया जाता है। यह जीनोम की संरचना और ऐतिहासिक आनुवंशिकी का अध्ययन करता है, जिससे लोग अपने पूर्वजों और जातीयता का पता लगा सकते हैं।

## अहमदाबाद हवाई दुर्घटना में भूमिका

गुरुवार को अहमदाबाद में हुई हवाई दुर्घटना में कई शव इतने क्षत-विक्षत हैं कि उनकी पहचान आंखों से या दस्तावेजों से संभव नहीं। ऐसे में डीएनए जांच ही एकमात्र तरीका है जिससे पीड़ितों की सही पहचान हो सकती है। इस जांच से परिजनों को मृतकों का अंतिम संस्कार करने, बीमा आदि में भी निर्णायक होगी।

## एक नजर

### रेको दिक के लिए पाकिस्तान को मिले 70 करोड़ डॉलर

**इस्लामाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) और विश्व बैंक ने पाकिस्तान की प्रमुख खनन एवं संसाधन विकास योजना के लिए 70 करोड़ डॉलर के रियायती ऋण को मंजूरी दी है। रेको दिक परियोजना को बलूचिस्तान प्रांत में अंजाम दिया जाएगा, जिसे देश के खनिज समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। समाचार पत्र की खबर के अनुसार, ऋणदाताओं द्वारा यह मंजूरी पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है। इस मंजूरी के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र से पाकिस्तान को अपनी सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक 'रेको दिक' परियोजना में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद है। बैरिक गोल्ड, पाकिस्तान तथा बलूचिस्तान सरकार के पास संयुक्त रूप से इस परियोजना का स्वामित्व है।

### टैगोर के पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच गिरफ्तार

**ढाका।** नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश स्थित पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि तोड़फोड़ की घटना में टैगोर से जुड़ी किसी वस्तु को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। रविवार को हुई तोड़फोड़ के बाद रवींद्र कचहरीबाड़ी या रवींद्र स्मारक संग्रहालय बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को इसे आगंतुकों के लिए फिर से खोल दिया गया। कचहरीबाड़ी सिराजगंज जिले में स्थित टैगोर परिवार का पैतृक आवास और राजस्व कार्यालय है। रवींद्रनाथ के दादा द्वारकानाथ टैगोर ने यह परिसर 1840 में खरीदा था। रवींद्रनाथ ने यहां अपनी कई उल्लेखनीय साहित्यिक कृतियां लिखी थीं।

### मंगोलिया के साथ अभ्यास भारत की रक्षा कूटनीति

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगोलियाई सेना के साथ सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और बहुराष्ट्रीय अभ्यास खान क्वेस्ट को भारत की बढती रक्षा कूटनीति का प्रतीक बताया है। श्री सिंह ने शुक्रवार को मंगोलिया के उलानबटार में भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट के समापन अवसर पर यह बात कही। समारोह में सेना के 'ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और स्ट्रैटेजिक मूवमेंट' के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी थे। रक्षा सचिव ने नोमैडिक एलीफेंट अभ्यास के दौरान भारतीय सैनिकों की पेशेवर कुशलता, कर्तव्य के प्रति समर्पण और आचरण की सराहना की।

### पाकिस्तान में जांच चौकी पर हमला, दो की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान स्थित एक जांच चौकी पर किए गए हमले में कम से कम दो सुरक्षा कर्मी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कुर्रम जिले के सीमावर्ती शहर हुसैन मेला में जांच चौकी पर आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार रात अचानक हमला कर दिया। अधिकारियों ने दावा किया है कि अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत से कुर्रम जिले में घुसपैठ कर आतंकवादी यहां पहुंचे थे।

### चीन ने की दोहरा मापदंड रखने की बात खारिज

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को पाकिस्तान के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों के कारण आतंकवाद से निपटने में अपनी ओर से कोई भी अस्पष्टता या दोहरा मापदंड रखने की बात खारिज करते हुए कहा कि इस खतरे से निपटना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की साझा जिम्मेदारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि आतंकवाद से निपटने में चीन का रुख पहले की तरह तथा स्पष्ट है। लिन ने कहा कि आतंकवाद मानवता का साझा दुश्मन है और इससे लड़ना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की साझा जिम्मेदारी है।

# ईरान-इजराइल तनाव से घबराए भारतीय छात्र

## छात्रों ने भारत सरकार से निकासी की व्यवस्था करने का किया आग्रह, तेहरान के हवाई क्षेत्र बंद और उड़ानें निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान की राजधानी तेहरान के पास प्रमुख सैन्य और परमाणु स्थलों को निशाना बनाकर किए इजराइली हवाई हमलों के बाद वहां पढ़ रहे भारतीय छात्रों ने अपनी सरकार से निकासी की अपील की है।

तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज (टीयूएमएस) में कश्मीर की एमबीबीएस की द्वितीय वर्ष की छात्रा तबिया जहरा ने बताया, अभी स्थिति शांत है और हम सुरक्षित हैं, लेकिन हमें डर लग रहा है। हमला सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। यह चिंताजनक अनुभव था। जहरा ने कहा कि विवि के अधिकारियों ने छात्रों से मुलाकात की और उन्हें शांत रहने की सलाह दी, लेकिन उन्होंने स्पष्ट नहीं किया कि कौन से क्षेत्र सुरक्षित हैं। उन्होंने सुरक्षा स्थिति के बारे में अनिश्चितता और इंटरनेट व्यवधान के कारण सीमित संचार पहुंच का हवाला देते हुए भारत सरकार से निकासी की व्यवस्था करने का आग्रह किया।

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ की छात्रा अलीशा रिजवी ने कहा, दूतावास ने हमें आपातकालीन उद्देश्यों के लिए अपने स्थानीय पते और संपर्क विवरण ईमेल करने के लिए कहा है। वे निकासी की आवश्यकता होने पर आंकड़े एकत्र करने का प्रयास कर रहे हैं। दोनों छात्रा साढ़े पांच वर्षीय एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष में हैं। ये लोग 2023 में तेहरान थे। उन्होंने पुष्टि की कि हमलों के बाद तेहरान के हवाई क्षेत्र बंद कर दिए गए हैं और इमाम खुमैनी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानें निलंबित हैं। ईरान में गुरुवार देर रात तनाव उस वक्त बढ़ गया जब इजराइल ने ईरान में कई स्थानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किये, जिसमें नतांज में तेहरान की मुख्य परमाणु संवर्धन सुविधा, रडार स्टेशन और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल साइट शामिल थीं। जम्मू और कश्मीर छात्र संघ ने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को पत्र लिखकर ईरान में पढ़ रहे भारतीय छात्रों, विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर के छात्रों की सहायता के लिए तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। पत्र में, संघ ने उभरती सुरक्षा स्थिति पर कहा कि कई भारतीय छात्र रणनीतिक स्थलों के पास स्थित विश्वविद्यालयों में नामांकित हैं। जम्मू और कश्मीर छात्र संघ के राष्ट्रीय संयोजक नासिर खुहमी ने कहा कि कई छात्रों ने हवाई हमले के सायरन सुनने और झटके महसूस करने की सूचना दी है। हमें छात्रों और उनके परिवारों से सहायता का अनुरोध करते हुए कॉल आ रहे हैं।



इज़रायली हमलों से तेहरान के आवासीय परिसर में हुए विस्फोट के बाद घटनास्थल की सफाई करते अग्निशमन कर्मी और लोग।

### छात्रों को लेकर भारत चिंतित

इजराइल में कुछ महीनों में 12 हजार भारतीयों को काम के लिए भेजा गया है। इजराइल में 18-20 हजार भारतीय हैं। इनमें कई छात्र हैं। ईरान में भी 10 हजार से ज्यादा भारतीय हैं। इनको सुरक्षा देने की चिंता भारत की है। भारत के बयान से यह साफ है।

### चाबहार की प्रगति मुश्किल में

ईरान के चाबहार पोर्ट का निर्माण भारत की कूटनीतिक जरूरतों के हिसाब से महत्वपूर्ण है। पिछले हफ्ते नई दिल्ली में भारत व मध्य एशियाई वार्ता हुई है, जिसमें तजाखस्तान, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान के विदेश मंत्री आए हुए थे। ईरान व इजरायल के बीच युद्ध से यह योजना फिलहाल खटाई में पड़ सकती है।

### ईरान पर अप्रैल में ही थी हमले की योजना : नेतन्याहू



**यरूशलम।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुलासा किया कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ बड़े पैमाने पर सैन्य हमलों की अनुमति छह महीने पहले नवंबर 2024 में दे दी गई थी और शुरू में इन्हें अप्रैल 2025 के लिए निर्धारित किया गया था। इन हमलों को ऑपरेशन राइजिंग लॉयन नाम दिया गया है। हिब्रू में रिकॉर्ड किए भाषण में प्रधानमंत्री ने नागरिकों को ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी है। वहीं नेतन्याहू ने हमलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने के कूटनीतिक प्रयास के तहत कई वैश्विक नेताओं से बात की। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बयान अनुसार कल रात से अब तक नेतन्याहू ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सहित कई वैश्विक नेताओं से बात की है। वह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर से बात करेंगे। वैश्विक नेताओं ने ईरान की धमकी के मद्देनजर इजराइल की रक्षा जरूरतों के प्रति समझ दिखाई है।

### इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी: खामनेई



**यरुशलम।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने शुक्रवार को कहा कि उनके देश पर हमले के लिए इजराइल को कड़ी सज़ा दी जाएगी। ईरान की सरकारी सामाचार एजेंसी आईआरएनए ने खामनेई के बयान को जारी किया। इसने पुष्टि की कि हमले में सेना के शीर्ष अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गए हैं। खामनेई ने कहा कि उनके देश में हुए इस अपराध में इजराइल के शैतानी और रक्त-रंजित हाथ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल ने आवासीय इलाकों पर हमला करके अपनी दुर्भावनापूर्ण प्रकृति को उजागर किया है।

## ईरान की कार्रवाई पर अमेरिकी युद्धपोत पश्चिम एशिया रवाना



**वाशिंगटन।** इजराइल द्वारा ईरान के ठिकानों पर किये गए हमले के बाद खाड़ी देश की ओर से जवाबी कार्रवाई किये जाने की आशंका के मद्देनजर अमेरिका अपने युद्धपोतों सहित सैन्य संसाधनों को पश्चिम एशिया की ओर स्थानांतरित कर रहा है। अमेरिका के दो अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नौसेना ने विध्वंसक पोत यूएसएस थॉमस हडनर को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर बढ़ने का निर्देश दिया है तथा दूसरे विध्वंसक पोत को भी आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है, ताकि व्हाइट हाउस द्वारा अनुरोध किए जाने पर वे उपलब्ध हो सकें। पश्चिम एशिया में आम तौर पर 30,000 अमेरिकी सैनिक तैनात रहते हैं।

### युद्ध क्षेत्रों में इजराइली सेना तैनात

**दुबई।** इजराइल की सेना ने कहा कि उसने पूरे देश में सभी युद्ध क्षेत्रों में सैनिकों को तैनात करना शुरू कर दिया है, क्योंकि ईरान पर उसका हमला जारी है और वह जवाबी कार्रवाई को तैयार है। वह रक्षा और आक्रमण की तैयारी के तहत कई सैन्य इकाइयों से रिजर्व सैनिकों को बुला रही है।

### द्विपक्षीय मुद्दों में तीसरे का हस्तक्षेप अव्यावहारिक :जयशंकर

**मार्सिले (फ्रांस)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दो देश किसी मुद्दे में हस्तक्षेप स्वीकार करने को तैयार न हों, तो किसी तीसरे पक्ष का खुद को उसमें शामिल करना या कुछ करने की पेशकश अव्यावहारिक है। जयशंकर यहां पैनल चर्चा में बोल रहे थे। ईरान पर इजराइल के हमले के संदर्भ में पश्चिम एशिया में स्थिति में भारत की संभावित भूमिका पर उन्होंने कहा, भारत क्या कर सकता है? हमारे इजराइल और ईरान दोनों से अच्छे संबंध हैं। कई देशों की तरह हमने भी बयान जारी किया है।

# आप्रवासियों पर कार्रवाई के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन

ऑस्टिन, एजेंसी

● आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी का कर रहे विरोध

अमेरिका में आप्रवासियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई के विरुद्ध पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस सप्ताह के अंत में राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ बड़े पैमाने पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कई शहरों में अधिकारियों ने कमर कस ली है।

आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ हो रहे कई विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, हालांकि कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प की खबरें आई हैं। इस सिलसिले में सैंकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिलिस में अधिकारी आप्रवासन कानूनों को लागू करने के लिए तेजी से कदम उठा रहे हैं, जिसके खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड के 4000 सैनिकों और 700 नौसैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया है। संघीय न्यायाधीश के उस आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है, जिसमें ट्रंप से कहा गया था कि वह नेशनल गार्ड के सैनिकों की तैनाती का अधिकार कैलिफॉर्निया को वापस करें। न्यायाधीश ने कहा था कि सैनिकों की तैनाती अवैध है। व्हाइट हाउस ने कहा कि इससे हमारे बहादुर संघीय अधिकारियों के सामने खतरा पैदा होगा।

# ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के विदेश मंत्रियों के संपर्क में जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि वह अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और अपने कनाडाई तथा पुर्तगाली समकक्षों के संपर्क में हैं। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि विमान में सवार 241 लोग दुर्घटना में मारे गए। एक व्यक्ति बच गया है और उसका इलाज चल रहा है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा, अहमदाबाद विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी, पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के संपर्क में हैं। इस दुख की घड़ी में अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और पूरे सहयोग का आश्वासन दिया।

## अहमदाबाद विमान हादसा



### सिंगापुर, जापान और चीन ने व्यक्त की संवेदना

**सिंगापुर/तोक्यो/बीजिंग।** कई देशों के प्रधानमंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने भी विदेश मंत्री एस जयशंकर को शोक पत्र भेजा है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान की दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। इशिबा ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजे शोक संदेश में कहा कि दुर्घटना में कई लोगों की जान जाने की खबर सुनकर उन्हें गहरा दुख हुआ है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को संदेश भेजकर विमान दुर्घटना से हुए जानमाल के नुकसान पर संवेदना व्यक्त की।

### भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली हादसे में जान गंवाने वाली एकमात्र कनाडाई नागरिक

**ओटावा।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों में भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली पटेल भी हैं, जोकि इस उड़ान में एकमात्र कनाडाई नागरिक थीं। सीटीवी न्यूज टोरंटो ने बताया कि टोरंटो के एटोबिकोक में रहने वाली 32 वर्षीय निराली पटेल भारत में सामाजिक यात्रा से कनाडा वापस जा रही थीं, लेकिन दुर्घटना का शिकार हो गईं। इसमें कहा गया कि निराली के पति अपने एक वर्षीय बच्चे के साथ भारत जाने की योजना बना रहे हैं। निराली चार या पांच दिन के लिए भारत आई थीं।

### गूगल होमपेज पर दुर्घटना में जान गंवाने वालों की याद में काला फीता किया गया प्रदर्शित

**नई दिल्ली।** इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए अपने सर्च इंजन के होमपेज पर काले फीते की तस्वीर प्रमुखता से दर्शाई है। इस तस्वीर को सर्च बार के ठीक नीचे रखा गया है। फीते की छवि पर माउस घुमाने पर एक संदेश दिखाई देता है, विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों की याद में। अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुए इस विमान में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे।

संयुक्त राष्ट्र महासभा — स्पेन ने पेश किया प्रस्ताव, 19 देशों ने मतदान से किया परहेज जबकि 12 देश रहे खिलाफ

# गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव से भारत का किनारा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग वाले मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने परहेज किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्पेन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर मतदान हुआ। इस प्रस्ताव में तत्काल, बिना शर्त तथा स्थायी युद्धविराम और हमास तथा अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल तथा बिना शर्त रिहाई की मांग की गई।

भारत समेत 19 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया, जबकि 12 देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और पक्ष में 149 वोट पड़े। 'नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखना' शीर्षक वाले प्रस्ताव पर मतदान की व्याख्या में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि यह प्रस्ताव गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति की पृष्ठभूमि में लाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत गहराते मानवीय संकट से बहुत चिंतित है और नागरिकों की मौत की घटना की निंदा करता है।

हरीश ने कहा कि भारत पहले भी इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर प्रस्तावों से दूर रहा है। उन्होंने कहा कि आज मानना है कि संघर्षों को बातचीत और कूटनीति से ही हल किया जा सकता है। दोनों पक्षों को करीब लाने के लिए एक संयुक्त प्रयास किया जाना चाहिए। इन कारणों से हम इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहेंगे। प्रस्ताव में मांग की गई कि इजराइल तुरंत नाकाबंदी खत्म करे, सभी सीमा पार मार्ग खोले और यह सुनिश्चित करे कि अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय सिद्धांतों के तहत दायित्वों के अनुरूप गाजा पट्टी में फलस्तीनी नागरिकों तक तुरंत और बड़े पैमाने पर सहायता पहुंचाई जाए।



### पश्चिम एशिया में तनाव से फलस्तीन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन स्थगित

**पेरिस।** इजराइल और फलस्तीन के लिए द्वि-राष्ट्र समाधान पर अगले हफ्ते प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र के महत्वपूर्ण सम्मेलन को पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह जानकारी दी। फ्रांस और सऊदी अरब को 17 से 20 जून तक न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से आयोजित किए जाने वाले उच्च-स्तरीय सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करनी थी। मैक्रों उन नेताओं में हैं, जिन्हें इस सम्मेलन में हिस्सा लेना था। फलस्तीनी प्राधिकरण को उम्मीद थी कि यह सम्मेलन लंबे समय से बंद पड़ी शांति प्रक्रिया को बहाल करने में मददगार साबित होगा।

# न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

● अंबानी परिवार को जेड प्लस सुरक्षा दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका की खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वादी द्वारा बार-बार याचिका दायर करने पर उसे फटकार लगाई। साथ ही उद्योगपति मुकेश अंबानी तथा उनके परिवार के सदस्यों को प्रदान की गई 'जेड प्लस' सुरक्षा वापस लेने के अनुरोध वाली उसकी याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने कहा कि न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और मनमोहन की आंशिक कार्य दिवस वाली पीठ ने याचिकाकर्ता विकास साहा को इस मुद्दे पर एक के बाद एक तुच्छ और परेशान करने वाली याचिकाएं दायर करने के लिए चेतावनी दी और कहा कि यदि वह भविष्य में ऐसी याचिकाएं दायर करते हैं तो



अदालत उन पर जुर्माना लगाने के लिए बाध्य होगी।

साहा ने निस्तारित याचिका में एक आवेदन दायर कर फरवरी 2023 के आदेश के बारे में स्पष्टीकरण मांगा था, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा रद्द करने की उनकी याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि इस मामले में उनका कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने साहा के वकील से कहा, न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसा मत कीजिए। यह बहुत गंभीर मुद्दा है और हम आपको चेतावनी दे रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि यहां कोई सोने की खान है जिसे छीना जा सकता है और हम आपकी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए यहां हैं। यह एक पवित्र चीज है, चाहे वह कोई राजनीतिक व्यक्ति हो या कोई व्यवसायी, राज्य को जो भी एहतियात बरतना होगा, वह करेगा। पीठ ने वकील से भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट यह निर्णय नहीं कर सकता कि किसे क्या सुरक्षा दी जानी है तथा यह केवल केंद्र और राज्य का काम है, जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा विश्लेषण किए गए खतरे पर निर्णय लेते हैं कि क्या एहतियाती कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।